
अंक – 12 (मासिक) वर्ष – 19 जून, 2024 मूल्य 20/–

RNI-MPHIN/2005/14721
Po-Malwa Div/244/2023-25
Desp.02 June, 2024

अपनों के लिए अपनी पत्रिका

# श्री माहेश्वरी टाईम्स




वैवाहिक डायरेक्ट्री
श्री माहेश्वरी मेलापक 2024
का प्रकाशन प्रारंभ

Visit us @
srimaheshwaritimes.com

बात हम सबकी
सुने हर शनिवार

# Contemporary Range of Home Essentials, Crafted by Experts




**FANS | LIGHTING**
**APPLIANCES | SWITCHES**

Toll Free : 18001032676 | Email : customercare@rrglobal.com | Website: www.rrglobal.com | Follow us

अपनों के लिए अपनी पत्रिका

# श्री माहेश्वरी टाईम्स

RNI-MPHIN/2005/14721

अंक-12 जून 2024 वर्ष-19

प्रेरणास्रोत
**स्व. श्री बंशीलाल बाहेती**
**स्व. श्री मदनलाल पलौड़**

प्रबंध सम्पादक एवं निदेशक
**श्रीमती सरिता बाहेती**

सम्पादक
**पुष्कर बाहेती**

संरक्षक
**पद्मश्री बंशीलाल राठी (चैन्नई)**
**श्री जोधराज लड्ढा (कोलकाता)**
**श्री रामकुमार टावरी (दिल्ली)**

अतिथि सम्पादक
**अशोककुमार बाहेती, इचलकरंजी**

परामर्शदाता
**दिनेश माहेश्वरी (भूतड़ा) मुम्बई/इन्दौर**
**घनश्याम करनानी (कोलकाता)**

कला निदेशक
**अक्षय आमेरिया**

विधि सलाहकार
**राजेन्द्र ईनाणी, एडव्होकेट (बागली)**

सम्पादकीय सलाहकार
**बाबूलाल जाजू (भीलवाड़ा)**
**रामगोपाल मूंदड़ा (सूरत)**
**प्रो. कल्पना गगडानी (मुम्बई)**

कार्यालय-
90, विद्या नगर (टेड़ी खजूर दरगाह के पीछे),
साँवेर रोड, उज्जैन-456010 (म.प्र.)
Phone : 0734-2526561, 2526761
Mobile : 094250-91161
e-mail : smt4news@gmail.com

स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक एवं मुद्रक श्रीमती सरिता बाहेती द्वारा ऋषि ऑफसेट, श्री माहेश्वरी भवन, गोलामण्डी, उज्जैन (म.प्र.) से मुद्रित एवं प्रकाशित।

- श्री माहेश्वरी टाईम्स में प्रकाशित सभी लेखों के विचारों पर सम्पादक/प्रकाशक की सहमति हो, यह आवश्यक नहीं है।
- सभी प्रसंगों का न्यायक्षेत्र उज्जैन (म.प्र.) होगा।

**Sri Maheshwari Times**
- PNB A/c. No. : 0459002100043471
  IFSC- PUNB0045900
- ICICI A/c. No. : 03005001198
  IFSC- ICIC0000300

**Tariff of Membership**
Rs. 900/- for Three years
Rs. 3500/- for Life Time (12 Years)

**श्री माहेश्वरी टाईम्स की विनम्र अपील**



समाज के उत्पत्ति दिवस 'श्री महेश नवमी' की पूर्व संध्या पर अपने आवास एवं प्रतिष्ठान पर एक

**दीपक**

समाज की एकता, अखण्डता व गरिमा के नाम अवश्य लगायें।

महेश नवमी के शुभ अवसर पर समस्त स्वजनों को हार्दिक मंगलकामनाएं

**श्री माहेश्वरी टाईम्स परिवार**

विचार क्रान्ति

## महाभारत में गायत्री

महाभारत में महायुद्ध से ठीक एक दिन पूर्व अंधे राजा धृतराष्ट्र ने अपने सारथी संजय से पूछा कि 'आखिर इस पृथ्वी में ऐसा क्या है, यह क्यों इतनी महत्वपूर्ण है कि राजा इस पर अधिकार के लिए आपस में युद्ध करते हैं? उत्तर में संजय ने पृथ्वी का महात्म्य बताते हुए कहा कि 'इस पर स्थावर-जंगम सहित कुल 19 प्रकार के प्राणी निवास करते हैं। इन 19 में पाँच महाभूतों को मिलाकर कुल 24 होते हैं। गायत्री मंत्र के भी 24 अक्षर हैं, अतः यह सम्पूर्ण पृथ्वी साक्षात् गायत्री हैं। इसी कारण इस पर अधिकार के लिए अनन्तकाल से परस्पर युद्ध होते आए हैं।

ध्यान रहे, गायत्री कोई देवी नहीं है। वह सृष्टिकर्ता ब्रह्मा के ज्ञान की चेतनाशक्ति हैं। यह ज्ञान चार प्रकार का है जो चार वेदों के रूप में अभिव्यक्त हुआ है। गायत्री इस ज्ञान को प्रकट करने वाली शक्ति है, अतः वेदमाता है। गायत्री मंत्र हैं, छंद है, चेतना है, शक्ति है और सद्ज्ञान है। गायत्री चार वेदरूपी अपने चार पुत्रों के माध्यम से लोक को धर्म, अर्थ, काम व मोक्ष का संदेश देती है, इस कारण सर्वथा मंगलमयी और कल्याणकारी हैं।

यह पृथ्वी गायत्री स्वरूपा हैं, इसका आशय है, इस पर रहने वाले मनुष्य, पशु, पक्षी सहित जीवित प्राणी ही नहीं अपितु वृक्ष, पर्वत, नदी तक चैतन्य हैं। घास का तिनका तक गायत्री है और गायत्री के रूप में देवत्व का प्रतीक होकर पूज्य है।

यही गायत्री मंत्र का मूल भाव है। जो कहता है कि 'ॐ भूर्भुवः स्वः तत्सवितुर्वरेण्यं भर्गो देवस्य धीमहि धियो यो नः प्रचोदयात्।। अर्थात 'उस प्राणस्वरुप, दुःखनाशक, सुखस्वरूप, श्रेष्ठ, तेजस्वी, पापनाशक, देवस्वरूप परमात्मा का हम ध्यान करें. वह परमात्मा हमारी बुद्धि को सन्मार्ग में प्रेरित करे।

साधो! पृथ्वी और पंचमहाभूतों समेत इस पर निवासरत सभी 19 प्रकार के प्राणियों के जीवन और पवित्रता की रक्षा की सन्मार्ग है। धृतराष्ट्र के प्रश्न और संजय के उत्तर में छुपा सन्देश यह है कि हम पृथ्वी को गायत्री स्वरूप स्वीकार कर उसका आदर करें। पृथ्वी को गंदा न करें, नदियों को प्रदूषित न करें। गायत्री रूप वृक्षों की रक्षा करें, उनका रोपण व पोषण कर गायत्री की वास्तविक उपासना करें।

■ डॉ. विवेक चौरसिया

सम्पादकीय

# खुशियों के पल अपनों के संग

हमारा माहेश्वरी समाज अपना उत्पत्ति पर्व महेश नवमी मनाने जा रहा है। सभी स्वजनों को इस पावन पर्व की बहुत-बहुत शुभकामनाऐं तथा समाज की एकता व उसके चहुँमुखी विकास की भगवान महेश से मंगल कामना करता हूँ। वर्तमान में माहेश्वरी समाज विश्व के सबसे सम्मानीय समाज में से एक है। उसे इस गौरव तक पहुँचाने वाले हमारे समाज के उन पूर्वजों को भी मैं करबद्ध नमन करता हूँ, जिनके आदर्श, जिनके उत्साह व मार्गदर्शन ने समाज को इस प्रगति के पथ की ओर अग्रसर किया और हमें यह गौरव दिलवाया।

महेश नवमी वह पावन अवसर है, जिस दिन हमारे पूर्वजों ने भगवान महेश की कृपा व प्रेरणा से शस्त्र त्यागकर क्षत्रिय से वैश्य धर्म अंगीकार किया था। इस पौराणिक मान्यता के कारण हम इस पर्व को सामाजिक रूप से प्रतिवर्ष उत्साह के साथ मनाते आ रहे हैं। वैसे तो इस पर्व पर समाज संगठन अपने-अपने स्तर पर भव्य आयोजन करने का पूरा प्रयास करते हैं, फिर भी हमारा उत्पत्ति पर्व परम्परागत त्योहार दीपावली, दशहरा, होली आदि की तरह भव्य रूप नहीं ले पाया। अभी भी इसकी पहुँच समाज के घर-घर में न होकर समाज संगठनों तक ही सीमित होकर रह गई है। इसके लिये हर समाजजन को संकल्पित होना होगा, हम हमारे उत्पत्ति पर्व को इस तरह गरिमामय ढंग से घर-घर में मनाऐं कि हर कोई देखता रह जाऐ। संकल्प लें कि इस बार भगवान महेश के सम्मान स्वरूप अपने द्वार पर दीपक अवश्य ही जलाऐंगे। इसके साथ मिठाई आदि का भी भेंट स्वरूप आदान-प्रदान कर इस पर्व को विशिष्ट स्वरूप दें। याद रखें समाज का यह उत्पत्ति पर्व हमारा है, तो इसे सम्मान दिलवाने की शुरुआत भी तो हमें ही करनी होगी। जब हम इसे सम्मान व महत्व देंगे तभी तो दूसरे देंगे।

यह महापर्व हमारी सामर्थ्य व एकता की अभिव्यक्ति का भी है। समाज में मतभेद के कई परस्पर कारण हो सकते हैं। ये होना स्वाभाविक भी हैं, क्योंकि हर व्यक्ति के अपने विचार होते हैं, लेकिन अपने इन मतभेदों को मनभेद न बनने दें। याद रखें यह पर्व हमसे हमारी एकता का प्रमाण भी मांगता है। जिस तरह भगवान महेश के परिवार में भिन्न-भिन्न स्वभाव के सदस्य एक साथ रहते हैं, वैसे ही इस पावन पर्व पर हम भी अपने मतभेदों को एक तरफ रखकर इस तरह सिर्फ ''महेशमय'' हो जाऐं कि हममें कोई भेद ही न बचें। जब हम ऐसा करने में सफल होंगे तो निश्चय ही हमारी एकता व शक्ति के सामने हर संगठन शक्ति नत-मस्तक होगी, चाहे वह कोई राजनीतिक शक्ति ही क्यों न हो। इसके साथ ही संपूर्ण समाज और संगठनों को समाज की घटती जनसंख्या पर भी चिंतन करना होगा। यदि इसी तरह जनसंख्या घटती रही तो हम अल्पसंख्यक से दुर्लभ जाति के सदस्य बनकर विलुप्ति की ओर बढ़ जाऐंगे। ऐसे में हमें हम दो हमारे दो के स्थान पर हम दो हमारे तीन की ओर बढ़ना चाहिये और इसे संगठन द्वारा प्रोत्साहन भी दिया जाना चाहिये। ऐसी पहल के लिये अ.भा. माहेश्वरी सेवा सदन प्रशंसा का पात्र है, जो ऐसी महिलाओं का सम्मान कर रहा है। इस अंक में विगत दिनों ''लोकमत मरूधर पुरस्कार'' से सम्मानित हुए ख्यात व्यवसायी आर.ए क्रॉफ्ट पेपर्स प्रा.लि. के संचालक श्री रमेश गाँधी का प्रेरक आलेख भी समाहित किया गया है। इस सम्मान के लिये श्री माहेश्वरी टाईम्स श्री गाँधी का अभिनंदन करती है।

यह अंक अपनी परम्परानुसार ''महेश नवमी विशेषांक'' के रूप में समाज को समर्पित है। इसमें विभिन्न स्थायी स्तम्भों के साथ इस बार समाज से सम्बंधित जानकारियों पर आधारित तथ्यपूर्ण आलेखों का प्रकाशन किया गया है, जो इसे निश्चय ही संग्रहणीय बनाऐंगे। अपनी प्रतिक्रिया से अवश्य ही अवगत करवाऐं। जय महेश!



**पुष्कर बाहेती**
सम्पादक

## अतिथि सम्पादकीय

इचलकरंजी निवासी अशोक कुमार बाहेती अपने उद्योग, व्यवसाय के साथ-साथ सामाजिक कार्यों तथा आध्यात्मिक क्षेत्र से भी पूर्ण सक्रियता के साथ जुड़े हुए हैं। आप पॉवरलूम तथा ऑटो इंडस्ट्रीज के साथ-साथ गारमेंट के क्षेत्र में भी आशातीत सफ़लता की और आगे बढ़ रहे हैं। श्री बाहेती का जन्म 23 जुलाई 1962 को राजस्थान के ग्राम हरसोर (जिला नागौर) में श्री कन्हैयालाल एवं श्रीमती सोहनीदेवी बाहेती के यहाँ हुआ। परिवार से व्यापार, धार्मिक तथा सेवा कार्यो से जुड़ने की प्रेरणा मिली। स्कूल, कॉलेज की सभी कक्षाओं में टॉपर रहने के साथ-साथ राजस्थान यूनिवर्सिटी में भी लगातार मेरिट में स्थान बनाया। महाराष्ट्र प्रदेश माहेश्वरी युवा संगठन मे कार्य करते हुए सर्वश्रेष्ठ राष्ट्रीय सचिव होने का गौरव प्राप्त हुआ। वर्तमान में अ.भा. माहेश्वरी महासभा मे संस्कार समिति संयोजन तथा सेवा सदन पुष्कर के अंतर्गत अयोध्या मे प्रस्तावित निर्माण में सक्रिय भूमिका निभा रहे हैं। अपने पैतृक ग्राम हरसोर के लिए भी कन्हैयालाल बाहेती चेरिटी ट्रस्ट के माध्यम से विभिन्न सेवा प्रकल्पो के लिए सदैव तत्पर है, अभी हाल ही में हरसोर माहेश्वरी प्रवासी सम्मेलन के आयोजन में आपकी प्रमुख भुमिका रही, जिसमें 300 समाज बन्धुओं और समाज के सभी शीर्ष पदाधिकारियों ने उपस्थित रहकर आयोजन को बहुत ही सुंदर रूप प्रदान किया। पॉवरलूम क्लाथ यार्न मर्चंट एसोसियेशन में सचिव पद पर कार्य करते हुए तत्कालीन वित्त मंत्री अरुण जेटली से मिलकर टेक्सटाईल सेक्टर में जीएसटी नियमों के सरलीकरण तथा रेल्वे सुविधाओं हेतु विशेष प्रयास किया। वर्तमान में इचलकरंजी में एक्सपोर्ट हाऊस के लिए प्रयास कर रहे हैं।



# आओ, जीवन बनायें सार्थक....

मानव जीवन प्रकृति द्वारा प्रदत्त एक अनुपम भेंट है...ऐसे अनमोल जीवन को प्रेरणास्पद बनाने वाले कुछ ही व्यक्तियों ने ईश्वर की कृपा और इस मानव शरीर के गुण को समझा है, और अपने जीवन को सार्थकता प्रदान की है। अपने जीवन को सुन्दर स्वरूप प्रदान करने हेतु सबसे महत्वपूर्ण बात यह है कि अपने विचार अच्छे रखने होंगे, विचारों के अनुरूप ही हमारी आदते और कार्य शैली बनती है। आपसी स्नेह, मृदुवचन, मिलनसारिता, सहयोग की भावना आदि सद्गुणों से ही जीवन चरित्र का निर्माण होता है, तथा जीवन चरित्र के प्रमाण से ही परमात्मा की अनुकम्पा होती है और हम सफलता की ओर अग्रसर हो पाते हैं..

वर्तमान मे युवा पीढ़ी स्वकेन्द्रित विचार शैली की और बढ़ रही है, मेरा जीवन - मेरा अधिकार (My Life- My decision) की बात होने लगी है, जो सामाजिक और पारिवारिक परिपेक्ष मे सही नहीं है। हमारा जीवन, हमारा शरीर हमारे अकेले का नहीं है, व्यक्तित्व निर्माण में स्वयं के साथ साथ परिवार, समाज, राष्ट्र, सभी का योगदान रहता है। तो हमें जीवन के महत्वपूर्ण निर्णय अपने दृष्टिकोण के साथ ही सबके प्रति उत्तरदायित्व की भावना रखते हुए लेने चाहिए।

सफल जीवन के मापदण्ड क्या हैं? व्यावसायिक कार्यो मे परिश्रम करके बहुत सारा धन अर्जित कर लेना, ऊंचे पदो पर आसीन हो जाना, समाज मे नाम रोशन हो जाना आदि बाते सफ़लता के सोपान अवश्य हो सकते हैं, परन्तु जीवन के पूर्ण सफलता के आयाम इससे अलग हैं। व्यवसाय की गतिविधियों के साथ-साथ परिवार, समाज, आध्यात्म तथा अपने स्वास्थ्य की ओर भी पूरा पूरा ध्यान देना आवश्यक है। TIME MANAGEMENT के माध्यम से समय का सदुपयोग करने की कला आत्मसात करनी होगी... ताकि सभी क्षेत्रों मे हमारी सहभागिता बनी रहे। जब हम हमारी इंडस्ट्रीज या व्यापार को 100 वर्ष तक चलाने की बुनियाद रखते है, तो फिर शरीर को स्वस्थ रख कर लंबे समय तक जीने की आकांक्षा क्यों नहीं रख सकते? इसके लिए आहार, विहार, प्राकृतिक चिकित्सा केंद्र, योग, ध्यान, प्राणायाम आदि द्वारा शरीर को स्वस्थ बनाये रखने का संकल्प लिया जाना चाहिए। जीवन को कोल्हू का बैल ना बनाते हुए अपनी दिनचर्या मे मनोरंजन, खेल, पिकनिक, मित्र मंडली सभी का स्थान होना चाहिए, ताकि हम सदैव खुशहाल रह सके।

जब हम कहते है कि चार युगों मे एक बार ही मानव जीवन मिलता है, तो आत्मा का कल्याण भी तो इसी जनम में करना है। सही भक्ति मार्ग का चयन करके सुख - दुख, जनम-मरण से छुटकारा पाने की ओर बढ़ना होगा। संत जनों का सत्संग या महापुरुषों के सान्निध्य में रहकर निश्चय ही हम इस संसार रूपी भवसागर से पार हो सकते हैं।

अंत में यही कहना चाहूंगा कि व्यावसायिक सफलता के साथ साथ पारिवारिक, सामाजिक, आध्यात्मिक आदि सभी क्षेत्रों में आनुपातिक समय देकर अपनी जीवात्मा का कल्याण कर लेना ही मानव जीवन की पूर्ण सार्थकता है। समाजोत्पत्ति के पावन पर्व की भी मैं समस्त समाजजनों को बहुत-बहुत बधाई और शुभकामनाऐं देता हूँ तथा समाज के चहुंमुखी विकास की भगवान महेश से कामना करता हूँ।

**अशोककुमार बाहेती, इचलकरंजी**
अतिथि सम्पादक



# श्री भेंसादपाड़ा माताजी

■ टीम SMT

**श्री भेंसाद पाड़ा माताजी जिन्हें भेंसादश्री या भेंसाद माताजी भी कहा जाता है, माहेश्वरी समाज की आगीवाल, आगाल खाँप एवं चन्द्रास गौत्र की कुलदेवी हैं।**

इन्दौर-अजमेर अथवा रतलाम-अजमेर मार्ग के महत्वपूर्ण स्टेशन नीमच सिटी में स्टेशन से लगभग 4 किमी. की दूरी पर मीणा मोहल्ला में माताजी का मन्दिर स्थित है। ऐसी प्रचलित मान्यता है कि मन्दिर का निर्माण भी नीमच शहर के स्थापत्य काल ही है। मान्यता के अनुसार माताजी की उत्पत्ति अक्टूबर 1984 में हुई थी। माहेश्वरी मोहल्ला, नीमच सिटी के नन्दलाल आगीवाल को भोरकाल में माताजी ने लाल वस्त्रों में दर्शन दिये और कहा था कि वे नीमच में प्रकट होंगी। नन्दलाल ने प्रातः ही अपना स्वप्न परिजनों व अन्य आगीवाल बन्धुओं तक पहुंचाया। मन्दिर जो मीणा मोहल्ला में स्थापित था जीर्णोद्धार की कार्य योजना निर्मित की जाने लगी मात्र एक माह के पश्चात ही नवबंर 1984 में ही जीर्णोद्धार कार्य आरंभ हो गया। स्वप्न साकार हुवा व पत्थर की प्रतिमा के रूप में माँ भेंसाद श्री खुदाई के दौरान ही प्रकट हो गई। आगीवाल बन्धुओं द्वारा फरवरी 1985 में ही मन्दिर की जीर्णोद्धार कार्य पूर्ण कर लिया गया।

**विशेष आयोजनः** मन्दिर का वातावरण अत्यन्त सुरम्य है। आस्था व श्रद्धा के साथ स्थानीय लोग प्रतिदिन दर्शन, पूजन व आरती में भाग लेते हैं। दोनों नवरात्रि में नो दिनों तक घट स्थापना के पश्चात् विभिन्न पूजन तथा अष्टमी को हवन, धूप, भोग आदि कार्य नियमित आरती के साथ सम्पन्न होते हैं। एक अन्य जानकारी के अनुसार डीडवाना, खेजड़ला व पुरानी दिल्ली में भी माताजी का स्थान है। नीमच शहर में ठहरने के प्रत्येक स्तर के अनेक स्थान हैं।

**कैसे पहुँचेः** रतलाम (म.प्र.) से चित्तौड़गढ़ (राज.) के मध्य पश्चिम रेल्वे के महत्वपूर्ण सीमावर्ती स्टेशन नीमच सिटी में स्टेशन से 4 किमी व बस स्टेण्ड से डेढ़ किमी की दूरी पर स्थित मंदिर के लिए दोनों स्थानों से ऑटो रिक्शा व अन्य सुलभ साधन हैं। रतलाम व चित्तौड़गढ़ की ओर से सड़क मार्ग पर बस सुविधा हर समय उपलब्ध रहती है।

# महेश नवमी की हार्दिक शुभकामनाएं

॥ जय महेश ॥

## गंगाराम चाँदमल तोतला

'श्री नरसिंग निवास' 3-5-45, जागृति कॉलेज के सामने, रामकोट, हैदराबाद – 500 095

फोन : +91 9849022503



55th anniversary

**55 Years of Dedicated Service**



*Terms And Conditions Get a Coupon on every purchase above Rs. 5000

Estd. for more than 5 Decades now

50+ Stores | 50+ Brands | Irresistible Collection | Prompt After Sale Services

KWC Estd. 1969

**Kamal Watch Co.**

Sales & Service

FLAGSHIP STORE ▸ JUBILEE HILLS

HYDERABAD | SECUNDERABAD | VISHAKAPATNAM | VIJAYAWADA | GUNTUR
KURNOOL | KAKINADA | RAJAHMUNDRY | BHUBANESWAR | NAGPUR | INDORE

CONTACT NO.: 9169167676

Corporate Office : 8-2-293/82/a/1103, 2nd Floor, Road No. 36, Near Peddamma Temple Circle, Jubilee Hills, Hyderabad, 500033

BAJAJ FINSERV EMI facility also available    Follow us on    Shop Online www.kamalwatch.com

With Best Compliments From

# Your Preferred Packaging Solution Provider



A wide range of

## Corrugated Cartons
## &
## Die punching items

For all of your needs



## Sanx Corropackaging Private Limited


Address : 14-6-407/a, First floor, Begum Bazar,
Hyderabad, Telangana, Bharat - 500012
Contact : 9666675008, 9666674008
Email : sales@sanxcorropackaging.com


**With Best compliments from Vijayshri Agro Chemicals Private Limited, Hyderabad**

## समाज सतत प्रगति करे



मुझे यह जानकर अत्यंत प्रसन्नता हो रही है कि समाज अपना उत्पत्ति पर्व महेश नवमी 21 जून को मनाने जा रहा है। इस पावन अवसर पर समाज की शीर्ष पत्रिका श्री माहेश्वरी टाईम्स महेश नवमी विशेषांक का प्रकाशन कर रही है। यह पर्व मुख्य रूप से भगवान महेश (महादेव) और माता पार्वती की आराधना को समर्पित है। भगवान महेश और माता पार्वती की कृपा से माहेश्वरी समाज की उत्पत्ति हुई इसलिए भगवान महेश व माता पार्वती को माहेश्वरी समाज के संस्थापक मानकर माहेश्वरी समाज में यह उत्सव माहेश्वरी वंशोत्पत्ति दिवस के रूप में बहुत ही भव्य रूप में मनाया जाता है। इस अवसर पर मेरी कामना है कि माहेश्वरी समाज दिन-प्रतिदिन प्रगति की ओर अग्रसर हो एवं भारतीय समाज में अपनी एक अलग पहचान कायम रखें।

**पद्मश्री बंशीलाल राठी**

पूर्व सभापति, अखिल भारतीय माहेश्वरी महासभा

## अब अयोध्या में भी सेवासदन



समस्त स्वजनों को इस पावन पर्व की हार्दिक-हार्दिक शुभकामनाएं देते हुए अपनी गौरवशाली संस्कृति को अक्षुण्य रखने की अपील करता हूं।

मानवता की सेवा करना यह माहेश्वरी समाज की संस्कृति है। अभा माहेश्वरी सेवा सदन पुष्कर भी हमारी इसी सेवा भावना का साकार स्वरूप है, जो सतत रूप से समाजजनों को घर की सी आवास सुविधा उत्पन्न करवाता रहा है। समाज की भावनाओं के अनुरूप वर्तमान में सेवा सदन अयोध्या में भी भव्य भवन का निर्माण करने जा रहा है। इन सेवा भवनों के कायाकल्प में भी सहभागी बनने की मैं समस्त समाजजनों से अपील करता हूं। याद रखें आपका यह सहयोग इस सेवा के महायज्ञ में एक पावन आहुति होगा।

**रामकुमार भूतड़ा**

अध्यक्ष-अ.भा. माहेश्वरी सेवा सदन, पुष्कर

## सेवाभावना को कायम रखें



महेश नवमी पर्व की सभी को हार्दिक शुभकामनाएं और सभी के चहुंमुखी विकास की भगवान महेश से मंगल कामना।

यह पावन पर्व अपने अतीत के स्मरण का भी पर्व है। याद रखें हमारे पूर्वजों ने हमेशा धन का सदुपयोग किया। कभी उसे निरर्थक के दिखावे में खर्च नहीं किया। अतः इस पावन अवसर पर शपथ लें कि दिखावे में धन का अपव्यय न कर इसे देश व समाज के उत्थान में व्यय करेंगे। याद रखें हमारे समाज की कीर्ति का आधार स्तंभ ही हमारी सेवा भावना है, जिसे हमें कायम रखना है।

**आनंद राठी**

चेयरमेन, आनंद राठी ग्रुप, मुंबई

## संस्कृति ही हमारी शक्ति



सभी स्वजनों को समाज के उत्पत्ति पर्व महेश नवमी की हार्दिक शुभकामनाएं और समाज के सर्वांगीण विकास की भगवान महेश से कामना।


माहेश्वरी समाज वर्तमान में विश्व के श्रेष्ठतम समाजों में से एक है और इसका श्रेय जाता है, समाज की आदर्श संस्कृति व उच्च परंपराओं को। आईये इस पावन पर्व पर संकल्प लें कि हम हर हाल में अपनी संस्कृति व अपनी परंपराओं को अक्षुण्य रखेंगे, उसकी रक्षा करेंगे, क्योंकि यही हमारी पहचान है और विकास का आधार भी।

**जोधराज लड्ढा**

पूर्व सभापति

अखिल भारतीय माहेश्वरी महासभा

## समाज के लिये कुछ अच्छा करने का लें संकल्प



समजोत्पत्ति पर्व की समस्त स्वजनों को बहुत-बहुत शुभकामनयें। इस पर्व के अवसर पर उत्सव मनाने के साथ-साथ हम सभी ने मिलकर, वर्तमान परिस्थितियों में बढ़ रही सामाजिक समस्याओं पर चिंतन करना चाहिए। समाज की घटती जनसंख्या, बढ़ते तलाक के मामले, बढ़ते अन्तर्जातीय विवाह, इन समस्याओं से समाज को बचाना यह हमारे सामाजिक जिम्मेदारी का हिस्सा है। हम सभी जानते है कि पहले से ही माहेश्वरी समाज की जनसंख्या भारत की जनसंख्या में नाममात्र है, उसमे हर साल और भी कमी हो रही है। यदि ऐसे ही चलता रहा तो वो दिन दूर नहीं जब समाज का अस्तित्व संकट में आ जाएगा। 'हम दो-हमारे दो' और 'बच्चा एक ही अच्छा' इस तरह की विचारधारा से बाहर आकर 'बच्चे दो से अधिक अच्छे' इस विचारधारा को अपनाना चाहिए, जिससे समाज की जनसंख्या बढ़ सकेगी। सही उम्र में बच्चियों का विवाह हो जाता है तो वे आसानी से अपने परिवार के अनुसार ढल जाती है, जिससे परिवार विग्रह की समस्याएं कम हो जाएगी और इन वजह से होने वाले तलाक भी बंद हो जायेंगे। हमारे बेटे-बेटियों को शादी दूसरे समाज में होने देने पर पूरी तरह से रोक लगा देनी चाहिए। तो आईये, इस पर्व पर चिंतन कर अपने समाज के लिये कुछ अच्छा करने का संकल्प लें।

**त्रिभुवन काबरा**

पूर्व उपसभापति, अखिल भारतीय माहेश्वरी महासभा

## जरुरतमंदों को खुशियां बांटे



महेश नवमी हमारे समाज की उत्पत्ति का पावन दिवस है। 'कहते हैं कि खुशियां बांटने से दोगुना हो जाती हैं'। तो आइये इस महेश नवमी पर हम भी एक नई पहल करते हैं जिस तरह हम अपने जन्मदिवस पर जरूरतमंदों को उनके उपयोग में आने वाली वस्तुएं उपहार स्वरूप देते हैं। महेश नवमी भी हमारे समाज की उत्पत्ति का दिवस है। आपसे अनुरोध है कि आपके पास जो भी अनुपयोगी है या जिसे आप सहर्ष देने में आनंद महसूस करें, अपने हाथों से किसी जरूरतमंद को दीजिये और उसकी आंखों में खुशी की चमक की अनुभूति कीजिए।

जय महेश!

**श्याम जाजू**

पूर्व राष्ट्रीय उपाध्यक्ष, भाजपा

## युवा पीढ़ी को समाज से जोड़ें



महेश नवमी पर्व की सभी स्वजनों को शुभकामना देते हुए मैं आत्मचिंतन का भी अनुरोध करना चाहूंगा। यह पावन पर्व आत्मचिंतन का पर्व ही है कि हम चिंतन कर सकें, अपने आदर्शों पर हम कितने कायम हैं? हमारी शक्ति हमेशा हमारा संगठन व हमारी एकता रही है, लेकिन यह दुर्भाग्य है कि आज की युवा पीढ़ी समाज संगठन से दूर हट रही है। अतः आवश्यकता है यह सोचने की कि आज की युवा पीढ़ी ही समाज का भविष्य है, यदि वह समाज से ही दूर होती गई तो समाज का भविष्य क्या होगा?

**अशोक सोमानी**

पूर्व उपसभापति

अखिल भारतीय माहेश्वरी महासभा

## राजनीति में भी आऐ अच्छे लोग



समस्त समाजजनों को समाज के उत्पत्ति पर्व की बहुत - बहुत शुभकामनाएं। इस पावन अवसर पर मैं समाज से राजनीति में भी अपने सक्रिय योगदान की अपील करता हूं। यह वर्तमान दौर की आवश्यकता भी है और देश की राजनीति की मांग भी। मात्र राजनीति को काजल की कोठरी कहने से कुछ नहीं होगा। हमें इसे उज्जवल बनाना होगा। इसके लिए जरूरी है कि राजनीति में अच्छे लोग अधिक से अधिक शामिल हों।

**रामअवतार जाजू**

पूर्व अध्यक्ष-

माहेश्वरी बोर्ड अ.भा. माहेश्वरी महासभा

## सभी तक पहुँचे संगठन



महेश नवमी पर्व माहेश्वरी वंशोत्पति दिवस के साथ-साथ हमारे लिए एक सामाजिक चिंतन का पर्व है। उत्सव एक माध्यम है समाज के लोगों तक पहुंचने का और हमें इस अवसर का लाभ उठाते हुए समाज के प्रत्येक वर्ग के लोगों तक पहुंचना चाहिए और अधिक से अधिक लोगों को हमारे साथ जोड़ना चाहिए। हमें संगठन शक्ति के माध्यम से हमारे समाज को आगे लाने का भागीरथ कार्य करना है। इसके लिए हमें वो सारे सामाजिक परिवर्तन करने के लिए तैयार रहना चाहिए जिनसे हमारी पारंपरिक एवं मूलभूत सामाजिक व्यवस्था पर कोई असर न पड़े। यह भागीरथ कार्य मुश्किल है, पर असंभव नहीं।

**श्याम सुन्दर राठी**
आणंद
कार्यसमिति सदस्य
अखिल भारतवर्षीय माहेश्वरी महासभा

## मिलजुल कर करें समाजहित में कार्य



महेश नवमी पर्व की हार्दिक शुभकामनाएं। याद रखें महेश नवमी का दिन हमारे लिए एक सामाजिक चिंतन का पर्व है। हमारे समाज में जब सेवा, स्नेह, समन्वय, सौहार्द्र, सहयोग, सामंजस्यता, सद्भाव व सहभागीता की भावना के साथ कंधे से कंधा मिलाकर काम करेंगे तभी सहज आनंद की अनुभूति होगी। सामाजिक संगठन की सफलता उसी में मानी जाएगी जब ये समाज के हर सदस्य में समाज के प्रति आस्था का भाव कायम रखवा सकें। सामाजिक संगठन का प्रथम उद्देश्य समाज की नींव को मजबूत करना, इसके हर सदस्य, हर परिवार को सशक्त बनाना है। अगर इस दिशा में कोई कमी नजर आए, तो उसे दूर करनी होगी। पारिवारिक संबंधों की महत्ता को जागृत करवाना एवं संबंधों को मधुर बनाए रखना भी जरूरी है। ऐसा होने से हम आपस में न केवल सुरक्षित ही महसूस करेंगे, बल्कि हमारी शक्तियों को अच्छे कार्यों के लिए एवं विकास के लिए बचा पाएंगे।

**कमल किशोर चांडक**
पूर्व संयुक्त मंत्री, अ.भा. माहेश्वरी महासभा

## सभी को साथ लेकर चलें



समय के साथ हमारे जीवन के मूल्य भी बदल रहे हैं। परंपरा और सनातन संस्कृति पर पाश्चात्य संस्कृति हावी होती जा रही है। सादा जीवन उच्च विचार की मानसिकता की जगह बदलते जीवन मूल्यों के कारण आडंबर, दिखावा व प्रतिस्पर्द्धा का दंश समाज के हर वर्ग को प्रभावित कर हर रहा है। संत तुलसीदासजी ने कहा है कि - मुखिया मुख सो चाहिए खान पान को एक, पाले पोसे सकल अंग तुलसी सहित विवेक। यह पंक्तियां न केवल परिवार के प्रमुख सदस्य के लिए अपितु समाज के उत्थान और कल्याण के लिए कार्य करने वाले हर कार्यकर्ता एवं नेतृत्व देने वाले के लिए भी प्रासंगिक है। समाजसेवा से जुड़ने के लिए 'मैं' का त्याग एवं 'हम' का प्रयोग अनिवार्य है। माहेश्वरी समाज के जात्योत्पत्ति के पर्व पर हम सब यह संकल्प लेकर आगे बढ़ें कि समाज हित में निष्ठापूर्वक समता के भाव के साथ सबको साथ लेकर सर्वांगीण विकास के लिए समर्पित सार्थक प्रयास करेंगे।

**रामगोपाल मूंदड़ा**
पूर्व उपसभापति -अ.भा.माहेश्वरी महासभा

## समाज व राष्ट्र की प्रगति में दें योगदान



माहेश्वरी समाज के उत्पत्ति दिवस महेश नवमी के मंगलमय अवसर पर सभी को बहुत-बहुत बधाई और हार्दिक शुभकामनाएं।

महेश नवमी का यह पर्व सामूहिक शुभ संकल्पों और चिंतन का पर्व भी है। आइए इस पर्व पर हम सभी आराध्य देव से प्रार्थना करें, वह हम सभी को इतनी शक्ति दें कि हम अपने संकल्पों को पूर्ण कर सकें और समाज के विकास व समाज हित के कार्यों में सहभागी बन सकें। हम शैक्षिक, आर्थिक, सामाजिक, सांस्कृतिक एवं राजनीतिक व्यवस्थाओं और मान्यताओं के प्रति सतत चिंतनशील रहें ताकि हम समाज के गौरव में वृद्धि करते हुए राष्ट्र की समग्र प्रगति में अपना वास्तविक योगदान दे पायें।

**कमल गांधी**
संरक्षक 'समन्वय' कोलकाता

## जरूरतमंदों को बनायेंगे समर्थ



महेश नवमी के पावन पर्व पर समस्त माहेश्वरी बंधुओं को हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं। मैं भगवान महेश से मंगलकामना करता हूं कि समाजजन स्वस्थ और प्रसन्नचित्त रहे। समाज में सदैव प्रेम, सदभावना, सदाचार, समर्पण बना रहे। समाज हर क्षेत्र में सफलता की ऊंचाईयों को छुएं। समाजबंधुओं को प्रतिष्ठा, समृद्धि एवं सफलता प्राप्त हो। सभी समाजबंधुओं को इस महेश नवमी को एक महोत्सव के रूप में मनाते हुए समाज की खुशहाली की कामना करनी चाहिए। समाज में घटती जनसंख्या बढ़ते पारिवारिक विघटन, विवाह संबंधित समस्याओं का सामाजिक संगठनों के माध्यम से आने वाले समय में हम समाधान कर पाऐंगे। साथ ही संकल्प लें कि समाज के जरूरतमंद परिवारों को विजन-2030 तक आर्थिक दृष्टि से समृद्धशाली बनाकर उन्हें स्वावलम्बी बनाने के लिए समाज बंधुओं का सहयोग करें एवं उन्हें आत्मनिर्भर बनाने का प्रयास करें।

भगवान महेश से यही कामना करता हूं कि सभी समाजजन समृद्धशाली बने। समाज हर क्षेत्र में प्रगति करे और राष्ट्र हित में समाज का योगदान और अधिक बढ़े।

इन्हीं शुभकामनाओं के साथ

**राजकुमार काल्या**

अर्थमंत्री - अ.भा. माहेश्वरी महासभा

## अपव्यय पर करें नियंत्रण



समाजोत्पत्ति पर्व की सभी को बधाई! आजकल कई जगह सुनने में आता है कि भोजन में एक निश्चित मात्रा में तय किये हुए आयटम ही रहेंगे। ये एक बहुत अच्छी बात है, क्योंकि व्यंजनों की संख्या अधिक होने से फिकता ज्यादा है और अन्न का अनादर होता है। व्यंजन संख्या अधिक होने की बजाय भले ही कम हो पर जितना भी हो स्वादिष्ट हो, उसकी गुणवत्ता अच्छी हो और आमंत्रितों के हिसाब से भोजन पर्याप्त मात्रा में हो। चाहे धनाढ्य वर्ग हो या मध्यमवर्गीय या निम्नवर्गीय, आते सभी समाज के दायरे में हैं। हम अपना पक्ष अवश्य प्रत्येक वर्ग के समक्ष रखें पर उस पर अमल की बाध्यता न हो। माना कि धन के प्रदर्शन से विनम्रता, संवेदनशीलता और आत्मनियंत्रण जैसे मूल्य की क्षति होती है। इसका आशय ये नहीं है कि संपन्न व्यक्ति विवाह समारोह को भव्यता प्रदान न करें। बस ये भव्यता संयम, संतुलन और विनम्रता के दायरे में हों।

**रामकुमार टावरी**

पूर्व संयुक्त मंत्री, अ.भा माहेश्वरी महासभा

## समाज की एकता हो सर्वोपरी



समस्त स्वजातीयजनों को समाज के उत्पत्ति पर्व की हार्दिक शुभकामनाएं एवं समाज की एकता तथा समृद्धि की भगवान से कामना। इस पावन पर्व पर मैं सभी से अपील करना चाहूंगा कि समाज से ही हम हैं। अतः समाज का हित हमारा सर्वोपतिर लक्ष्य हो। चाहे समाज संगठन हो, चाहे महिला या फिर युवा संगठन वे अपने उद्देश्यों में पूर्णतः सफल तभी हो जाएंगे, जब सामंजस्य के साथ मिल-जुलकर कार्य करेंगे। याद रखें सभी का लक्ष्य समाज हित है, अतः इस मुद्दे पर कहीं मतभेद होने का प्रश्न ही नहीं उठना चाहिए। यदि कहीं भी मतभेद हों तो उन्हें मनभेद न बनने दें और समाज को शिखर की ओर ले जाने के अभियान में सभी साथ-साथ हों।

पुनः सभी को इस पावन पर्व की बधाई।

**डॉ. एस.एन. चांडक**

नई दिल्ली

## संस्कृति संरक्षण बड़ी चुनौती



सभी स्नेहिल समाजजनों को पावन पर्व महेश नवमी की हार्दिक-हार्दिक शुभकामनाएं और यह पर्व सभी के जीवन में नई ऊर्जा का संचार करे ऐसी मंगल कामना है।

आज समाज एक विकट स्थिति से गुजर रहा है और वह है अपनी संस्कृति के क्षरण की। आधुनिक सोच व परिस्थितियां हमारी गौरवशाली संस्कृति के लिए सबसे बड़ा खतरा बन रही हैं। तो आईये इस पावन अवसर पर एक नारा दें ''संस्कृति बचाएं-समाज बचाएं''। इस नारे को संकल्प बना लें, जिससे यह मूर्तरूप ले सके।

पुनः सभी को महेश नवमी पर्व की हार्दिक शुभकामना व बधाई।

**बाबूलाल जाजू**

ख्यात पर्यावरणविद, भीलवाड़ा

# सेवा सदन की साधारण सभा में घटती जनसंख्या पर चिंतन

## तृतीय संतान के जन्म पर 40 मातृशक्ति को किया सम्मानित
## सोश्यल मीडिया के दुरूपयोग पर चिंता

**पुष्कर।** श्री अखिल भारतीय माहेश्वरी सेवा सदन, पुष्कर की वार्षिक साधारण सभा अध्यक्ष रामकुमार भूतड़ा की अध्यक्षता में मुख्यालय-पुष्कर में सम्पन्न हुई। इसमें सुदूर प्रदेशों सहित राजस्थान के लगभग सभी जिलों से सैंकड़ों समाजबन्धुओं की उपस्थिति रही। सेवा-सदन की साधारण सभा में काफी लम्बे अंतराल पश्चात बहुत अच्छी उपस्थिति रही।



साधारण सभा के प्रारम्भ में भगवान महेश की प्रतिमा के सम्मुख दीप प्रज्ज्वलन कर, माल्यार्पण कर सामूहिक महेश वंदना की गई। तत्पश्चात् महामंत्री ने गत साधारण सभा 12 मार्च 2023 की कार्यवाही रिपोर्ट को पढ़कर सुनाया, जिसे उपस्थित सभी सदस्यों ने करतल ध्वनि से पारित किया। तत्पश्चात् समाज की घटती जनसंख्या को देखते हुए गत आमसभा के निर्णय अनुरूप तृतीय संतानोत्पत्ति पर 40 मातृशक्ति को सम्मान स्वरूप 50,000/- की एफ. डी. प्रदान कर सम्मानित किया गया। अध्यक्ष श्री भूतड़ा ने बताया कि इससे पूर्व गत् वर्षों में तृतीय कन्या जन्म प्रोत्साहन योजनान्तर्गत 81 मातृशक्ति को सम्मानित किया जा चुका है। इसके अतिरिक्त और भी मातृशक्ति द्वारा तृतीय संतानोत्पत्ति पर सेवा सदन को आवेदन प्रेषित किया जायेगा तो निरन्तर यह योजना जारी रहेगी एवं अभी भी कुछ आवेदन-पत्र कमियों के कारण रुके हुए है, शीघ्र उन्हें भी लाभान्वित किया जायेगा, जिससे समाज की जनसंख्या बढ़ाने हेतु समाजजन प्रेरित हों। अध्यक्ष श्री भूतड़ा ने अपने उद्बोधन में समाज की घटती जनसंख्या पर चिंता व्यक्त करते हुए कहा कि वर्तमान परिवेश में समाज की जनसंख्या में अभिवृद्धि होना अति आवश्यक है।

### प्रगति की ओर सभी प्रकल्प

अध्यक्ष श्री भूतड़ा ने सेवा-सदन के अन्य प्रकल्पों अन्न क्षेत्र, कबूतरदाणा, विधवा एवं असहायों को सहायता की जानकारी भी दी। नवीन अयोध्या प्रकल्प हेतु गत् 11 मार्च, 2024 को राष्ट्रीय संत श्री गोविन्ददेवगिरीजी महाराज के सान्निध्य में सुसम्पन्न हुए भूमि पूजन एवं शिलान्यास समारोह की विस्तृत जानकारी सदन के सम्मुख रखी। उन्होंने कहा कि ऐसा ऐतिहासिक आयोजन मैंने मेरे जीवनकाल में पहली बार देखा जब किसी सामाजिक आयोजन में लोकसभाध्यक्ष ओम बिरला, राजस्थान के मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा, राजस्थान की पूरी केबिनेट, राजस्थान एवं उत्तरप्रदेश के विधानसभाध्यक्षों सहित अनेक विधायकगण, अनेक प्रशासनिक अधिकारी, भामाशाह व समाज के वरिष्ठजन एक मंच का हिस्सा बने। इसके लिये आज की साधारण सभा में आप सभी के सम्मुख अयोध्या में सेवा - सदन के आयोजन में सभी पधारे अतिथियों का धन्यवाद ज्ञापित करता हूँ। श्री भूतड़ा ने अयोध्या प्रकल्प हेतु सम्पूर्ण भूमि के सहयोगदाता राधाकिशन दम्मानी (डी-मार्ट) सहित अन्य भामाशाहों का नामोल्लेख करते हुए धन्यवाद दिया। उन्होंने आगे कहा कि आपसी मतभेदों को दूर रखते हुए दानदाताओं के सम्मान का पूरा ध्यान रखा जाना चाहिये।

### सोश्यल मीडिया का दुरूपयोग न हो

आज के परिवेश में सोशल मीडिया के सदुपयोग के विपरीत हो रहे दुरुपयोग पर भी चिंता प्रकट करते हुए श्री भूतड़ा ने कहा कि सोशल मीडिया के माध्यम से मिथ्या एवं भ्रामक संदेशों का प्रचार-प्रसार किया



जाना बहुत ही अनुचित है तथा संस्थाओं के नियमों के विरुद्ध है। उन्होंने सभी उपस्थितजन का आह्वान करते हुए सोशल मीडिया का दुरुपयोग नहीं करने हेतु शपथ भी दिलवाई। तत्पश्चात् साधारण सभा की विषय सूची अनुसार उपस्थित बन्धुओं ने अपने-अपने विचार प्रकट किये। साधारण सभा में वित्तीय वर्ष 2022-23 का अंकेक्षित लेखा-जोखा कोषाध्यक्ष मनोहरलाल पुंगलिया ने अनुमोदनार्थ प्रस्तुत किया साथ ही आगामी वित्तीय वर्ष 2024-25 हेतु अनुमानित बजट भी पेश किया। जिस पर उपस्थितजन ने करतल ध्वनि से अंकेक्षित लेखों का अनुमोदन किया एवं अनुमानित बजट को स्वीकृति प्रदान की। कोषाध्यक्ष ने वित्तीय वर्ष 2023-2024 के आय-व्यय की भी जानकारी साझा की। महामंत्री रमेशचन्द्र छापरवाल ने बैठक की विषय सूची अनुरूप संचालन किया एवं उपस्थितजनों के सुझावों के अनुरूप समाज एवं सेवा-सदन हितार्थ निर्णय लिये गये।

### सभा में सदस्यों की भारी उपस्थिति

साधारण सभा में सेवा सदन के अध्यक्ष रामकुमार भूतड़ा, वरिष्ठ उपाध्यक्ष कैलाश सोनी, महामंत्री रमेशचन्द्र छापरवाल, कोषाध्यक्ष मनोहरलाल पुंगलिया, उपाध्यक्ष प्रहलाद शाह, अनिलकुमार बांगड़, जयकिशन बल्दुवा, विजयशंकर मूंदड़ा, मंत्री मुरलीधर झंवर, भगवान बंग, संजयकुमार जैथलिया, किशनगोपाल बंग, प्रचार मंत्री भागीरथ भूतड़ा, कार्यालय मंत्री मधुसुदन मालू व मार्गदर्शक रामकुवार मानधना मुम्बई उपस्थित थे। इनके साथ ही प्रेमचन्द मून्दड़ा अजमेर, अखिल भारतवर्षीय माहेश्वरी महासभा के अर्थमंत्री राजकुमार काल्या, निवर्तमान अध्यक्ष जुगलकिशोर बिड़ला चित्तौड़गढ़, पूर्व अध्यक्ष श्यामसुन्दर बिड़ला मेड़तासिटी, रामावतार जाजू इन्दौर, सत्यनारायण काबरा जयपुर, रमाकान्त बाल्दी अजमेर, रामवल्लभ भूतड़ा इन्दौर, घनश्याम लाहोटी पूना, अशोक बाहेती इचलकरंजी, ईश्वर बाहेती इन्दौर, राम अवतार जाजू सूरत, नीरज मूंदड़ा, सोहनलाल राठी, दीनदयाल मंत्री, भंवरलाल गांधी, जोधपुर, रामनारायण सोनी, संपतराज मण्डोवरा उदयपुर, श्यामसुन्दर मंत्री कुचामनसिटी, सुनिलकुमार मूंदड़ा अजमेर, अशोक राठी, अशोक जैथलिया अजमेर, दिलीपकुमार जाजू, रमेशचन्द्र भराड़िया ब्यावर, कैलाश काबरा मकराना, गोपीकिशन, संपत बिड़ला मेड़तासिटी, तेजकरण सोनी, किशनगढ़, कालूराम हेडा नडियाद, मोहनलाल मंत्री इन्दौर, रविन्द्र राठी इन्दौर, पुष्कर बाहेती उज्जैन सहित राजस्थान व विभिन्न प्रदेशों से आये सैंकड़ों गणमान्य सदस्यों की उपस्थिति रही। साधारण सभा की समुचित व्यवस्थाओं हेतु कार्यालय मंत्री मधुसुदन मालू, जगदीश झंवर, जगदीश प्रसाद लोया, रमाकान्त हेडा, अशोक मालानी, अशोक जैथलिया, नृसिंह जाखेटिया, अरविन्द चाण्डक, अतुलकुमार झंवर, संजय मालू, अशोक राठी, किशन बंग, रमेश भराडिया, सुमित्रा जैथलिया आदि को महामंत्री ने धन्यवाद ज्ञापित किया।

## विवाह की वर्षगांठ पर गौशाला में भेंट



**नांदेड़।** क्षेत्र की सबसे बड़ी परम पूज्य जगदीश बाबाजी की गौशाला खड़कूत में सुनील एवं विजया साबू ने अपनी 25वीं विवाह वर्षगांठ निमित्त गौ माता का आशीर्वाद प्राप्त कर लगभग 1 लाख रुपये लागत से सीसीटीवी कैमरा, संपूर्ण फिटिंग, वायरिंग व मजूरी के साथ गौशाला को समर्पित किया। गत 11 मई को गौशाला में, पारिवारिक सदस्य एवं मित्र परिवारों की उपस्थिति में सर्वप्रथम भजन कर कार्यक्रम का प्रारंभ किया गया। भजन कार्यक्रम में कनक सुनील साबु द्वारा सुंदर भजन की प्रस्तुति दी गई। साथ ही 25 वीं वर्षगांठ पर सुनील साबु व विजया साबू ने भी बहुत ही सुंदर भजन की प्रस्तुति दी। उल्लेखनीय है कि सुनील साबू ने पूर्व में अपने तथा परिवार के जन्मदिवस एवं अनेक प्रसंगों पर परम पूज्य जगदीश बाबाजी की गौशाला में वाटर कूलर, इनवर्टर आदि कई इलेक्ट्रॉनिक उपकरण समर्पित किए हैं। कार्यक्रम में मित्र परिवार एवं गौ सेवा समिति नांदेड़ की ओर से सुनील भट्टड, गोविंद लड्डा, दीपक सुराणा, गणेश जाजू, मुकेश गजरा, डॉ. सत्यनारायण काबरा, श्याम सारडा, महेश बाहेती, संतोष गट्टानी, द्वारका काबरा, सतीश काबरा, राजू दमपलवार, अनिल डाड आदि उपस्थित थे।

## वार्षिक साधारण सभा का हुआ आयोजन



**सूरत।** जिला माहेश्वरी सभा के कार्यकारी मंडल के सप्तम सत्र की पहली वार्षिक साधारण सभा गत 12 मई को माहेश्वरी भवन सिटी लाइट में सम्पन्न हुई। मीडिया प्रभारी सुनील माहेश्वरी ने बताया कि सुबह के सत्र में सर्वप्रथम कार्यकर्ता प्रशिक्षण शिविर आयोजित किया गया जिसमें सूरत जिला माहेश्वरी सभा के अन्तर्गत आने वाली सभी बारह क्षेत्रीय सभाओं के अध्यक्ष, सचिव एवं कार्यसमिति सदस्यों ने भाग लिया। इसमें मुख्य वक्ता मधुसूदन गांधी प्रदेश अध्यक्ष महाराष्ट्र माहेश्वरी सभा एवं महासभा प्रशिक्षण शिविर प्रभारी सतीश चरखा थे। जिला सभा अध्यक्ष पवन बजाज ने समाज द्वारा संचालित योजनाओं की विस्तृत जानकारी दी एवं सभी अतिथियों का स्वागत किया। जिला सभा सचिव अतिन बाहेती ने सत्र 2023-24 मे सम्पन्न हुए कार्यों की वार्षिक रिपोर्ट प्रस्तुत की। जिला कोषाध्यक्ष रामसहाय सोनी ने सत्र के आय-व्यय का लेखा-जोखा प्रस्तुत किया। बैठक में अखिल भारतीय माहेश्वरी सभा के कार्यसमिति सदस्य मुरली सोमानी, कार्यकारी सदस्य सुरेश तोषनीवाल, पूर्व जिला अध्यक्ष अविनाश चांडक, समाज प्रबुद्ध सुरेश काबरा, श्याम भंडारी, राधाकिशन मूंदड़ा, रंगनाथ भट्टड, किशोर बाहेती, महेंद्र झंवर, हनुमान लोहिया, परसराम मूंदड़ा सहित समाज के कई प्रबुद्ध सदस्य उपस्थित रहे। मंच संचालन भगवती गगड द्वारा किया गया।

# शीतल जल प्याऊ प्रारम्भ



**नागदा।** विगत 50 वर्षो से राठी परिवार श्रीमती सोनी बाई शिवनारायण राठी, पुत्र दामोदर दास रामचन्द्र राठी व मोहनलाल राठी की स्मृति में कन्याशाला चौराहा महात्मागांधी मार्ग पर शीतल जल के प्याऊ का संचालन करता आ रहा है। इस वर्ष भी गुड़ी पड़वा के दिन राठी परिवार द्वारा शीतल जल की प्याऊ का उद्घाटन किया गया। इस मौके पर मुरलीधर राठी, रियाश राठी, बंशीलाल राठी, प्रशांत राठी, नरेंद्र राठी, सुनीता राठी, गोविंदलाल मोहता आदि मौजूद रहे।

## उज्जैन ज़िले ने प्रतियोगिता में परचम लहराया



**उज्जैन।** मध्यांचल द्वारा गत 11 मई 2024 को सम्पन्न सुदोकु प्रतियोगिता (संचार सिद्धा तकनीकी ज्ञान समिति के अंतर्गत आयोजित) में उज्जैन जिले ने विशेष सफलता प्राप्त की। इसमें जिले से प्रथम - नमिता माहेश्वरी खाचरौद, तृतीय - अर्चना लड्ढ़ा-उज्जैन, प्रोत्साहन पुरस्कार विजेता श्वेता बजाज उज्जैन एवं संगीता जाजू- तराना रहीं।

# संगठन पदाधिकारियों का भ्रमण



**लखनऊ।** महासभा के महामंत्री अजय काबरा तथा प्रदेश अध्यक्ष राजकुमार कोठारी ने नैमिषारण्य क्षेत्र का दौरा किया। इस अभियान में उनके साथ प्रदेश अध्यक्ष राजकुमार कोठारी, निवर्त्तमान प्रदेश अध्यक्ष श्रीराम माहेश्वरी, महासभा का.म. सदस्य शंकरलाल सोमानी भी थे। लखनऊ गोमतीनगर रेलवे स्टेशन पर प्रदेश उपाध्यक्ष गोविन्द भुरारिया, प्रदेशमंत्री रवीन्द्र गांधी, संगठनमंत्री विनम्र तोषनीवाल, पूर्व प्रदेशमंत्री राधेश्याम जाजू, लखनऊ युवा संगठन के उपाध्यक्ष श्याम भुरारिया आदि ने प्रतिनिधि मंडल का स्वागत किया। सिधौली में अमित माहेश्वरी व मनीष माहेश्वरी के परिवार ने अपने पेट्रोल पंप पर पुष्पहार व पुष्पगुच्छ भेंटकर सबका स्वागत किया। नैमिषारण्य में प्रदेश सभा के अधिवेशन के स्थान का चयन किया गया। नैमिषारण्य में लखनऊ से गोविन्द भुरारिया, राधेश्याम जाजू, विनम्र तोषनीवाल, रवीन्द्र गांधी प्रतिनिधि मंडल के साथ जुड़ गए। सिधौली, सीतापुर व लखनऊ में विचार गोष्ठी आयोजित हुई। महासभा के विभिन्न सेवा प्रकल्पों तथा उसके द्वारा किए जा रहे सेवा कार्यों के बारे में सबको विस्तार से बताया गया।


Harish Chandak
Mo. : 9100713837

समस्त समाज बन्धुओं को महेश नवमी की हार्दिक एवं मंगलकामनाएं

Ganesh Chandak
Mo. : 9246565312

Shri Ram Enterprises
(House of Electrical Goods)

Crompton Greaves EVERYDAY SOLUTIONS | ALMONARD | HAVELL'S | khaitan
USHA | ANCHOR by Panasonic | Goldmedal SWITCHES & SYSTEMS | V-GUARD The name you can trust

@ 5-26, Near Bus Depot, Dilsukh Nagar, Hyderabad-60
Phone : 040-24051718, 24045312, 65291718
E-mail : shriramdsnr@gmail.com

# ORIENT PRESS LIMITED

An ISO 9001:2015 Company



**FLEXIBLE DIVISION**



**CARTON PACKAGING**

**AWARDS**



**AWARDS**

**Head office:** 1101 and 1102, "G" Wing, 11th Floor, Lotus Corporate Park, Off: Western Express Highway, Goregaon (East), Mumbai 400063, Maharashtra, INDIA. Tel.(Board): +91(022) 42977310

**: FACTORIES :**

- **Tarapur :** L-31, MIDC, Tarapur Industrial Area, Boisar - 401 506, Dist. Palghar, Maharashtra
  G-73, MIDC, Tarapur Industrial Area, Boisar - 401 506, Dist. Palghar, Maharashtra
- **Silvassa :** Survey No. 297/1-P, Dongarpada, Village Sayali, Silvassa - 396 240 (D & N.H.).
- **Noida :** Plot No. 103, Ecotech Extension - 1, Dist. Gautam Budh Nagar, Greater Noida, U.P.
- **Mumbai :** Unit No. 28, Pragati Industrial Estate, N.M. Joshi Marg, Mumbai-400 011.

**Email :** flexible@orientpressltd.com **Web :** www.orientpressltd.com

## महेश अन्न सेवा का आयोजन



**जयपुर।** श्री माहेश्वरी समाज, जयपुर द्वारा आरंभ की गई 'महेश अन्न सेवा' का आयोजन वर्षपर्यन्त किया जा रहा है। इसी क्रम में पलक सुपुत्री मधुसूदन मांधनिया द्वारा गत 14 मई को जे. के. लॉन हॉस्पिटल के बाहर लगाए गए सेवा केंद्र पर लगभग 500 जरूरतमंदों को भोजन प्रसादी एवं मिठाई का वितरण किया गया। इस अवसर पर समाज अध्यक्ष केदारमल भाला, उपाध्यक्ष शिक्षा बजरंगलाल बाहेती, समाज महामंत्री मनोज मूंदड़ा, कोषाध्यक्ष सीए. अनिल सारड़ा, प्रचार मंत्री अरूण बाहेती, संयोजक शंकर लाल लड्ढा, परशुराम बागडी सहित समाज के कई गणमान्यजन मौजूद थे।

## वृद्धाश्रम में मनाया मातृ दिवस




**बूंदी।** प्रतिवर्ष की भांति इस वर्ष भी मातृ दिवस के उपलक्ष पर नैनवा रोड स्थित आसरा वृद्धाश्रम सुदामा सेवा संस्थान में सामर्थ्य सोसायटी द्वारा मातृ दिवस मनाया गया। इसके अंतर्गत वृद्धाश्रम में रह रही सभी माताओं को अपनी तरफ से साड़ी वितरित कर आशीर्वाद लिया गया। सोसायटी अध्यक्ष राशि माहेश्वरी ने बताया कि इस अवसर पर संस्थान के मंत्री छुट्टनलाल शर्मा, पद्माकर पाठक, ओमप्रकाश जैन, राजेंद्र शर्मा व सुरेश चंद्र शर्मा, सोसायटी सदस्य अनिशा जैन आदि उपस्थित थे।

## साधारण सभा में विशेष निर्णय

**बेंगलुरु।** स्थानीय माहेश्वरी विशेष साधारण आम सभा की बैठक रविवार, 21 अप्रैल, 2024 को आयोजित की गई थी। अध्यक्ष नवल किशोर मालू ने बताया कि इसमें लिये निर्णयानुसार आवासीय पता पिन कोड के आधार पर माहेश्वरी सभा के अंतर्गत 6 जोन बना रहे है। प्रत्येक जोन में 200-250 सदस्य होंगे। प्रत्येक जोन में 5 सदस्यों की जोनल समिति का गठन किया जायेगा ओर जोनल सचिव माहेश्वरी सभा की कार्य समिति का सदस्य होगा। प्रत्येक जोन को अपने क्षेत्र में पिकनिक, खेल, शैक्षणिक और किसी अन्य धार्मिक गतिविधि जैसे फेलोशिप कार्यक्रम आदि आयोजित करने होंगे। संगठन मंत्री का पद जोन की सुविधा के लिए बनाया गया है। ज़ोनल संयोजक प्रत्येक ज़ोन में 5 सदस्यीय जोनल समिति के गठन में सहयोग करेंगे।

## 'हंस' का नया कहानी संग्रह समर्पित






**अजमेर।** अमृत सम्मान से सम्मानित राजस्थानी, मायण एवं हिंदी भाषा में सिद्धहस्त वयोवृद्ध साहित्यकार, लेखक एवं कवि डॉ. विनोद सोमानी 'हंस' का नया कहानी संग्रह 'पराई पीड़ा' समाज को समर्पित कर दिया गया। अजमेर नगर निगम के कमिश्नर भारतीय प्रशासनिक सेवा अधिकारी देशल दान ने पुस्तक का विमोचन किया। डॉ. हंस के पुत्र, डॉ. श्याम सोमानी हंस ने उन्हें पुस्तक भेंट की। देशल दान ने कहानी संग्रह के प्रति अपना रुझान दर्शाया और कहा कि कहानियाँ लेखक के अनुभव, चिंतन और सकारात्मक सोच को दर्शाती हैं। उल्लेखनीय है कि डॉ. विनोद सोमानी 'हंस' राजस्थान के उन चुनिंदा साहित्यकारों में से एक हैं जिन्हें राजस्थान साहित्य अकादमी ने वर्ष 2023-2024 के अमृत सम्मान से नवाजा है। डॉ. विनोद सोमानी 'हंस' की अब तक लगभग 40 पुस्तकों का प्रकाशन हो चुका है।

## विद्यालय में आवश्यक सहायता



**चंदौला।** मानवता की सेवा जीवन का सर्वोत्तम कार्य है, इस सूत्रवाक्य का अनुसरण करते हुए माहेश्वरी महिला संगठन द्वारा सत्र 2023 में जनसेवा सहायतार्थ प्रयोजन से किए गए अर्थोपार्जन का एक पूर्व निर्धारित अंश सेवाकार्यों के लिए संग्रहित किया गया। इस पुनीत कार्य के लिए संघ संचालित पाणिनि कन्या विद्यालय की (पड़ाव, चंदौली) नव सृजित विस्तार शाखा में शिक्षण प्राप्त करने वाली छात्राओं की आवश्यकताओं को ध्यान में रखते हुए शीतल जल के लिए वोल्टाज़ वाटर कूलर, गद्दे - चादर, 2 एयर कूलर तथा अन्य कई उपयोग की सामग्रियां सहयोग स्वरूप प्रदान की गई। मुख्य अतिथि समाज की वयोवृद्ध महिला मालती देवी धूत (धर्म पत्नी स्व. श्री चंपालाल धूत) थीं। अतिथियों का स्वागत इन्दू चाण्डक तथा आभार ज्ञापन सुषमा कोठारी ने किया। इस कार्यक्रम में पूर्वी उत्तरप्रदेश माहेश्वरी महिला संगठन की मंत्री पुष्पा धूत, ऋतु धूत, सुनीता लड्ढा, कृष्णा राजकुमार कोठारी, ममता मूंदड़ा, कविता मारू, मनीषा राठी, वीणा मूंदड़ा, कुमुद चाण्डक आदि उपस्थिति थीं।

## राष्ट्रीय अध्यक्ष बांगड़ का किया स्वागत



**भीलवाड़ा।** अखिल भारतवर्षीय माहेश्वरी महिला संगठन की राष्ट्रीय अध्यक्ष मंजू बांगड़ एक दिवसीय दौरे पर भीलवाड़ा पंहुची। इस दौरान संगम यूनिवर्सिटी के सभागार में अध्यक्ष श्रीमती बांगड का ढोल नगाड़ों के साथ स्वागत किया गया। पश्चिमांचल, प्रदेश, जिला, नगर, सभी तहसील एवं क्षेत्रीय महिला संगठन व नगर सभा भीलवाड़ा द्वारा मंजू बांगड़ व ममता मोदानी का स्वागत किया गया। कार्यक्रम के दौरान प्रदेश अध्यक्ष सीमा कोगटा द्वारा बच्चों की शिक्षा, बुक बैंक, नारी सशक्तिकरण, हाट बाजार मेडिकल बैंक, लुप्त होती सनातन संस्कृति के 16 संस्कारों की पाठशाला आदि के बारे में जानकारी दी गई। साथ ही टॉक शो करवाना, साइबर सुरक्षा, नुक्कड़ नाटक का आयोजन, संचार सिद्धा के टिप्स जैसे महत्वपूर्ण बिंदुओं पर प्रकाश डाला गया। इस अवसर पर जिला सचिव भारती बाहेती, नगर सचिव सोनल माहेश्वरी द्वारा प्रकाश डाला गया। मनोरमा कालिया, सरस्वती रांदड, विनीता डाड, संध्या आगीवाल, निशा काकाणी, लीला आगाल, गीता काबरा, जतन हिंगड, चंदा नामधर, विनिता तोषणीवाल सहित सभी संगठन के अध्यक्ष सचिव आदि उपस्थित रहे। मंच संचालन चेतना जागेटिया द्वारा किया गया। आभार प्रदेश सचिव डॉक्टर सुशीला असावा द्वारा व्यक्त किया गया।

## अयोध्या धाम यात्रा का हुआ आयोजन



**फरीदाबाद।** माहेश्वरी मंडल द्वारा दो दिवसीय 4 और 5 मई को अयोध्या धाम एवं प्रयागराज यात्रा का आयोजन किया गया। माहेश्वरी मंडल सचिव महेश गट्टानी ने बताया कि इसमें फरीदाबाद समाज के 80 सदस्यों ने दो लग्जरी बस द्वारा यात्रा की। यात्रा को शुक्रवार 3 मई को रात्रि 9:15 बजे समाज के मार्गदर्शक सुशील नेवर, सेवा ट्रस्ट अध्यक्ष कमल अगीवाल एवं अन्य गणमान्य सदस्यों ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया गया। इस यात्रा में समाज के मार्गदर्शक ओमप्रकाश पसारी, परशुराम साबू, मंडल अध्यक्ष रामकुमार राठी, देवेश चांडक, गुलाब बिहानी, श्रवण मिमानी, मांगीलाल मूंदड़ा आदि कई गणमान्य लोग शामिल रहे। यात्रा के दौरान अयोध्या में मर्यादा पुरुषोत्तम भगवान श्री रामलला के दर्शन, सरयू स्नान, इलाहाबाद में संगम स्नान व अन्य प्रमुख धार्मिक स्थान के दर्शन किए। इस यात्रा के सफल आयोजन में अध्यक्ष रामकुमार राठी, सचिव महेश गट्टानी, सह सचिव राकेश सोनी व अन्य समाज के गणमान्यजनों का सराहनीय सहयोग रहा।


**ADMISSIONS OPEN**

**Nuwal & Panpalia**
**Girls Hostel**
[redacted]



माहेश्वरी विद्या प्रचारक मंडल


**Location:**
Plot No 4, Sector 10 A, Opp D-Mart, Airoli, Navi Mumbai - 400 708.

**Well equipped with**
Wi-fi, Reading Room, Indoor Games, Multipurpose Hall. CCTV Surveillance, 24 X 7 Security Guard and Residential Rector

**Capacity:**
120 Girl Students (3 Seater A/C rooms).

**Delicious Food Facilities**
Breakfast + Lunch + Hi-Tea + Dinner.

**Premium Location on Airoli Link Road**
Rabale Station - 2 Km
Airoli Station - 3 km
Mulund Railway Station - 6 km
Thane Railway Station - 9 km




Known for its hostels for 90+ years, Maheshwari Vidya Pracharak Mandal (MVPM) has launched Girls Hostel at Airoli in Navi Mumbai.

Applications are invited from Girl students & working women studying or working in Mumbai & Navi Mumbai.

1099/A, Model Colony, Pune 411 016
Dilipji Malpani - +91 7888044405
airolihostel@mvpm.org

Plot No. 4, Sector 10, Opp D-Mart, Airoli, Navi Mumbai - 400708

Link for Admission :-
www.mvpm.org/hostel

# कार्यकर्ता प्रशिक्षण शिविर का आयोजन



**सूरत।** जिला माहेश्वरी सभा द्वारा गत 12 मई को महासभा की फ्लैगशिप योजना अंतर्गत कार्यकर्ता प्रशिक्षण शिविर का आयोजन माहेश्वरी भवन सिटी लाइट में प्रातः 10 से शाम 5 बजे तक किया गया। इसमें तक़रीबन 200 से अधिक कार्यकर्ताओं ने भाग लिया। सतीश चरखा एवं मधुसुदन गाँधी सहित आये हुए सभी अतिथियों का स्वागत जिला अध्यक्ष पवन बजाज द्वारा किया गया। सचिव अतिन बाहेती द्वारा जिला सभा की जानकारी दी गई। मुरली लाहोटी और विष्णु राठी द्वारा वक्ताओं का परिचय दिया गया। महासभा कार्यसमिति सदस्य मुरली सोमानी व भवन समिति के सचिव सुरेश तोषनीवाल ने अपने विचार सदन में रखे। इस कार्यक्रम के मुख्य वक्ता मधुसुदन गाँधी, प्रदेश अध्यक्ष महाराष्ट्र प्रदेश माहेश्वरी सभा ने संगठन की संविधानात्मक संरचना, पदों के कर्तव्य एवं अधिकार व बैठकों तथा कार्यक्रमों का यशस्वी नियोजन एवं शिष्टाचार तथा सतीश चरखा, समन्वयक कार्यकर्ता प्रशिक्षण समिति अखिल भारतवर्षीय माहेश्वरी महासभा ने संघ रचना (Team Building), अच्छा वक्ता कैसे बनें जैसे विषय पर मार्गदर्शन किया।

# हरिद्वार से बद्रीविशाल पदयात्रा



**उज्जैन।** समाज सदस्य उमेश मालू के नेतृत्व में प्रतिवर्ष महाकाल से चारभुजा नाथ की पैदल यात्रा निकलती है। इस वर्ष उन्होंने हरिद्वार से बद्री विशाल पैदल यात्रा का बीड़ा उठाया है। इस यात्रा में शैलेंद्र राठी, मनोज बजाज (सपत्नीक), वेणुगोपाल लोया (सपत्नीक) तराना, जिला सभा प्रचार मंत्री विजय सारडा (सपरिवार) महिदपुर आदि शामिल थे। आप सभी ने कठिन यात्रा के लिए दोपहर 1:00 बजे नागदा जंक्शन से हरिद्वार के लिए प्रस्थान कर किया। शैलेंद्र राठी के निवास पर आपकी इस कठिन यात्रा के लिए मंगल कामनाएं एवं शुभकामनाएं प्रेषित करने के लिए समाज बंधुओ द्वारा आपका स्वागत एवं अभिनंदन किया गया। इस अवसर पर वर्तमान जिला सभा अध्यक्ष एवं महासभा प्रतिनिधि महेश लड्ढा, पूर्व माहेश्वरी सभा अध्यक्ष श्याम पलोड, पूर्व माहेश्वरी सभा अध्यक्ष जयप्रकाश राठी, चंद्रशेखर के. मूंदड़ा, निवृत्तमान माहेश्वरी सभा अध्यक्ष भूपेंद्र भूतड़ा, जिला सभा वरिष्ठ उपाध्यक्ष दिनेश लड्ढा, पुष्कर बाहेती, दिनेश डाढ, नवल माहेश्वरी, संजय लड्ढा, वरिष्ठ समाजसेवी रमेश हेड़ा, मुकेश लड्ढा, माहेश्वरी सभा युवा संगठन सचिव दीपक लाठी, माहेश्वरी जिला युवा संगठन से प्रखर काकाणी एवं जिला सचिव नवीन बाहेती आदि उपस्थित थे।




**Suresh Rathi**
Wealth Creator thru Systematic Investment

**OPEN FREE DEMAT & TRADING ACCOUNT**

BROKING SINCE 1981

## MOBILE TRADING

**Track & Trade**
**Stocks on Mobile**




Download 'Suresh Rathi mSauda'

mSauda

- Live Holding Valuation
- Online Fund Transfer
- Market News & Info
- Apply IPO Online
- Corporate Action
- Back-Office Reports

## SLB

**STOCK LENDING AND BORROWING**

**EARN INCOME**
by Lending your Idle Demat Stocks

For details visit : https://www.nseindia.com/market-data/securities-lending-and-borrowing

## ONLINE IPOs

**APPLY IPOs PAPERLESS**

**USE UPI - NO NET BANKING REQUIRED**
BHIM UPI / GooglePay / Paytm / Phone-Pe / and many other UPI Interface

## TELEGRAM APP

Download & Join our Channels

**SRSPL Market Updates**
- Get Daily Market Updates

**SRSPL Portfolio Update**
- Get Realtime 5% up/down alerts of your Holdings
- Holding Statement (Weekly) & Ledger

**SRSPL Trade Confirmation**
- Instant Sauda Confirmation
- Information of Ledger Debit / Credit
- Net Position of Derivative Segment
- Contract Note & Margin Information

**Suresh Rathi**
Since 1981
Wealth Creator thru Systematic Investment

1800 120 2484
info@sureshrathi.in
www.sureshrathi.com

FOR ANY ENQUIRY, CALL # 98287 54000, 80940 54000, 96496 54000

SURESH RATHI SECURITIES PVT. LTD.

BROKING SEBI REG NO.
INZ000165734 (MEMBER CODE: BSE -727 | NSE 09763 | MSEI 12340)
DP SERVICES SEBI REG NO CDSL: IN-DP-CDSL-22-99 | AMFI REG NO.20569

Disclaimer: Investment in securities market are subject to market risks, read all the related documents carefully before investing.
Mutual Fund Investments are subject to market risks, please read the offer document carefully prior to investing

# पुण्य स्मृति में रक्तदान



**बून्दी।** वैश्विक महामारी कोरोना में 34 वर्ष की अल्पायु में असमय ही काल का ग्रास बने शहर के प्रतिष्ठित युवा व्यवसायी रहे श्री गौरव बांगड़ 'गोलू' की तृतीय पुण्यतिथि पर सेवा व पुण्यार्थ के कार्यो के साथ 11 लोगों ने रक्तदान किया। जिला अस्पताल के ब्लड बैंक में 27 अप्रैल को आयोजित शिविर में भाजपा नेता संजय लाठी, अमित बांगड़, अमित बिरला, आकाश बहेड़िया, सुमित बांगड़, महेन्द्र सिंह, मुकेश भट्ट, राजरतन गौड़ आदि ने रक्तदान किया। शिविर की शुरुआत भाजपा नेता संजय लाठी ने स्मृति शेष स्व. श्री गौरव बांगड़ के चित्र पर माल्यार्पण व दीप प्रज्जवलन कर की।

# मतदाता जागरूकता अभियान का आयोजन




**अमेठी ( उ.प्र. )।** पंकज माहेश्वरी स्मृति महाविद्यालय, नन्दग्राम, जायस अमेठी (उ.प्र.) द्वारा गुरु गोरखनाथ जी एवं महाकवि जायसी की जन्मभूमि जायस में मतदाता जागरूकता अभियान के अन्तर्गत हस्ताक्षर अभियान व रैली निकाली गयी। प्रबन्धक मनोज माहेश्वरी ने कहा कि मजबूत लोकतंत्र के लिये शत् प्रतिशत मतदान आवश्यक है।




# वार्षिक स्नेह सम्मेलन का आयोजन



**इन्दौर।** श्री माहेश्वरी मेड़ता थोक का वार्षिक स्नेह सम्मेलन एवं सम्मान समारोह रामविलास राठी (मंत्री गीता भवन ट्रस्ट इंदौर) एवं प्रकाश अजमेरा (संस्थापक कुटुम्ब परिवार) के आतिथ्य में आयोजित किया गया। अतिथियों का सम्मान संस्था अध्यक्ष संपत झंवर एवं मंत्री बलदेवदास जाजू एवं कार्यक्रम का संचालन संगीता बल्दवा, अंशुमा राठी एवं राधिका झंवर द्वारा किया गया। इस अवसर पर थोक के वरिष्ठ सदस्य राधादेवी श्रीधर राठी, मनोहर - उर्मिला लड्ढा का शाल श्रीफल एवं अभिनंदन पत्र द्वारा सम्मान किया गया। पश्चिम मध्यप्रदेश प्रादेशिक सभा में थोक के ही सदस्य अजय झंवर का महामंत्री बनने पर सदस्य परिवारों द्वारा हर्ष ध्वनि से स्वागत किया गया। मास्टर सिद्धांत झंवर व आदित्य मंत्री का रजत पदक से एवं सी.ए. आयुष मालानी का मोमेंटो प्रदान कर अतिथियों द्वारा सम्मान किया गया।

# ''महेश अन्न सेवा'' का आयोजन




**जयपुर।** श्री माहेश्वरी समाज द्वारा सत्र 2022-25 में आरंभ की गई ''महेश अन्न सेवा'' का आयोजन वर्षपर्यन्त किया जा रहा है। इसी क्रम में अनिता-मनोज मूंदड़ा (समाज महामंत्री) ने अपनी वैवाहिक वर्षगांठ के अवसर पर लगभग 500 जरूरतमंद बन्धुओं को गत 30 अप्रैल को जे. के. लॉन हॉस्पिटल के बाहर लगाए गए महेश अन्न सेवा केंद्र पर भोजन प्रसादी एवं मिठाई का वितरण किया। इस अवसर पर अर्थमंत्री रविन्द्र झंवर, प्रचार मंत्री अरूण बाहेती, संयोजक शंकरलाल लढ्ढ़ा, पूर्व उपाध्यक्ष सत्यनारायण काबरा (जे.डी.सुपारी), चेयरमैन अभिनन्दन शान्तिलाल जागेटिया, राजकुमार झंवर, संदीप मूंदड़ा, कौशल सोनी सहित समाज के कई गणमान्यजन एवं कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## सोमानी परिवार करेगा चातुर्मास आयोजन



**शाहपुरा।** रामस्नेही संप्रदाय के पीठाधीश्वर आचार्य श्री जगतगुरु स्वामी रामदयालजी महाराज का इस वर्ष का चातुर्मास शाहपुरा के रामनिवास धाम मुख्य पीठ पर होगा। इस बार के चातुर्मास का नामकरण ''श्रद्धा विश्वास भक्ति चातुर्मास'' रखा गया है। इस चातुर्मास का आयोजन कपासन के सोमानी परिवार के बलराम, ओमप्रकाश व राम लखन सोमानी करेंगे। आचार्यश्री के अब तक 30 चातुर्मास हुए हैं। बुधवार को रामद्वारा में रामस्नेही संप्रदाय की परंपरा के अनुरूप सोमानी परिवार की ओर से रसोई का आयोजन कर चातुर्मास की तैयारी प्रारंभ की गई। चातुर्मास आयोजन की सारी व्यवस्थाएं शाहपुरा में रामस्नेही सर्व सत्संगीजनों द्वारा ही की जाऐगी। संप्रदाय की परंपरा के अनुरूप इस व्यवस्था को बैठा चातुर्मास कहा जाता है। इसमें आयोजक कपासन का सोमानी परिवार रहेगा।

## हनुमान जी का मनाया जन्मोत्सव



**कोयंबटूर।** सुंदरकांड समिति, कोयंबटूर ने गत 23 अप्रेल को सायंकाल में श्री हनुमान जी महाराज का जन्मोत्सव नेहरु विद्यालय, आर. एस. पुरम, कोयंबटूर प्रांगड़ में स्थापित श्री हनुमान मंदिर में हर्षोल्लास से मनाया। इस अवसर पर समिति के सभी सदस्यों एवं परिजनों ने मिलकर संगीतमय सुंदरकांड का पाठ किया। गोपाल माहेश्वरी, सीताराम कांकाणी, दामोदर सोमाणी, रामलाल सोनी, रुपनारायण सोमाणी, ओमप्रकाश चांडक, अभिषेक बागड़ी, सीता कांकाणी, शांति माहेश्वरी, चंदा सोमाणी, विमला सोनी, सरोज मंत्री, विमला बागड़ी, दीपा राठी, सुनीता राठी आदि ने सुंदरकांड पाठ में भाग लिया। जन्मोत्सव के शुभ उपलक्ष्य में छप्पन भोग एवं अन्य व्यंजनो का भोग लगाकर हनुमान लल्ला की सामूहिक आरती की गई। अंत में महाप्रसादी का वितरण किया गया। कार्यक्रम में लगभग 200 से ज्यादा माहेश्वरी एवं अन्य समाज के भक्तों ने भाग लिया।

*आंख में पड़ा हुआ तिनका, पैर में चुभा हुआ कांटा और रुई में दबी हुई चिंगारी, आग से भी ज्यादा भयानक है हृदय में छुपा हुआ कपट।*

## नन्हीं कन्वी ने बनाया वर्ल्ड रिकार्ड



**अहमदाबाद।** समाज सदस्य राधेश्याम नावंदर की 3 वर्ष 9 माह की नन्हीं सी बेटी कन्वी ने अपनी विशिष्ट प्रतिभा से वर्ल्ड रिकार्ड अपने नाम किया है। इसमें कन्वी ने 50 देशों के ध्वज पहचानकर देशों के नाम, उनकी राजधानी, मुद्रा तथा महाद्वीप आदि के नाम बिल्कुल सटिकता से मात्र 4 मिनिट 49 सेकण्ड में बताये। इस उपलब्धि पर कन्वी का नाम ''इंटरनेशनल बुक ऑफ रिकार्ड्स में'' दर्ज किया गया।

## गणगौर पर्व पर उद्यापन




**नागदा।** माहेश्वरी महिला मंडल द्वारा गणगौर पर्व पर महिलाओं के लिए प्रतियोगिताएं रखी गई। बैंड बाजे के साथ धूमधाम से सोलह श्रृंगार कर गणगौर की शोभायात्रा निकाली गई। शोभायात्रा का स्वागत समाज के वरिष्ठ गोविंदलाल मोहता, नरेंद्र राठी, घनश्याम राठी एवं समाज के अध्यक्ष मयंक बिसानी द्वारा किया गया। महिला मंडल की अध्यक्ष ज्योति मोहता, उषा राठी, विजया नवाल, रेनू राठी, कुसुम काबरा, मधु अजमेरा, चंदा बांगड़, जया राठी, सुनीता राठी, रितुशा सोडाणी, अंजू माहेश्वरी सहित महिला मंडल की समस्त सदस्य उपस्थित थीं।

### खरी-खरी...

*स्वार्थ, लोभ जब-जब चढ़े*
*चिन्तन का सौपान*

*नीति, नेह, सत हो गये*
*उर से अंतध्यनि*

*स्वाभिमान-सम्मान के*
*मेरुदण्ड को त्याग*

*वैभव के सम्मुख हुआ*
*नत-मस्तक विद्वान*



© राजेन्द्र गट्टानी, भोपाल
94250-16939, 87702-21707

## 'परिंदों के लिए परिंडा' अभियान



**बूंदी।** सामर्थ्य सोसायटी ने हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी भीषण गर्मी को देखते हुए 'परिंदों के लिए परिंडा' अभियान की शुरुआत की है। सोसायटी अध्यक्ष राशि माहेश्वरी ने बताया कि इन दिनों हम गर्मी से बचाव के लिए तरह-तरह के जतन कर रहे हैं, लेकिन पशु और पक्षी पानी को भी तरस रहे हैं। अभियान के तहत संस्था के पदाधिकारियों ने बेजुबान पक्षियों के लिए परिंडे बाधें और उसमें जलभर कर संकल्प लिया। श्री माहेश्वरी ने कहा कि लोगों को इस बात के लिए तैयार करने की कोशिश होगी कि वे गर्मी के महीने में मकान की छत पर किसी पात्र में पानी रखें ताकि पक्षियों की प्यास बुझ सके। इस दौरान सोसायटी सदस्य नम्रता शुक्ला, रेणु सोनी, उमा शर्मा, पायल सोनी, नीलम जैन, शालिनी सोनी, हेमा शर्मा, पुष्प लता सोनी, पायल जोशी आदि उपस्थित रहीं।

## रक्तदान शिविर का किया आयोजन



**कोलकाता।** गत 5 मई को स्थानीय रमा भवन में TRANSFUSION CENTRE,EASTERN COMMAND (INDIAN ARMY) के सहयोग से सम्पन्न हुआ। इसमें लगभग 100 लोगों ने रक्तदान किया। सूर्य प्रकाश तोषनीवाल, अजय बांगुर, अमृता नेवर, नन्द किशोर लखोटिया, ले. कर्नल नीरजा कुशवाहा, गोपाल तापड़िया, मुकुंद राठी, इंद्रकुमार मोहता, किशन मल्ल, पुरुषोत्तम मिमानी, राजेश नागौरी, सिटी केबल नेटवर्क के डायरेक्टर तिनकोरी दत्ता आदि गणमान्य महानुभावों की उपस्थिति रही। संरक्षक भीकमचंद, अध्यक्ष सतीश, सचिव विनय, कोषाध्यक्ष चंद्रप्रकाश सदस्य कृष्ण मुरारी, देव किशन, आनन्द, जय प्रकाश, सनत, सुमित, जया तापड़िया आदि का भरपूर सहयोग रहा।

*जीवन में सुख प्राप्त करने के चार रास्ते :- सदा दिमाग ठंडा रखना, वक्त की कद्र करना, भविष्य के लिए बचत करना। किसी के आगे हाथ न फैलाना।*

## रक्तदान शिविर का हुआ आयोजन




**पुणे।** चेरिटेबल संस्था सांगवी परिसर महेश मंडल, पुणे द्वारा कै. तुकाबाई जगन्नाथजी लोहिया की स्मृति में नटसम्राट निळू फुले रंगमन्दिर, सांगवी (पुणे) में 29वें रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। इसमें 176 रक्तदाताओं ने जीवन-मृत्यु के बीच संघर्षरत लोगों को रक्तदान द्वारा नवजीवन देने के लिये भागीदारी की। शिविर का प्रारंभ संस्था के ज्येष्ठ सदस्य सुरेश टावरी द्वारा किया गया। मंडल के अध्यक्ष सत्यनारायन बांगड, सतीश लोहिया, निलेश अटल, संदीप लोहिया, पंकज टावरी, दिनेश लोहिया, कुलदीपक बजाज आदि उपस्थित थे। कार्यक्रम में मनोज अटल, दीपेश मालानी, मुकुन्द तापडिया, गणेश चरखा, आदि कार्यकर्ताओं की सराहनीय सेवाएं रहीं।

## डॉ. अजमेरा हुए अवार्ड से सम्मानीत



**अकोला।** अंतरराष्ट्रीय माहेश्वरी कपल क्लब भारत के महा सचिव श्रीमती अनिता - डॉ. अशोक सोडाणी एवं भारत भर के 130 जिलाध्यक्ष तथा पदाधिकारियों के माध्यम से पूरे भारत भर से कुल 51 माहेश्वरी पत्रकार साथियों का समाज एवं राष्ट्र के प्रति पत्रकारिता के माध्यम से उनके योगदान के आधार पर चयन किया गया। इसी क्रम में अकोला महाराष्ट्र के माहेश्वरी समाज के वरिष्ठ सामाजिक कार्यकर्त्ता, पत्रकार स्व. श्री मदनलाल अजमेरा के सुपुत्र सामाजिक कार्यकर्ता व पत्रकार डॉ. नवलकिशोर अजमेरा को पत्रकारिता क्षेत्र में 42 साल के उल्लेखनीय योगदान को देखते हुए स्व. रामजस सोडाणी स्मृति में 'जर्नलिस्ट आफ द ईयर' लाईफ टाईम अचिवमेंट अवार्ड 2024 हेतु चयनित किया गया। अंतरराष्ट्रीय माहेश्वरी कपल क्लब भीलवाड़ा राजस्थान की ओर से पगडी, उपरना (दुपट्टा), प्रमाण पत्र एवं 1100 रुपये नगद पुरस्कार अकोला शाखा को भेजा गया। अंतरराष्ट्रीय माहेश्वरी कपल क्लब शाखा अकोला की ओर से 6 अप्रेल 2024 को IMCC के अकोला जिलाध्यक्ष मोनिका और गिरिश तोषनीवाल के हाथों डॉ. अजमेरा को पगडी पहनाकर एवं संगीता अजमेरा को उपरना (दुपट्टा) ओढ़ाकर सम्मानित किया गया।

# महेश नवमी की हार्दिक शुभकामनाएं



## राजकुमार काल्या

राष्ट्रीय कोषाध्यक्ष

अखिल भारतवर्षीय माहेश्वरी महासभा

### अखिल भारतवर्षीय माहेश्वरी युवा संगठन

| राष्ट्रीय अध्यक्ष | राष्ट्रीय अध्यक्ष | राष्ट्रीय महामंत्री | राष्ट्रीय कोषाध्यक्ष | राष्ट्रीय सांस्कृतिक मंत्री |
|---|---|---|---|---|
| (त्रयोदश सत्र) | (द्वादश सत्र) | (एकादश सत्र) | (दशम सत्र) | (नवम सत्र) |

संस्थापक ट्रस्टी – श्री बसन्तीलाल मनोरमादेवी काल्या
अ.भा. माहेश्वरी युवा फाउंडेशन
संस्थापक ट्रस्टी – शोर्य भवन जनोपयोगी सेवा केन्द्र, अयोध्या
संस्थापक ट्रस्टी – अखिल भारतीय माहेश्वरी सेवा ट्रस्ट
संस्थापक ट्रस्टी – श्री नाकोडा पार्श्वनाथ भैरव मन्दिर ट्रस्ट
संरक्षक ट्रस्टी – एबीएमएम माहेश्वरी रिलीफ फाउंडेशन
प्रबंधकारिणी सदस्य – श्री अ.भा. माहेश्वरी सेवा सदन

ट्रस्टी – अ.भा. माहेश्वरी एजुकेशनल एण्ड चैरिटेबल ट्रस्ट, कोटा
ट्रस्टी – अ.भा. माहेश्वरी एजुकेशनल एण्ड चैरिटेबल ट्रस्ट, मुम्बई
ट्रस्टी – बद्रीलाल सोनी माहेश्वरी शिक्षा सहयोग केन्द्र
ट्रस्टी – श्री बांगड माहेश्वरी मेडिकल वेलफेयर सोसायटी
ट्रस्टी – श्री प्राज्ञ कुंदन वल्लभ हॉस्पिटल
ट्रस्टी – श्री कृष्णदास जाजू स्मारक ट्रस्ट
ट्रस्टी – अ.भा. माहेश्वरी एजुकेशनल ट्रस्ट, दिल्ली

## Realistic

*Life Time Satisfaction*

• Explosives • Real Estate • Mining • Finance • Agro Farming • Media • Water Park

Station Road, Gulabpura –311021, Distt. Bhilwara (Raj.) Ph. No. +91 1483 224203/04, rajkumarkalya@yahoo.com
Bhilwara office: 3, Heera-Panna Market, Pur Road, Bhilwara. 311001 (Raj.) Ph. No. 246004

## 'एक शाम, सोलह सिंगार के नाम'




**कुचामन सिटी।** माहेश्वरी महिला मंडल अध्यक्ष आशा झंवर एवं सचिव सरिता काबरा ने बताया कि माहेश्वरी महिला मंडल कुचामन सिटी का गणगौर उत्सव कान्ता कोठारी के मुख्य आतिथ्य तथा विमला कोठारी, चंदा शारदा, सावित्री मालू, राधा मालू, चंदा कासट, मधु मून्दड़ा आदि के विशिष्ट आतिथ्य में सम्पन्न हुआ। 50 से 60 प्रतियोगियों ने गोरा बाई व ईसर जी के श्रृंगार पर नृत्य और एक्ट कर सभी का मनमोह लिया। सुनीता कोठारी, सुमन शारदा, अनीता तापड़िया, शारदा गट्टानी, निर्मला मर्दा, शकुंतला मानधणिया व कृष्णा मंत्री आदि समस्त सदस्याओं का सहयोग रहा।

## ज़िला कार्यकारिणी बैठक सम्पन्न



**उज्जैन।** जिला माहेश्वरी महिला संगठन की द्वितीय कार्यकारिणी बैठक गत 29 अप्रैल को महिदपुर में सम्पन्न हुई। स्वागत उद्बोधन महिदपुर तहसील अध्यक्ष अनीता राठी तथा जिला की तरफ़ से जिला अध्यक्ष सीमा मालपानी द्वारा दिया गया। सचिव रिपोर्ट मनीषा राठी, कोष रिपोर्ट कोषाध्यक्ष किरण डोडिया द्वारा प्रस्तुत की गई। नागदा से आयीं अनीता राठी ने उद्बोधन में संगठन के महत्व के साथ विभिन्न समितियों के कार्यों पर प्रकाश डाला। 'बुजुर्गों द्वारा स्वेच्छा से संयुक्त परिवारों का विघटन - कारण एवं निदान' विषय पर चिंतन मनन सत्र लिया गया। इसमें 7 प्रतिभागी सम्मिलित हुए। प्रथम फाल्गुनी बियानी उज्जैन, द्वितीय मोनिका माहेश्वरी खाचरोद और तृतीय उषा भट्टर उज्जैन रहीं। मुख्य अतिथि अनीता राठी एवं प्रदेश अध्यक्ष ऊषा सोडानी द्वारा सत्र की समीक्षा की गई एवं सत्र के निर्णायक की भूमिका का निर्वहन किया गया। सितम्बर 2023 से अप्रैल 2024 माह तक हुई समस्त प्रतियोगिताओं का पुरस्कार वितरण किया गया। महिदपुर संगठन की महिलाओं द्वारा साइबर क्राइम जागरूकता पर नुक्कड़ नाटक की प्रस्तुति दी गई। सभी के लिए खुला मंच रखा गया। अंत में स्थानीय सचिव माया राठी एवं ज़िले की ओर से संगठन मंत्री दीपा राठी द्वारा आभार व्यक्त किया गया। बैठक में निवर्तमान जिलाध्यक्ष राधा असावा एवं पूर्व जिला अध्यक्ष शोभा राठी, शांता मंडोवरा, संगीता भूतडा, रेखा लड्ढ़ा, हेमलता गांधी, उषा भट्टर, सीमा कासट, रेखा परवाल, कुसुम मंत्री, ज्योति मोहता, मोनिका माहेश्वरी, अलका माहेश्वरी आदि 70 जिला सदस्यों सहित प्रदेश एवं जिला पदाधिकारी उपस्थित थे।

## बायोडाटा अवलोकन कार्यक्रम सम्पन्न



**भीलवाड़ा।** मेवाड़ माहेश्वरी मंडल द्वारा 29वां मासिक बायोडाटा अवलोकन कार्यक्रम 05-05-2024 को सफलतापूर्वक संपन्न हुआ। माहेश्वरी समाज संपत्ति ट्रस्ट भवन, नागोरी गार्डन, भीलवाड़ा में रामेश्वरम भवन समिति के सचिव राजेन्द्र बिड़ला, पुराना शहर युवा संगठन के अध्यक्ष शिवरतन तोषनीवाल एवं मंत्री सचिन काबरा, जिला माहेश्वरी सभा के उपाध्यक्ष रामकिशन सोनी, माहेश्वरी समाज सम्पति ट्रस्ट के रामनिवास डाड, श्रवण समदानी, सुनील मूंदड़ा, ओम प्रकाश सोमानी, सुरेश जाजू, रामसहाय पटवारी, ओम कृष्ण समदानी, गोविन्द सोमानी, चितोड़ से रामजानकी सोमानी आदि ने दीप प्रज्जवलन कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। श्रवण समदानी, सुनील मूंदड़ा, ओम प्रकाश सोमानी, सुरेश जाजू, रमेश बाहेती, रमेश राठी आदि कार्यकर्ताओं ने कार्यक्रम को सफल बनाने में सहयोग प्रदान किया।

## मदर्स डे का किया आयोजन



**ब्यावर।** मदर्स डे पर केला परिवार की तीन पीड़ियों ने मिल कर इसे नया स्वरूप दिया। मां, बेटी और पोती, दोहिती सभी ने पहले दादाजी को सम्मानित किया फिर मां और भाभी, फिर भाभियों ने अपनी ननदों को मातृ दिवस पर शुभकामनाएं दी। अनिल घनश्याम दास केला आकोट (आकोला) के परिवार में उनकी माताजी, बहनों और पुत्री व भानजी और बहुओं का सभी ने आपस में सम्मान किया। अशोक टावरी ने उक्त जानकादी दी।

## उज्जैन में होगा मध्यांचल अधिवेशन

**उज्जैन।** मध्यांचल के 5 प्रदेश की सदस्याओं का समागम पश्चिमी मध्यप्रदेश प्रादेशिक माहेश्वरी महिला संगठन द्वारा आगामी 28/29 अगस्त 2024 को दो दिवसीय राष्ट्रीय व आंचलिक पदाधिकारियों के साथ अधिवेशन आयोजित किया जाएगा। प्रदेश अध्यक्ष उषा सोडानी ने बताया कि इस अवसर पर 500 सदस्याओं की उपस्थिति रहेगी। सचिव शोभा माहेश्वरी ने बताया कि अधिवेशन का आतिथ्यकर्ता उज्जैन ज़िला माहेश्वरी महिला संगठन होगा।

# स्नेह मिलन व प्रतिभा सम्मान समारोह सम्पन्न



**जोधपुर।** प्रतिभा मंच का स्नेह मिलन व प्रतिभा सम्मान समारोह 5 मई 2024 को जोधपुर में संपन्न हुआ। अतिथियों के करकमल से विशिष्ट प्रतिभाओं का सम्मान करते हुए उनके द्वारा किए जा रहे समाज सेवा, साहित्य, शिक्षा आदि कार्यों का परिचय दिया गया। डॉक्टर सूरज ने मंच संचालन किया। श्रीमती फूलकौर मूंदड़ा, उर्मिला तापड़िया व स्वाति जैसलमेरिया आदि ने सम्बोधित किया। सुशील बजाज, आनंदी भूतड़ा, प्रेरणा मंत्री, मंजू लोहिया, दीपा खेतावत, नीलम सोमानी आदि की उपस्थिति ने कार्यक्रम की गरिमा बढ़ाई।

# महिला मंडल ने मनाया श्री हनुमान महोत्सव



**फारबिसगंज।** माहेश्वरी महिला मंडल द्वारा स्थानीय मारवाड़ी अतिथि सदन में आयोजित श्री हनुमान महोत्सव में भक्तों का सैलाब उमड़ पड़ा। इस मौके पर 151 महिलाओं द्वारा सामूहिक रूप से संगीतमय सुंदरकांड का पाठ प्रस्तुत किया गया। श्री हनुमान महोत्सव में बाबा बजरंग बली का दरबार सजाया गया एवं बाबा को 56 भोग व सवामणी का महाभोग चढ़ाया गया। इस मौके पर माहेश्वरी महिला मंडल की अध्यक्षा संगीता बाहेती, सुनीता लड्ढा ने बताया कि इस महोत्सव में करीब 151 महिलाओं ने भाग लिया। माहेश्वरी सभा के अध्यक्ष व मुख्य यजमान सुरेश राठी एवं उनकी धर्मपत्नी शारदा राठी ने संयुक्त रूप से अखंड ज्योत व दीप प्रज्वलित कर महोत्सव का आगाज़ किया। महोत्सव में संगीता बाहेती, रंजना राठी, सुनीता लड्ढा, सुमन लखोटिया आदि ने भजनों की प्रस्तुति दी।

# मिशन आईएएस 100 का आयोजन

**सूरत।** महासभा के सभापति संदीप काबरा के फ्लैगशिप योजना के अंतर्गत मिशन आईएएस 100 का कार्यक्रम 2 जून को सूरत में डॉ. श्रीकांत बाल्दी (IAS) व श्री कृष्णकुमार भट्टर के नेतृत्व में सूरत जिला माहेश्वरी सभा द्वारा आयोजित किया जायेगा। इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि सभापति श्री काबरा होंगे। इस कार्यक्रम के वक्ता श्रीकांत बाल्दी, आईएएस (हिमाचल प्रदेश), किशन प्रसाद दरक, राष्ट्रीय समन्वयक मिशन आईएएस 100 (नांदेड़), कुमारी गरिमा मूंदड़ा, आईएफएस 2024 बैच, अहमदाबाद, डॉ. तेजस सारदा, आईपीएस 2024 बैच, (सोलापुर) व अभय डागा 2024 बैच, वर्धा रहेंगे।

# नीतू मण्डोवरा को सुयश



**कोयम्बटूर।** अखिल भारतवर्षीय माहेश्वरी महिला संगठन के अन्तर्गत राष्ट्रीय ज्ञानसिद्धा साहित्य समिति की तेलंगाना आंध्रप्रदेश माहेश्वरी महिला संगठन की क्षेत्रीय प्रतियोगिता 'साहित्य की किटी पार्टी' में कोयंबटूर की नीतू मण्डोवरा पत्नी गोविंद मण्डोवरा को तृतीय स्थान प्राप्त हुआ। इस उपलब्धि पर समस्त स्नेहीजनों ने हर्ष व्यक्त किया।

# स्नेहा को एआईआर-2



**जैसलमेर।** समाज की होनहार छात्रा स्नेहा टावरी पुत्री मंजु-कमल टावरी ने निफ्ट यानी नेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ फैशन टेक्नोलॉजी परीक्षा में ऑल इंडिया कैटेगरी में बीएफ टेक में दूसरी रैंक हासिल की है। इसके साथ ही स्नेहा ने बी डिजाइनिंग में भी छठी रैंक हासिल की है।

# वाटर कूलर का लोकार्पण

**रतनगढ़।** रतनगढ़ रेलवे स्टेशन प्लेटफार्म नंबर दो व तीन पर माहेश्वरी सभा ट्रस्ट व पवनकुमार जयचन्द लाल सर्राफ के सौजन्य से लगाये गए वाटर कूलर का गत 15 मई को ट्रस्ट द्वारा लोकार्पण रतनगढ़ स्टेशन अधीक्षक बाबूलाल मीणा, नारायण प्रसाद सराफ, चूरू जिलाध्यक्ष नरेश पेड़ीवाल व उतरी राजस्थान प्रादेशिक माहेश्वरी सभा के उपाध्यक्ष रजनीकांत सोनी ने भगवान महेश की पूजा अर्चना कर फीता काटकर किया। ट्रस्टी नरेन्द्र झंवर ने बताया कि दो वाटर कूलर पहले से इसी प्लेटफॉर्म पर रेल यात्रियों की सेवा के लिए लगाए जा चुके हैं। इन वाटर कूलरो से भीषण गर्मी में परेशान हो रहे रेल यात्रियों को शीतल पेयजल की सुविधा उपलब्ध होगी। लोकार्पण अवसर पर माहेश्वरी समाज के तहसील अध्यक्ष राकेश जाजू, मंत्री रामावतार चांडक, रामकिशन चांडक, अर्चित झंवर, जिला उपाध्यक्ष चन्दा सोनी, जिला संयुक्त मंत्री सरिता चाण्डक, तहसील मंत्री जयश्री जाजू, भावना जाजू, कमल सोनी आदि उपस्थित थे।

## रक्तदान शिविर का हुआ आयोजन



**भीलवाड़ा।** श्री नगर माहेश्वरी सभा के तत्वावधान में महेश नवमी महोत्सव 2024 कार्यक्रम के तहत शास्त्रीनगर माहेश्वरी युवा संगठन द्वारा स्थानीय भवन एवं तिलक नगर क्षेत्रीय माहेश्वरी सभा द्वारा तेज सिंह सर्किल स्थित सांवरिया रिसोर्ट में रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। दोनो शिविर सुबह 9.15 बजे से शुरू किये गये जो शाम 5.00 बजे तक जारी रहे। शास्त्रीनगर माहेश्वरी भवन में 63 युनिट व तिलक नगर क्षेत्रीय माहेश्वरी सभा के शिविर में 77 युनिट, संग्रहित किये गये। दोनो शिविर में कुल 140 यूनिट रक्त संग्रहित किया गया। रक्त संग्राहण का कार्य रामस्नेही व महात्मा गांधी ब्लड बैंक की टीम द्वारा किया गया। पंकज पोरवाल ने बताया कि तिलक नगर क्षेत्रीय माहेश्वरी सभा के शिविर का शुभारम्भ कैलाश कोठारी, राधेश्याम सोमानी सभाध्यक्ष केदार गगरानी, पूर्व पार्षद व संयोजक राधेश्याम सोमानी, रमेश राठी, प्रमोद डाड, गोपाल नरानीवाल, महेश जाजू ने एवं शास्त्रीनगर माहेश्वरी भवन के शिविर का शुभारम्भ पूर्व सभापति रामपाल लाल सोनी, राधेश्याम चेचाणी, जगदीश कोगटा, नगर मंत्री संजय जागेटिया, राधाकिशन सोमानी, श्याम लाल चांडक, सत्यनारायण मुन्द्रड़ा, तरूण सोमानी द्वारा किया गया। शिविर में भाग लेने वाले प्रत्येक रक्तदाता को प्रशस्ति पत्र के साथ ही विशेष उपहार प्रदान किया गया। भीषण गर्मी के दृष्टिगत रक्तदाताओं के लिए छाया, शीतल हवा एवं अल्पाहार का पूरा प्रबंध शिविर स्थल पर ही किया गया था।

## सुडोकू क्विज का टेक्नॉलोजी डे पर आयोजन



**भीलवाड़ा।** गत 11 मई को टेक्नोलॉजी डे के उपलक्ष्य में राष्ट्रीय स्तर पर अखिल भारतवर्षीय माहेश्वरी महिला संगठन की राष्ट्रीय अध्यक्ष मंजू बांगड़ व महामंत्री ज्योति राठी के नेतृत्व में संचार सिद्धा तकनीकी ज्ञान समिति ने तकनीकी सुडोकू ऑनलाइन व्हाट्सएप प्रतियोगिता आयोजित की। इसमें नवीन और तकनीकी तरीके जैसे क्यूआर कोड, स्पिनिंग व्हील, गूगल फॉर्म और पारंपरिक तरीके जैसे एमसीक्यू, क्रॉस वर्ड, शब्द खोजना, अंतर खोजना इत्यादि विभिन्न प्रकार के प्रश्न पूछे गए। यह प्रतियोगिता कुल चार चरणों में खेलाई गई। बेहतर तरीके से खेलने हेतु हिंट वीडियो भेजे गए। व्हाट्सऐप चैनल द्वारा टिप ऑफ द वीक, नियमावली, इमेज प्रश्न आदि भी दिए गए। नेपाल चैप्टर सहित 27 प्रदेशों से इसमें 4695 प्रतिभागियों ने इसमें अपनी रुचि दिखाई। इसमें कुल 45 प्रतिभागियों को विजेता घोषित किया गया, जिनमें से प्रत्येक अंचल से 4 प्रतिभागियों को विजेता और 5 को सांत्वना पुरस्कार दिये गये। यह पुरस्कार समिति द्वारा प्रायोजित किये गये।

## हंसिका वर्ल्ड क्लास कम्पनी में शामिल



**कोलकाता।** समाज सदस्य घनश्याम-प्रतिमा करनानी की सुपुत्री हंसिका ने विश्व स्तरीय फैशल डिजाईनिंग कम्पनी सव्यसांची ज्वाईन की है। उल्लेखनीय है कि उन्होंने फैशन डिजाईनिंग में स्नातक किया है। समस्त स्नेहीजनों ने हर्ष व्यक्त किया।

With Best Compliments From



*With Best Compliments from*

# THE PACKAGING PEOPLE

## Kraft Paper Mill
## Shriniwas Board and Paper Pvt Ltd, Dewas

**Corrugated Box:**

Shree Packers (MP) Pvt Ltd, Ujjain an ISO 9001-2008 Certified Co

Vyanktesh Corrugators Pvt Ltd,Ujjain an ISO 9001-2008 Certified Co

Automatic 3/5 Ply Plant

**HDPE Container & Accessories**

## Arpit Plastics Pvt Ltd, Ujjain
## Shriji Polymers Pvt Ltd, Ujjain

**Caps & Bottle for Pharmaceuiticals**

**(President's Award Winning Unit)**

**Manufacturers of All types of Corrugated Boxes, Dye Cut Boxes, Laminated and Offset Printed Cartons for Domestic & Export for Textile, Cosmetics, Engineering, Automobile, Pharmaceuticals, Food & Beverages , DMF approved facility for Bottles and CR Caps.**

**Contact Number:0734-2527320-23 Fax Number:0734-2519691**

**Email:anand@packingpeople.com Website:www.packingpeople.com**

## परिवार परिवेदना समिति की बैठक सम्पन्न



**जोधपुर।** गत 19 मई को समाजसेवी सीए योगेश बिड़ला के जोधपुर निवास पर परिवार परिवेदना निवारण समिति की बैठक में विस्तार से चर्चा हुई कि इन दिनों सामाजिक आंख का असर कम क्यों हो रहा है? संयोजक हरिप्रकाश राठी ने इसके लिए इन समितियों में अधिकाधिक युवकों को सम्मिलित करने का आव्हान किया, जिससे नयी पीढ़ी का मत जान सकें। स्वाति जैसलमेरिया ने घरों में प्रेम एवं अनुशासन के सम्यक सामंजस्य की वकालात की। सभा में महेंद्र मालपानी, डॉ. भरत माहेश्वरी, विमल बूब ने भी अपने विचार रखे। मनोविद डॉ. सुशीला राठी ने कहा अब बच्चों के अभिभावक नहीं मित्र बनकर रहना होगा ताकि बच्चे मन की गिरह खोल सकें। एडवोकेट नन्दकिशोर चण्डक ने कहा कि अहंकार एवं बढ़ती हठधर्मिता के चलते कोर्ट में अनुदिन तलाक के केसेज बढ़ रहे हैं। डॉ. सूरज माहेश्वरी ने इस हेतु महासभा स्तर पर व्यापक योजना बनाने की अनुशंसा की। उन्होंने कहा परिवार, व्यक्ति एवं समाज दोनों के लिए एक महत्वपूर्ण इकाई है पर आज आपसी भरोसा टूट रहा है। बच्चे मैं की मय पिये बैठे हैं। हमें इसे बचाना होगा।

## गायत्री मन्दिर का प्रथम पाटोत्सव सम्पन्न



**भीलवाड़ा।** भगवान भाव के भूखे है। उक्त आशीर्वचन गायत्री माता मन्दिर सीताराम संत सेवा आश्रम के महंत जयरामदास महाराज ने भजन संध्या कार्यक्रम में भक्तों को संबोधित करते हुए व्यक्त किए। गायत्री माता मंदिर सीताराम संत सेवा आश्रम, अहिंसा सर्किल, कोटा रोड पर आयोजित तीन दिवसीय प्रथम पाटोत्सव कार्यक्रम के दूसरे दिन भजन संध्या का आयोजन हुआ। इसमें राष्ट्रीय कथावाचक गोभक्त इंजीनियर दिव्यांशु दाधीच ने अपनी मधुर ध्वनि से भजनों की गंगा बहाई। कार्यक्रम के तीसरे दिन पाटोत्सव पर्व पर प्रातः काल अभिषेक हुआ। दोपहर में 56 भोग भक्तों ने लगाया। सायंकाल महाप्रसादी का आयोजन हुआ। भीलवाड़ा के सांसद सुभाष बहेड़िया, पूर्व सभापति मधु जाजू, ओम नारानीवाल, मंजू पोखरना, मंजू चेचानी, नगर परिषद के आयुक्त हेमाराम चौधरी, विश्व हिंदू परिषद के बद्रीलाल सोमानी, अंतर्राष्ट्रीय हिंदू परिषद के केंद्रीय मंत्री चंद्र सिंह जैन, पार्षद रमेश कोईवाल सहित सैकडो भक्तों की उपस्थिति रही।

## तहसील सभा की बैठक सम्पन्न



**गुलाबपुरा।** स्थानीय हुरडा तहसील माहेश्वरी सभा की कार्यकारिणी एवं कार्य समिति सदस्यों की बैठक हुरडा माहेश्वरी समाज सेवा समिति के आतिथ्य में महेश भवन हुरडा में नगर पालिका गुलाबपुरा के चेयरमैन सुमित काल्या के मुख्य आतिथ्य एवं अखिल भारतवर्षीय माहेश्वरी महासभा के अर्थ मंत्री राजकुमार काल्या, जिला संयुक्त मंत्री दिनेश तोषनीवाल, राष्ट्रीय कार्यकारी मण्डल सदस्य संजय राठी, तहसील अध्यक्ष शिव प्रकाश लड्ढा, तहसील मंत्री बालमुकुंद मोदी, निवर्तमान तहसील अध्यक्ष मुकेश खाल्या की उपस्थित में रखी गयी। तहसील अध्यक्ष शिव प्रकाश लड्ढा द्वारा अतिथियों का स्वागत किया गया। नगर पालिका अध्यक्ष सुमित काल्या द्वारा समाज के युवक-युवतियो को सिविल सर्विसेज में जाने हेतु प्रेरित किया गया। महासभा के अर्थ मंत्री राजकुमार काल्या ने कहा कि जिन भी समाज बंधुओ का अपना स्वयं का मकान नहीं है उन्हें चिन्हित कर महासभा द्वारा या स्थानीय प्रयासों से छत मुहैया कराए जाने का प्रयास किया जाए। बैठक में 9 जून को भीलवाड़ा में होने वाले कार्यक्रम मिशन I A S 100 में अधिकाधिक युवक-युवतियों से भाग लेने हेतु अपील की गई। साथ ही महेश नवमी धूमधाम से बनाने हेतु कार्यक्रम की कमेटियां बनाई गई। कार्यक्रम में दिनेश तोषनीवाल, संजय राठी एवं बालमुकुंद मोदी ने भी अपने विचार प्रकट किए। हुरडा माहेश्वरी समाज के अध्यक्ष बसंत काबरा ने सभी का आभार ज्ञापित किया। इस अवसर पर अरविंद सोमानी, सुनील तोषनीवाल, कृष्ण गोपाल कोगटा, नंदलाल तोषनीवाल, राम प्रसाद भूतड़ा, महेंद्र सोनी सहित समाज के कई गणमान्यजन उपस्थित थे।

## गंगा घाट स्वच्छता अभियान



**वाराणसी।** माहेश्वरी क्लब वाराणसी द्वारा गंगा घाट स्वच्छ्ता सेवा अभियान में 19 मई को प्रातःकाल 6 बजे से गंगा नदी के प्रसिद्ध घाट अस्सी घाट से नदी के दूसरे पार तक साफ सफाई की गई। गंगा सेवा निधि के स्वच्छता प्रकोष्ठ के निर्देशन में 23 युवाओं के समूह ने इस पुनीत अभियान में सहभागिता की। सभी के द्वारा एक विशेष नाव से यह अभियान आरंभ हुआ। इस दौरान लगभग 2 घंटे के अनवरत अभियान से 75 किलो से अधिक कचरा एकत्र कर उसे डंपिंग स्टेशन तक भेजा गया। गंगा सेवा प्रभाग द्वारा माहेश्वरी क्लब के इस अभियान की सराहना की गई। इस अभियान में अंकित धूत, ऋषि पटवारी, शशांक चाण्डक, यश गट्टानी, हर्ष गट्टानी, गोविंद बागड़ी, शुभम मारू, शुभम साबू, वत्सल दुजारी, राहुल कोठारी, राघव कोठारी, नीलेश चाण्डक, विदित धूत आदि उपस्थित थे।

# कैनवास क्रिकेट टूर्नामेंट का आयोजन



**वाराणसी।** स्थानीय माहेश्वरी क्लब द्वारा महेश माह के अंतर्गत स्व. श्री पवन जाजू स्मृति रात्रिकालीन कैनवस बॉल क्रिकेट टूर्नामेंट का आयोजन 25 मई को सनबीम अकादमी, सामने घाट के खूबसूरत क्रिकेट ग्राउंड पर रात्रि 8 बजे से किया गया। दूधिया प्रकाश में आयोजित होने वाला यह कार्यक्रम पिछले 35 वर्षों से निरंतर आयोजित किया जाता रहा है। इस वर्ष इस आयोजन को आईपीएल की तर्ज पर कई नवीनताओं को समाहित किया गया। आयोजन के 2 दिन पूर्व रजिस्ट्रेशन और वरीयता के आधार पर ऑक्शन संस्था के मानद सदस्यों के बीच किया गया, इसमें टीम ओनर निशान्त नेवर (रॉयल हीरोज - कैप्टन सिद्धार्थ मारू), पीयूष कोठारी (माइटी माहेश्वरीज कैप्टन लव कौशिक) मनोज धूत (जी टी किंग्स कैप्टन शशांक जाजू) तथा रितेश खटोड़ (कूल क्रशर कैप्टन राघवेंद्र सारड़ा) ने ऑक्शन में खिलाड़ियों को पॉइंट्स आधार पर चुना। इस प्रक्रिया में सभी ने उत्साह के साथ हिस्सा लिया। विधिवत रोमांचक शुभारंभ स्व. श्री पवन जाजू के चित्र पर माल्यार्पण कर संस्था के पूर्व अध्यक्ष सुनील झंवर, गोपाल दम्मानी, राकेश दरक तथा पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष युवा संगठन संजीव चांडक द्वारा किया गया। इस टूर्नामेंट में इन चार टीमों के बीच 6 लीग मैच हुए जिसमें 2-2 मैच जीतकर कूल क्रशर्स और जीटी किंग्स की टीमों ने फाइनल में जगह बनाई। रोमांचक फाइनल में कूल क्रेशर्स टीम ने जीटी किंग्स को 3 विकेट से पराजित किया। इस टूर्नामेंट में कुल 106 रन बनाने वाले अभिनव सोमानी को बेस्ट बैट्समैन , 8 विकेट लेने वाले अनुराग सोनी को बेस्ट बॉलर , नीलेश चाण्डक तथा मुदित चाण्डक को संयुक्त रूप से खेल के सभी प्रभागों में शानदार प्रदर्शन के आधार पर मैन ऑफ द सीरीज का पुरस्कार दिया गया।

# बहन बेटी स्नेह मिलन समारोह



**पनोरिया ( तहसील सेवड़ा जिला बाड़मेर )।** चारण समाज की ओर से स्नेह मिलन बहन बेटी सम्मान समारोह रखा गया। इस कार्यक्रम में पूरे पनोरियाँ गाँव की बहन बेटियों को सम्मानित किया गया। गाँव के सेठ स्व. श्री राम पुंगलिया ने पनोरिया गांव में 16 साल तक सरपंच पद पर रहकर अपने कार्यकाल में कई सामाजिक कार्य किये थे। अतः इसमें पूरे पुंगलिया परिवार की बेटियों को भी आमंत्रित कर अभिनन्दन किया गया।

# महिला एवं जूनियर क्रिकेट प्रतियोगिता का आयोजन




**हैदराबाद।** माहेश्वरी समाज महाराजगंज द्वारा आयोजित एमएमपीएल 2024 क्रिकेट प्रतियोगिता में नगर के विभिन्न क्षेत्रों से युवा महिला एवं बाल वर्ग (जूनियर) का अलग-अलग टूर्नामेंट आयोजन किया गया। इसमें युवा वर्ग में अत्तापुर एवनेजर्स विजय रही। महिला वर्ग में सिकंदराबाद क्षेत्र की लेडी पेंथर्स टीम एवं जूनियर क्रिकेट में रही मोटू पतलू चैम्प्स विजेता रहे। कोषाध्यक्ष दीपक बल्दावा ने कहा कि उक्त आयोजनार्थ शहर के विभिन्न प्रायोजकर्ताओ से राशि प्राप्त हुई है, जिसमें शीर्ष प्रायोजक के रूप में बाहेती स्टील ट्रेडर्स एल एल पी, राधिका एंटरप्राइजेज, श्री निर्मला फार्मा, एवं ए एस ब्रदर्स रहे। भगवान पंसारी, नंदगोपाल भट्टड़, निर्वतमान अध्यक्ष ओम प्रकाश असावा, अभिषेक इन्नानी, अभिषेक सारडा, अंकित मालानी, गोपाल राठी, दीपक भट्टड, दिनेश सारडा, कमल किशोर राठी, कैलाश झंवर आदि सहित सभी ने आयोजन को सफल बनाने में अपनी जिम्मेदारी निभाई।

पुर्वा कंसलटन्सी

नवनीत लाखोटीया

• आकोला रोड, आकोट
• सातव चौक आकोला
☎ (07258) 222572, मो. 9822225172

## सूरज माहेश्वरी के प्रथम गजल संग्रह का लोकार्पण



**जोधपुर।** साहित्य आनन्द के रस को पाठक के हृदय तक सहजता से पंहुचा पाता है। यह उद्गार राष्ट्रीय नाट्य विद्यालय नई दिल्ली के पूर्व अध्यक्ष और राजस्थानी भाषा के वरिष्ठ रचनाकार डॉ. अर्जुनदेव चारण ने साहित्यकार मंच एवं लेखनी के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित डॉ. सूरज माहेश्वरी के प्रथम गजल संग्रह ''अक्षर सूरज के'' पुस्तक विमोचन के अवसर पर कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए व्यक्त किए। मुख्य अतिथि के रूप में जयनारायण व्यास विश्वविद्यालय के हिन्दी विभाग के पूर्व अधिष्ठाता डॉ. कौशलनाथ उपाध्याय उपस्थित थे। कार्यक्रम संयोजक एवं वरिष्ठ गीतकार दिनेश सिन्दल, रंग निर्देशक कवि प्रमोद वैष्णव तथा वरिष्ठ साहित्यकार डॉ. पद्मजा शर्मा विशिष्ठ अतिथि के रूप में उपस्थित थीं। डॉ. भरत माहेश्वरी, देवांक, शुभांक, अमी, सुधांशी ने अतिथियों का स्वागत किया। इस अवसर पर हरिप्रकाश राठी, डॉ. हरीदास व्यास, डॉ. फतेह सिंह भाटी, अशफाक फौजदार, प्रमोद सिंघल, नीना छिब्बर, रानी माहेश्वरी, दशरथ सोलंकी, ऊषा पूँगलिया, शालिनी गोयल, शिवानी पुरोहित, भानु पुरोहित, ओम लखारा सहित जोधपुर के कई सृजनधर्मी, रंगकर्मी, साहित्य प्रेमी उपस्थित थे। कार्यक्रम का संचालन दिनेश सिन्दल ने किया।

## ग्रीन ट्रिब्यूनल ने मांगा जवाब

**भीलवाड़ा।** नेशनल ग्रीन ट्रिब्यूनल सेंट्रल जोनल बेंच भोपाल ने डिस्ट्रिक्ट मिनरल फंड का नियमानुसार खनन प्रभावित क्षेत्रों में उचित उपयोग नहीं होने के मामले को लेकर सख्त रुख अपनाया है। भीलवाड़ा निवासी पर्यावरणविद बाबूलाल जाजू की अधिवक्ता दीक्षा चतुर्वेदी के मार्फत दायर जनहित याचिका को दर्ज करते हुए न्यायाधिपति शिवकुमार सिंह एवं विशेषज्ञ सदस्य डॉ. अफरोज अहमद की बेंच ने मामले में मुख्य सचिव राजस्थान सरकार, प्रमुख सचिव मिनरल रिसोर्स डिपार्टमेन्ट जयपुर, सदस्य सचिव राजस्थान राज्य प्रदूषण नियंत्रण मण्डल जयपुर, निदेशक खान एवं भू विज्ञान विभाग उदयपुर, सचिव स्थानीय स्वशासन विभाग, जयपुर, जिला कलक्टर भीलवाड़ा, सदस्य सचिव राजस्थान डिस्ट्रीक्ट मिनरल फाउण्डेशन फण्ड भीलवाड़ा को नोटिस जारी कर जवाब मांगा है। श्री जाजू ने बताया कि 2015 से डीएमएफ योजना के माध्यम से राष्ट्रीय स्तर पर 19,000 करोड़ रुपये की बड़ी राशि एकत्र की गई है एवं इसमें से केवल 55% का ही उपयोग किया गया है, जिससे डीएमएफ फंड की पारदर्शिता और प्रभावी उपयोग के बारे में चिंताएं बढ़ गई हैं।





RAJURI STEEL
मजबूत, सुरक्षित, विश्वसनीय.
Product Range
Fe500 | RAJURI 500DPLUS | ACTUAL Fe550
6Bars | RINGER STIRRUPS | MADE TO MEASURE

**Globally Most Advanced And Biggest Plant In The Maharashtra.**

Rajuri Steel has been at the forefront of driving a revolution around technology in the steel industry. Our commitment to innovation and excellence has earned us a reputation of one of the most forward-thinking and visionary companies in the industry. Recently, the Rajuri Steels has taken a giant leap forward with the launch of the new State-Of-The-Art fully automated & Integrated plant in Maharashtra.

This plant is not only one of the most technologically advanced plants in India ,but it also represents a significant step towards a more sustainable and environmentally friendly steel manufacturing process. Rajuri Steels commitment to excellence, innovation, and sustainability has set us apart from other peers and has made us true pioneer in the industry. Our dedication is to drive a change and keep pushing the boundaries of what is possible to became an inspiration to all.

**Largest Production Capacity | state-of-the-art Manufacturing Facility | Fully Advanced & Automated No-Twist Rolling Mill**
**NABL Accredited Third Party Quality Control System | World Class Advanced Pollution Control System**

ASHOK SOMANY

SOMANY IMPEX
Stone that stnns


ASHOK SOMANY

# M/s. ASHOK SOMANY & Co.

**Mining of Natural Stone & Tiles**

Khol House, Circular Road, Rewari-123401 (Hry) Vill-Kund, Distt-Rewari (Hry)
Tel. : 01274-225358, Mob. : 9812345677, Res.: 01274-260088, 260048
Email : accounts@sonanyimpex.ind.in
factory@somanyimpex.ind.in, somanyimpex@gmail.com


AAKASH SOMANY

# SOMANY NATURAL STONES (I) Pvt. Ltd.

**All Kind of Natural Stone & Tiles**

Plot No.5, Delhi Rewari Road, Rewari-123401 (Hry)
Mobile : 9812345677, 9812028488
Email : mines@sonanyimpex.ind.in I Somanyimpex@gmail.com

# SOMANY IMPEX

**Exporter of All Kind of Natural Stoen & Tiles**

Khol House, Circular Road, Rewari-123401 (Hry) Unit-Khol Road, Vill-Kund, Distt-Rewari (Hry)
Tel. :01274-225358, Mob. : 9812028488, 9215689102
Email: accounts@sonanyimpex.ind.in
factory@somanyimpex.ind.in, somanyimpex@gmail.com

# LAVISH SURFACES

**Manufacturing & Export of SPC Tiles**

Plot No. SP3-167, Ceramic, Glass & Engineered Stone Zone, Ghiloth
Industrial Area, Ghiloth, Distt-Alwar, Rajasthan, Mob. : 9812028488
Email : aakash@lavishsurfaces.com I accounts@lavishsurfaces.com

# SOMANY (P.G.) INSTITUTE OF TECHNOLOGY & MANAGEMENT

**Running B.Tech & M. Techinfidderent Discilines of Engineering**

Near Delhi-Jaipur Highway No. 8, Beside 3 km, From Rewari City, Rewari (Hry) Tel. 01274-261239, 261781
Fax : 01274-261239, Mob. 9541069998
Email : info@sitmrewari.com I admin@sitmewari.com I accounts@sitmrewari.com

# मतदान के लिए लोगों को किया जागरूक



**कोलकाता।** माहेश्वरी समाजोत्थान समिति अन्तर्गत माहेश्वरी सभा ने राजस्थान परिषद व राजस्थान ब्राह्मण संघ के साथ मिलकर लोगों को मतदान के प्रति जागरूक करने के उद्देश्य से एक परिचर्चा का आयोजन किया। स्थानीय माहेश्वरी भवन में आयोजित इस कार्यक्रम में कोलकाता की विभिन्न सामाजिक संस्थाओं के प्रतिनिधियों ने हिस्सा लिया। 'मतदान हमारी जिम्मेदारी' विषय पर आयोजन के प्रमुख वक्ता हिंगलाज दान रतनू (सहायक निदेशक, राजस्थान सूचना केंद्र), हरि नारायण राठी (सुप्रसिद्ध समाजसेवी), सुशील कुमार सीतानी (अग्रवाल परिणय सूत्र समिति), लायन विजय सरावगी (पूर्व अध्यक्ष - लायंस क्लब ऑफ कलकत्ता), मनोज जैन (पूर्व अध्यक्ष -रोटरी क्लब ऑफ कोलकाता), माहेश्वरी सभा के सभापति बुलाकी दास मीमानी ने विचार व्यक्त किया। समारोह की अध्यक्षता सीए कृष्ण मुरारी तापड़िया (सुप्रसिद्ध आयकर सलाहकार व मुख्य चुनाव अधिकारी, अ.भा.मा. महासभा कोलकाता प्रदेश) ने की। माहेश्वरी समाजोत्थान समिति के अध्यक्ष उमेश राठी (हिन्द रतन), उपसभापति भगवान दास मूंधड़ा, राजस्थान परिषद के महामंत्री अरुण प्रकाश मल्लावत व राजस्थान ब्राह्मण संघ की अध्यक्षा दुर्गा व्यास ने आयोजन में शामिल हुए सभी लोगों का स्वागत किया। एडवोकेट राजाराम बियानी, पत्रकार शिव शारदा, सभा उपमंत्री अशोक चांडक, वरुण बिन्नानी, सुशील कोठारी, श्रीचंद डागा, अरुण सोनी, दामोदर प्रसाद राठी, रमेश कुमार चांडक, गौरी शंकर सोमानी, राजेश मोहता, भंवरलाल गट्टानी आदि कई गणमान्य जन इस अवसर पर उपस्थित रहे।

# चुनाव में जनजागृति अभियान




**मालेगांव।** लोकतंत्र चुनाव 2024 जनजागृति अभियान के अंतर्गत श्री माहेश्वरी प्रगति मंडल मालेगांव एवं मेरी कलम की कवियत्री सुमिता राजकुमार मूंधड़ा के सौजन्य से मालेगांव माहेश्वरी समाजबंधुओं को वोट देने पर ई - सर्टिफिकेट्स प्रदान किए गए। 200 माहेश्वरी बंधुओं को ई-सर्टिफिकेट्स प्रेषित किए गए। सुमिता मूंधड़ा ने ई-सर्टिफिकेट्स की स्पॉन्सरशिप और जिम्मेदारी बखूबी निभाई।

# मदर्स डे पर प्रतियोगिता



**सागर।** स्थान अध्यक्ष ममता चांडक और सचिव कविता जैथलिया और पूरी टीम के सहयोग से मदर्स डे के सभी महिलाओं ने अपनी मम्मी के फोटो लगाकर उनके बारे में लिखा और प्रतियोगिता में बढ़चढ़ कर भाग लिया। इसमें तीन पुरस्कार प्रथम, द्वितीय व तृतीय रखे गये।



## महिला संगठन पदाधिकारियो का स्वागत



**उदयपुर।** अखिल भारतवर्षीय माहेश्वरी महिला संगठन की राष्ट्रीय अध्यक्षा मंजु बाँगड़ का उदयपुर एयरपोर्ट पर स्थानीय माहेश्वरी महिला संगठन व राष्ट्रीय संगठन मंत्री ममता मोदानी, राष्ट्रीय सह- प्रभारी विनीता डाड आदि द्वारा अभिनंदन किया गया। तत्पश्चात् एक छोटी सी बैठक व रात्रि भोज का आयोजन किया गया। रात्रि भोज के पश्चात उपस्थित महिलाओं में पूर्व राष्ट्रीय कोषाध्यक्ष कौशल्या गट्टानी, रघुकुल रीत सिद्ध की सह प्रभारी श्रद्धा गट्टानी, राष्ट्रीय कार्य समिति की सरिता न्याति, जिला अध्यक्ष मंजू गांधी, सचिव रेखा असावा, प्रदेश सहयोजिका कविता बल्दवा, मंजू मूंदड़ा आदि शामिल थीं। श्री महेश बचत एव सांख समिति द्वारा 12 मई को राम स्नेही वाटिका में भव्य सांस्कृतिक संध्या मंथन का आयोजन किया गया। समिति अध्यक्ष संदीप लड्ढा व मंत्री नारायण लाहोटी ने बताया कि इनके साथ ही अखिल भारतीय महिला संगठन मंत्री ममता मोदानी, राष्ट्रीय पधाधिकारी विनीता डाड, पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष रामपाल सोनी, राष्ट्रीय कोषाध्यक्ष राजकुमार काल्या, रिलायंस इंडस्ट्रीज के वाइस चेयरमैन मुकेश चेचानी, निर्वतमान महिला अध्यक्ष आशा माहेश्वरी कोटा, माहेश्वरी सभा के जिला अध्यक्ष अशोक बाहेती, रामेश्वरम भवन अध्यक्ष कैलाश कोठारी, महेश सेवा समिति के अध्यक्ष ओमप्रकाश नरानीवाल, सचिव राजेंद्र कचोलिया आदि अतिथि के रूप में उपस्थित थे। कार्यक्रम में लगभग 170 प्रतिभागियों ने भाग लिया। इसमें विराट स्वरूप, समुद्र मंथन, अर्धनारीश्वर, नवदुर्गा, पिता पुत्री रैंप वॉक, लघु नाटक आदि कार्यक्रम मुख्य आकर्षण थे।

## अक्षरा को प्रथम स्थान



**जयपुर।** प्रवासी संघ (रजि.) मुंबई की संस्था द्वारा आयोजित मातृ शक्ति प्रतियोगिता में जयपुर की मधु भूतड़ा 'अक्षरा' के लेखन को प्रथम स्थान पर चयनित किया गया। इसके लिए 'अक्षरा' ने संस्था के निर्णायक मंडल के साथ सभी उपस्थित समाज बंधुओं का काव्य के माध्यम से आभार जताया। श्री माहेश्वरी समाज, जयपुर अध्यक्ष केदार भाला, महिला परिषद् अध्यक्ष ज्योति तोतला के साथ समाज के नवनिर्वाचित संरक्षक सत्यनारायण काबरा (जे.डी.सुपारी), सत्यनारायण काबरा (मा.न.) आदि उपस्थित थे।

## महेश अन्न सेवा का आयोजन




**जयपुर।** श्री माहेश्वरी समाज, जयपुर द्वारा सत्र 2022-25 में आरंभ की गई 'महेश अन्न सेवा' का आयोजन वर्षपर्यन्त किया जा रहा है। इसी क्रम में समाज के भामाशाह द्वारा गत 21 मई 2024 को जे. के. लॉन हॉस्पिटल के बाहर लगाए गए सेवा केंद्र पर लगभग 500 जरूरतमंदों को भोजन प्रसादी एवं मिठाई का वितरण किया गया। इस अवसर पर समाज अध्यक्ष केदारमल भाला, समाज महामंत्री मनोज मूंदड़ा, महेश सेवा कोष मंत्री मालचन्द बाहेती, शिक्षा सचिव - एम. जी. पी. एस. घनश्याम कचोलिया, संयोजक शंकरलाल लड्ढा, मण्डल अध्यक्ष अभिषेक मांधना सहित समाज के कई गणमान्य व कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## दिव्यांगो के लिए निःशुल्क उपचार शिविर



**कोयंबटूर।** माहेश्वरी समाज द्वारा गत 28 अप्रेल को उदयपुर के नारायण सेवा संस्थान के तत्वावधान एवं मार्गदर्शन में पहली बार दिव्यांगों के सेवार्थ निःशुल्क जांच, आपरेशन एवं कृत्रिम अंग (आर्टिफिशल लिम्ब) की माप के वृहद शिविर का आयोजन कोयंबटूर के थडागंम रोड़ स्थित माहेश्वरी भवन में किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ माहेश्वरी समाज के अध्यक्ष गोपाल माहेश्वरी, सचिव संतोष मूंदड़ा, सोमयामपालयम ग्राम सभा के सरपंच पी. रंगराज, वार्ड पार्षद जी. सेंथीलकुमार एवं अन्य समाज के प्रतिनिधियों ने किया। शिविर में तमिलनाडू प्रदेश के दूरदराज शहरो से लगभग 1000 दिव्यांग अपने परिजनो की सहायता से सम्मलित हुये, जिनकी नारायण सेवा संस्थान के डाक्टरों एवं प्रशिक्षित विशेषज्ञों की 20 सदस्य टीम ने जांच की। जांच के आधार पर 575 दिव्यांगो का नारायण आर्टिफिशल अंग और 80 का केलिपर्स लगाने के लिए माप लिया गया। इन सभी चयनित रोगियो के अंग मुफ्त मे अगस्त माह तक लगा दिये जाएगे।करीब 30 से ज्यादा दिव्यांग रोगियो का चयन उदयपुर मे मुफ्त शल्य चिकित्सा के लिए किया गया। शिविर मे सभी दिव्यांगो एंव उनके परिजनो को माहेश्वरी समाज के सहयोग से मुफ्त भोजन दोनो समय का दिया गया। समाज के विभिन्न सदस्यो ने आर्थिक सहयोग भी दिया। कोषाध्यक्ष दामोदर सोमाणी, सचिव संतोष मूंदड़ा, रुपनारायण सोमाणी, रामलाल सोनी, ओमप्रकाश चांडक, गिरीराज चांडक, आर.एन. सोनी, जितेंद्र सोमाणी, सुरेश मालाणी, राजेश कांकाणी, युवा अध्यक्ष गिरीराज फोमरा आदि ने इसमें सहयोग दिया।

## धूप से बचाव के लिए छाते वितरित



**रायपुर।** नर सेवा नारायण सेवा को सर्वोपरि मानते हुये रायपुर जिला द्वारा 16 मई बैशाख मास की तपती धूप में जीविका निर्वाह करने तेलघानी नाका, टूरी हटरी, सारथी चौक, शुक्रवारी बाजार के सब्जी बेचने वालो एवं जरूरतमंदों को छातो का वितरण किया गया। शुभारंभ अखिल भारतीय माहेश्वरी महिला संगठन की महामंत्री ज्योति राठी एवं प्रदेश सत्र संरक्षिका पुष्पा राठी के करकमलों द्वारा किया गया। सभी 75 छातो पर ''जय उमा महेश रायपुर जिला माहेश्वरी महिला समिति'' लिखवाया गया। सब्जी वालों ने छाते प्राप्त कर अत्यधिक प्रसन्नता जाहिर की। सेवा-त्याग और सदाचार की भावना से ओत-प्रोत माहेश्वरी महिला समिति द्वारा समय-समय पर जन सेवार्थ कार्य वर्षों से निरंतर किये जा रहे है। अखिल भारतीय माहेश्वरी महिला संगठन की महामंत्री ज्योति राठी, प्रदेश पदाधिकारी पुष्पा राठी, नीना राठी, दिव्या राठी, जिला अध्यक्ष पुष्पा लाहोटी, जिला सचिव वर्षा लाहोटी, कोषाध्यक्षा ममता सोमानी, संगठन मंत्री रमा मल्ल, सुनीता लाहोटी, श्रीकांता बियानी सहित 37 सदस्याओं की गरिमामय उपस्थिति एवं टीम के सहयोग से कार्यक्रम सफलता पूर्वक संपन्न हुआ।

## साझेदारी का मनाया पंचवर्षीय उत्सव




**हैदराबाद।** ब्लैकपैन और कमल वॉच कंपनी के बीच साझेदारी के पांच वर्ष पूरे होने के उपलक्ष्य में एक विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया गया जिसमें व्यापार और उद्योग जगत से जुड़ी हस्तियों ने बड़ी संख्या में भाग लिया। कमल वॉच कंपनी के निदेशक नीरज तोतला ने इस उत्सव में भाग लेते हुए कहा कि कमल वॉच कंपनी 2019 से ब्लैकपैन के साथ जुड़ी हुई है। इस उपलक्ष्य में आयोजित कार्यक्रम में फिफ्टी फैथम्स एवं लेडीबर्ड सहित कई तरह की विशेष घड़ियां प्रदर्शित की गयीं। इस कार्यक्रम ने उपस्थित लोगों को इन उत्कृष्ट घड़ियों का प्रत्यक्ष अनुभव करने का अनूठा अवसर प्रदान किया गया। निदेशक नीरज तोतला के साथ-साथ अंकित तोतला, सिद्धांत तोतला और माधव तोतला तथा ब्लैकपैन इंडिया के ब्रांड मैनेजर अरुण भूटानी, कंट्री मैनेजर पार्थ दत्तगुप्ता भी उपस्थित थे।

## सखी संगठन ने किया आयोजन



**अहमदाबाद।** माहेश्वरी सखी संगठन द्वारा गत 3 मई को 2022-2024 सत्र के आखिरी कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत संरक्षक सदस्य राधा माहेश्वरी और इंदिरा राठी द्वारा दीप प्रज्वल्लन करके की गयी। प्रोजेक्टर पर पूरे दो साल की रिपोर्ट देखी गई। अध्यक्ष अनुराधा अजमेरा ने सभी का स्वागत किया और पिछले 2 सालो में जिन-जिन लोगो ने सेवा कार्य और सभी दूसरे कार्यक्रमों में सहयोग दिया, सभी को धन्यवाद दिया गया। पहली बार माहेश्वरी सखी संगठन द्वारा माहेश्वरी समाज में महेश छात्रावास (नरणपुरा) के लिए 100000/- रु. सहयोग राशि देने का निर्णय लिया गया। पुरानी कमेटी द्वारा नई टीम का स्वागत किया गया। अखिल भारतीय माहेश्वरी महिला संगठन मध्यांचल उपाध्यक्ष उर्मिला कलंत्री द्वारा नयी समिति में अध्यक्ष-निक्की राठी, सचिव-सुमन काबरा, कोषाध्यक्ष-सविता जैसलमेरिया, प्रचार-प्रसार मंत्री-जया जेठा सहित कार्यकारिणी सदस्याओं को पद की शपथ दिलाई।

## क्रिकेट लीग मैच का हुआ आयोजन




**फारबिसगंज।** मारवाड़ी युवा मंच द्वारा हो  रहे ''MPL क्रिकेट लीग मैच 2024'' पाठशाला स्कूल ग्राउंड में सम्पन्न हुआ। इसमें जैन सुपर किंग्स ने माहेश्वरी टाइगर (माहेश्वरी युवा संगठन) को 7 विकेट से हरा दिया। संगठन के विकास खेमानी ने मैन ऑफ दी सीरीज, बेस्ट बोलर व बेस्ट बेस्टमेंन कप अपने नाम कर लिया। माहेश्वरी समाज के सदस्य राज कुमार लढ़ा एवं उनकी धर्मपत्नी सुनीता लढ़ा ने मारवाड़ी युवा मंच को सफलतापूर्वक क्रिकेट टूर्नामेंट करवाने पर मोमेन्टो देकर सम्मानित किया।

*टिशू पेपर मत बनो कि कोई हाथ पोछकर मसल दे। बनना है तो नोटों की तरह कड़कड़ाहट वाले बनो कि कोई एक मसलकर फैंक भी दे तो तुम्हें चाहने वाले हजार मिल जायें।*

IS:1786

CM/L - 6943589

# GBR TMT

THE STRENGTH WITHIN

www.gbrmetals.com

## Manufacturers of High quality MS Billets and TMT Bars




**Works:**
#295, G.N.T Road,
Peravallur Village,
Ponneri Taluk - 601 206
Tamil Nadu
Website: www.gbrmetals.com

**Registered Office:**
#4, Ramanan Road,
Chennai - 600 079
Tamil Nadu
Ph: +91 44 25292151
E-mail: sales@gbrmetals.com



## दिव्य को 93% अंक

**आलीराजपुर।** कक्षा 10वीं हाईस्कूल परीक्षा में रमेश मंत्री व प्रीति मंत्री के सुपुत्र दिव्य ने 500 अंक में से 469 अंक प्राप्त कर जिले की सूची में टॉपर में तीसरा स्थान प्राप्त किया।



## अपर्णा को 97% अंक

**बूंदी।** सीबीएसई कक्षा 10 वीं की परीक्षा में छात्रा अपर्णा माहेश्वरी ने 97 प्रतिशत अंक प्राप्त कर जिले में प्रथम स्थान प्राप्त किया। उन्होंने गणित विषय में शत प्रतिशत अंक प्राप्त करने का कीर्तिमान भी अपने नाम किया है। अपर्णा के पिता मनीष मंत्री कर सलाहकार और माता राजकीय शिक्षिका के रूप में कार्यरत हैं।



## नूपुर को 92% अंक

**उदयपुर (राज.)।** गौतम व आराधना सोमानी की सुपुत्री नुपूर माहेश्वरी ने सीबीएसई 10 वीं बोर्ड परीक्षा में 92% अंक प्राप्त किये। समस्त स्नेहीजनों ने हर्ष व्यक्त किया।



## दर्श को 92% अंक

**इंदौर।** अन्नपूर्णा क्षेत्र माहेश्वरी समाज के वरिष्ठ सदस्य महेंद्र गोपाल अटासनिया के पौत्र दर्श अटासनिया ने 10वीं सीबीएसई की परीक्षा में 92% अंक अर्जित कर पांच विषयों में विशेष योग्यता प्राप्त की है।



## आयुष को 97% अंक

**नागपुर।** समाज सदस्य डॉ. सुशील व डॉ. बरखा राठी के सुपुत्र आयुष ने सीबीएसई 10वीं की परीक्षा 97% अंकों से उत्तीर्ण की। समस्त स्नेहीजनों ने हर्ष व्यक्त किया।



## साक्षी को 96.2% अंक

**निम्बाहेड़ा (राज.)।** समाज सदस्य रत्नेश व तुलसी काबरा की सुपुत्री साक्षी ने सीबीएसई 10वीं की परीक्षा 96.2% अंकों से उत्तीर्ण की। समस्त स्नेहीजनों ने इस उपलब्धि पर हर्ष व्यक्त किया। जिला कलेक्टर आलोक रंजन द्वारा साक्षी को इस उपलब्धि पर सम्मानित किया गया।



## धैर्य को 98.6% अंक

**कोयंबटूर (तमिलनाडु)।** समाज सदस्य विनोद बागड़ी एंव श्वेता बागड़ी के सुपुत्र धैर्य बागड़ी ने हाल ही में घोषित CBSE बोर्ड कक्षा 10वीं के परिणाम में 98.6% अंक प्राप्त करके, युवा भारती पब्लिक स्कुल, कोयंबटूर में प्रथम स्थान प्राप्त किया। इस उपलब्धि पर समस्त स्नेहीजनों ने हर्ष व्यक्त किया।



## भवि को 92% अंक

**आलीराजपुर।** छात्रा भवि माहेश्वरी पिता अनूप माहेश्वरी ने सीबीएसई कक्षा दसवीं की परीक्षा में 92 प्रतिशत अंक प्राप्त किए। उनकी इस उपलब्धि पर समस्त स्नेहीजनों ने हर्ष व्यक्त किया।



## त्रिशा को 93% अंक

**इंदौर (म.प्र.)।** समाज सदस्य मनोज व श्वेता काबरा की सुपुत्री त्रिशा ने सीबीएसई 10वीं की परीक्षा 93% अंकों से उत्तीर्ण की। इसमें उन्होंने अपने स्कूल में टॉप किया है।



## दिव्यंका को 86% अंक

**जैसलमेर।** सीबीएसई 10वीं की परीक्षा में समाज सदस्य राजेंद्र-प्रीति सांवल की सुपुत्री दिव्यंका सांवल ने 86% अंक प्राप्त किये। समस्त स्नेहीजनों ने हर्ष व्यक्त किया।



## आराध्य को 96.8% अंक

**नागपुर (महा.)।** समाज सदस्य मनीष व ममता माहेश्वरी के सुपुत्र आराध्य ने सीबीएसई 10वीं की परीक्षा 96.8% अंकों से उत्तीर्ण की। समस्त स्नेहीजनों ने इस उपलब्धि पर हर्ष व्यक्त किया।



## आदित्य को 93% अंक

**इंदौर।** अन्नपूर्णा क्षेत्र माहेश्वरी समाज के वरिष्ठ सदस्य महेंद्र गोपाल अटासनिया के दोहित्र आदित्य लाठी सुपुत्र विनोद लाठी ने सीबीएसई 10वीं की परीक्षा 93% अंक अर्जित कर पांच विषयों में विशेष योग्यता प्राप्त कर उत्तीर्ण की। उनकी इस उपलब्धि पर समस्त स्नेहीजनों ने हर्ष व्यक्त किया।

## पार्थ को 95% अंक



**पुणे।** समाज सदस्य सुमित मालपानी के सुपुत्र पार्थ मालपानी ने सीबीएसई 12वीं की परीक्षा 95% अंकों से उत्तीर्ण की। समस्त स्नेहीजनों ने हर्ष व्यक्त किया।

## वत्सल को 96.2% अंक



**भीलवाड़ा।** समाज सदस्य मधु - केलाश मुन्दडा भादू भीलवाड़ा के सुपुत्र वत्सव ने सीबीएसई 12वीं की परीक्षा 96.2% अंकों के साथ उत्तीर्ण की। इस उपलब्धि पर सभी स्नेहीजनों ने हर्ष व्यक्त किया।

## पर्व को 97% अंक



**इंदौर ( म.प्र. )।** समाज सदस्य सचिन-शिखा माहेश्वरी के सुपुत्र पर्व ने सीबीएसई 12वीं की परीक्षा में गणित विषय में 100% अंक प्राप्त कर कुल 97% अंक के साथ स्कूल में प्रथम स्थान प्राप्त किया। पर्व ने जेईई मेन्स में भी 99.88 पर्सेन्टाईल प्राप्त किये हैं।

## परी को 98.8% व पूनम को 91.8%



**नोखा।** सीबीएसई 12वीं परीक्षा में वाणिज्य वर्ग से परी लाहोटी सुपुत्री डॉ. राधेश्याम लाहोटी ने 98.80% अंक प्राप्त करके बीकानेर जिले में प्रथम स्थान प्राप्त किया। परी की बड़ी बहन पूनम लाहोटी ने भी उल्लेखनीय प्रदर्शन करते हुए 91.8% अंक प्राप्त करके परिवार को गौरान्वित किया है।

## अनिमेष को आईआईटी में प्रवेश




**सीहोर।** समाज के वरिष्ठ डॉ. सुरेश - प्रतिभा झंवर के पौत्र तथा गोविंद - अंशुली झंवर के सुपुत्र अनिमेष ने कक्षा 12वी में 96% और 10वीं में 10 सीजीपीए प्राप्त करके डिस्ट्रिक्ट टॉप किया। उन्हें जेईई एडवांस में 1400 रैंक के कारण आईआईटी दिल्ली इलेक्ट्रिकल इंजीनियर में प्रवेश मिला है।

## अनुश्री को एमबीबीएस उपाधि



**जैसलमेर।** शहर के प्रतिष्ठित चार्टेड अकॉउंटेंट पूर्व चेयरमैन नगरपालिका जैसलमेर स्व. लक्ष्मीचंद सांवल नेहड़ाई वालों के दोहित्र दीपक राठी की पुत्री व स्व. श्री लीलादेवी स्व. श्री वल्लब राठी सत्तो वालों की पौती ज्योति दीपक राठी की पुत्री कु. अनुश्री राठी ने एमबीबीएस की उपाधि प्राप्त की। अनुश्री राठी के पिता दीपक राठी का वर्तमान में जोधपुर में व्यवस्याय है।

## यश्वि को कराटे में कांस्य पदक



**कोयंबटूर ( तमिलनाडू )।** माहेश्वरी समाज के शिव - संतोष मंत्री की सुपुत्री यश्वि मंत्री ने देहरादून में सम्पन्न हुई अखिल भारतीय राष्ट्रीय कराटे चैम्पियनशिप 2024 के अंडर 21 वर्ग में कांस्य पदक हासिल किया। चैम्पियनशिप का आयोजन भारतीय कराटे संघ (KIO) ने किया था। यश्वि इससे पहले भी राष्ट्रीय स्तर पर तीन बार प्रतिभागिता कर चुकी है और अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर भी भारत देश का प्रतिनिधित्व किया है।

महेश नवमी की हार्दिक शुभकामनाएं
श्रीनिवास एंड ब्रदर्स
किराणा एवं उच्चकोटि के सूखे मेवे
एगमार्क उपवन मधु 'ए ग्रेड', सुपर कोकिला मेहँदी,
एगमार्क सच्चासाबू साबूदाना
स्टॉकिस्ट: नटराज ब्रांड केसर एवं हींग
Dalia's™
High In Quality, Rich In Taste
Avani Impex
किराणा एवं उच्चकोटि के सूखे मेवे
14-7-371/16, राजाबहादुर बिल्डिंग के सामने,
बेगमबाजार, हैदराबाद-500012
फोन: 24745570, 24606726, 24615438

*Wishing You Happy Mahesh Navami*



# Tulsiram
## Maheshwari Public School

**Modi Nagar, G T Road Modinagar, Ghaziabad (U.P.), 201204**

**Vinod Kumar Maheshwari**
(President Manager)

**Mrs. Rajni Ohri**
(Principal)

***Affiliated of Central Board of Secondary Education, New Delhi***
***A Co-Educational School***

**NURSERY to XII**

**Having**
**Highly Qualified Teachers on the Staff**
**Well Equipped**
**Biology, Chemistry, Computer Science, Physics**
**& Home Science Laboratories**
**Excellent Results in Board's Examinations (X, XII)**

जय महेश

# महेश नवमी की हार्दिक शुभकामनाएं !



तेरे कदमों में अपना सिर
मैं रखती हूं दादी माँ।
तू ही मेरी जन्नत है
तू ही मेरा तीर्थ माँ।।

स्मृति शेष दादीसासु जी
(आ. पार्वती देवी जैसलमेरिया)
को समर्पित



आपकी यादें हमें सजाती हैं,
हर पल आपकी महक से
दिल को बहलाती हैं।
आपकी मुस्कान, आपकी बातें,
हर छोटी बड़ी बात,
हमें खुशियों से भर देती हैं।

स्मृतिशेष जगदीश प्रसाद जी पुंगलिया (पापा)
बालोतरा

शुक्रगुजार हूं माँ तेरी ,
इस धरती पर मुझको लाई।
सत्कर्म सदा शुभ फल लाते,
ये सीख तुम्ही से ही पाई।।

माँ (उषा देवी जी पुंगलिया)
बालोतरा



**स्वाति 'सरु' जैसलमेरिया, जोधपुर (राजस्थान)**

**स्वाति नक्षत्र ग्रुप( फेसबुक)**
**संस्थापक : स्वाति 'सरु' जैसलमेरिया**
**एवं राज मालपानी शोरापुर (हैदराबाद)**

**माहेश्वरी साहित्यकार मंच**

संस्थापक :
कलावती करवा (कूच बिहार, पश्चिम बंगाल)
श्यामसुंदर माहेश्वरी- छिंदवाड़ा ( मध्यप्रदेश)
मधु भूतड़ा (जयपुर)
स्वाति 'सरु' जैसलमेरिया (जोधपुर)
सतीश लाखोटिया (नागपुर)

**माहेश्वरी समाज की उत्पत्ति कब और कैसे हुई, यह प्रश्न अत्यंत कठिन व शोध का विषय है। वैसे हमेशा से एक पौराणिक कथा को माहेश्वरी समाज की उत्पत्ति से जोड़ा जाता है। अतः यह ही सर्वमान्य है। हमारी नव पीढ़ी की जानकारी के लिये पुनः प्रस्तुत है, माहेश्वरी समाज की यह उत्पत्ति की पौराणिक कहानी।**



# भगवान महेश की कृपा से उत्पन्न माहेश्वरी

खंडेलपुर जिसे खंडेलानगर और खंडिल्ल के नाम से भी उल्लेखित किया जाता था, नामक राज्य में सूर्यवंशी क्षत्रिय राजा खड्गलसेन राज्य करता था। इसके राज्य में सारी प्रजा सुख और शांति से रहती थी। खड्गलसेन इस बात को लेकर चिंतित रहता था कि पुत्र नहीं होने पर उत्तराधिकारी कौन होगा? राजा ने मंत्रियों से मंत्रणा कर के धोसीगिरी से ऋषियों को ससम्मान आमंत्रित कर पुत्रेष्ठी यज्ञ कराया। यज्ञ से प्राप्त हवि को राजा और महारानी को प्रसादस्वरूप में भक्षण करने के लिए देते हुए ऋषियों ने आशीर्वाद दिया और साथ-साथ यह भी कहा कि तुम्हारा पुत्र बहुत पराक्रमी और चक्रवर्ती होगा, पर उसे 16 साल की उम्र तक उत्तर दिशा की ओर न जाने देना, अन्यथा आपकी अकाल मृत्यु होगी। कुछ समयोपरांत महारानी ने एक पुत्र को जन्म दिया, जिसका नाम सुजानसेन रखा। वह राजकाज, विद्या और शस्त्र विद्या में आगे बढ़ने लगा तथा समय आने पर सुजानसेन का विवाह चंद्रावती के साथ हुआ।

## ऋषि शाप से बने पाषाण

देवयोग से एक जैन मुनि खंडेलपुर आए। कुंवर सुजान उनसे बहुत प्रभावित हुआ। उसने अनेक जैन मंदिर बनवाए और जैन धर्म का प्रचार-प्रसार शुरू कर दिया। जैनमत के प्रचार-प्रसार की धुन में वह भगवान विष्णु, शिव और देवी भगवती को मानने वाले को ही नहीं बल्कि ऋषि-मुनियों को भी प्रताड़ित करने लगा, उन पर अत्याचार करने लगा। ऋषियों द्वारा कही बात के कारण सुजानसेन को उत्तर दिशा में जाने नहीं दिया जाता था लेकिन एक दिन राजकुंवर सुजान 72 उमरावों को लेकर हठपूर्वक जंगल में उत्तर दिशा की ओर ही गया। उत्तर दिशा में सूर्य कूंड के पास महर्षि पाराशर की अगुवाई में सारस्वत, ग्वाला, गौतम, शृंगी और दाधीच ऋषि यज्ञ कर रहे थे। यह देख वह आगबबूला हो गया और क्रोधित होकर बोला, इस दिशा में ऋषि-मुनि शिव की भक्ति करते हैं, यज्ञ करते हैं, इसलिए पिताजी मुझे इधर आने से रोकते थे। उसने क्रोध में आकर उमरावों को आदेश दिया कि इसी समय यज्ञ का विध्वंस कर दो। आज्ञा पालन के लिए आगे बढ़े उमरावों को देखकर ऋषि भी क्रोध में आ गए और उन्होंने श्राप दिया कि सब निष्प्राण हो जाओ। श्राप देते ही राजकुंवर सहित 72 उमराव निष्प्राण, पत्थरवत हो गए। यह समाचार राजा खड्गलसेन ने सुना तो अपने प्राण तज दिए। राजा के साथ उनकी 8 रानियाँ सती हो गईं।

## भगवान महेश की कृपा से जीवनदान

राजकुंवर की कुंवरानी चंद्रावती 72 उमरावों की पत्नियों के सहित रुदन करती हुईं उन ऋषियों के चरणों में गिर पड़ी और क्षमायाचना करने लगी। तब ऋषियों ने उपाय बताया कि देवी पार्वती के कहने पर भगवान महेश्वर ही इनमें प्राणशक्ति प्रवाहित करेंगे। अतः निकट ही एक गुफा है, वहाँ जाकर भगवान महेश के अष्टाक्षर मंत्र 'ॐ नमो महेश्वराय' का जाप करो। राजकुंवरानी सारी स्त्रियों सहित गुफा में गई और मंत्र तपस्या में लीन हो गई। तपस्या से प्रसन्न होकर भगवान महेश देवी पार्वती के साथ आये। पार्वती ने इन जड़त्व मूर्तियों को देखा। उनके दर्शन होते ही सारी स्त्रियाँ देवी पार्वती के चरणों में गिर पड़ी। देवी पार्वती ने उनकी तपस्या से प्रसन्न होकर भगवान महेश से अनुरोध कर सुजानकुंवर तथा सभी 72 उमरावों को श्राप मुक्त कर दिया। इसके साथ ही उन्होंने सभी से उनके शस्त्र लेकर सूर्यकुंड में डलवाये और उन्हें वैश्य कर्म प्रदान किया। सुजानकुंवर को इस अपराध का मुख्य दोषी होने के कारण जागा का काम दिया और शेष 72 उमरावों से 72 माहेश्वरी खांपों की उत्पत्ति हुईं। श्राप देने वाले ऋषियों को इन सभी के गुरु का सम्मान प्रदान किया।

## जागाओं के मत में मतभेद

जागा अपने रिकॉर्ड के अनुसार माहेश्वरी समाज की उत्पत्ति 5 हजार वर्ष से भी पूर्व महाभारतकालीन मानते हैं, लेकिन उनका मत है कि 72 उमराव व सुजानकुंवर की श्राप मुक्ति की घटना महेश नवमी नहीं बल्कि सत्तु तीज को हुई थी। वे इसके समर्थन में उत्पत्ति से जुड़ी पंक्ति सुनाते हैं- 'प्रथम सन् 9 का समय शुभ मोहरत तिथि तीज भादवे जन्म्यो माहेश्वरी बादा खंडेली बीज।' उनके मतानुसार 12 वर्षों से पाषाण बने 72 उमराव व राजा सुजानकुंवर को भगवान महेश ने सत्तु तीज के दिन श्राप मुक्त कर उनकी भूख की व्याकुलता शांत करने के लिए उन्हें सत्तु भोजन के रूप में प्रदान किया था। इसके बाद वे महेश नवमी के दिन डिडवाना जाकर बसे और उन्होंने वहां से अपने वैश्य धर्म की शुरुआत की थी। अतः वास्तव में महेश नवमी माहेश्वरी समाज के वैश्य धर्म स्वीकार करने का दिवस है।

**महेश नवमी पर्व माहेश्वरी समाज के लिये अत्यंत महत्वपूर्ण पर्व है। क्योंकि इसी दिन माहेश्वरी समाज की वैश्य रूप में उत्पत्ति हुई थी। इन सबके बावजूद उल्लास की कमी से यह पर्व अभी तक वह सम्मान प्राप्त नहीं कर सका जिसका वह अधिकार रखता है। इसके लिये हमें संकल्पित होकर दीपावली-दशहरा की तरह ही पूरे उल्लास के साथ यह महापर्व मनाना होगा। जब हम इसे महत्व देंगे तभी तो दूसरे देंगे, यह न भूलें।**



# भव्य रूप में मनाऐं महेश नवमी पर्व

पूरे देश में तथा विदेशों में भी अपने समाज के स्थानीय संगठन महेश नवमी समारोह आयोजित करते हैं। कार्यकर्ताओं के उत्साहपूर्ण प्रयास से महेश नवमी के कार्यक्रमों में समाजबंधुओं की भागीदारी बढ़ी है। कार्यक्रमों की गुणवत्ता में निखार स्पष्ट रूप से दृष्टिगोचर होता है। विविधता के साथ-साथ कार्यक्रम के माध्यम से कोई न कोई संदेश देने की दृष्टि विकसित हो रही है। इस सराहनीय उपलब्धि के बावजूद महेश नवमी अपने घरों में एक त्योहार के रूप में स्थापित नहीं हो पाई है। परिवार के सभी सदस्य महेश नवमी मनाने के लिए समाज द्वारा आयोजित कार्यक्रम में शामिल होने नहीं जाते हैं, कुछ जाते हैं, कुछ घर पर ही रुक जाते हैं। लगता है महेश नवमी मनाने की परंपरा समाज के संगठनों ने शुरू की और हम लोग उसी में रम गए। इसलिए अनजाने ही घर में महेश नवमी मनाने का विचार अंकुरित नहीं हो पाया।

## स्वयं के घर से उल्लास की शुरुआत

वास्तव में परिवार के किसी सदस्य का जन्मदिन मनाने से अधिक महत्व हमें अपने समाज के प्रादुर्भाव दिवस मनाने को देना चाहिए। जिस तरह होली-दिवाली-विजयादशमी के त्योहार अपने घरों में मनाए जाते हैं, उसी तरह महेश नवमी को भी एक त्योहार के रूप में प्रत्येक माहेश्वरी के अपने-अपने घरों में मनाया जाना चाहिए। राज-तंत्र अथवा संगठनों द्वारा जो उत्सव मनाए जाते हैं, किसी भी कालखंड में उनमें शिथिलता अथवा व्यवधान आने की आशंका को नकारा नहीं जा सकता। इसके कई उदाहरण इतिहास व वर्तमान में मौजूद हैं। एक त्योहार के रूप में महेश नवमी घर में मनाने से सभी सदस्यों की इसमें भागीदारी होगी। इससे माहेश्वरी भाव अधिक पुष्ट होगा। इस पावन दिवस को त्योहार के रूप में अंगीकार करने से यह परिवार में सामाजिक संस्कार की नींव को मजबूत करेगा। अन्य त्योहारों की भांति घर में महेश नवमी को एक त्योहार के रूप में स्थापित करने के लिए होली, दीपावली व विजयादशमी जैसे उत्साह की जरूरत है।

## खुशियों को अपनों के बीच बांटें

अपने मित्रों-रिश्तेदारों को तथा समाजबंधुओं को इस अवसर के उपलक्ष्य में शुभकामना संदेश प्रेषित किए जाएं। घर के प्रवेश द्वार पर फूल पत्ती, सजावटी वंदनवार, रंगोली, बिजली से सजावट करें। स्थानीय संगठन इसके लिए प्रतियोगिता आयोजित कर सकते हैं। व्हाट्अप द्वारा उनके चित्र मंगवाकर पुरस्कृत किया जा सकता है। परिवार के सभी सदस्य मिलकर एक साथ घर में महेश वंदना करें, प्रसाद वितरित करें। अन्य त्योहारों की भांति महेश नवमी पर भी रसोई में कुछ विशिष्टता रखी जाए। घर के सभी सदस्य अपने से बड़ों को प्रणाम करें। परिवार में अर्थोपार्जन करने वाले सदस्य बड़ों को उनकी आवश्यकता/अभिलाषा के अनुरूप उपहार भेंट करें। परिवार प्रमुख छोटों को अन्य त्योहारों की भांति इस दिन भी त्योहारी दें। परिवार के सदस्यों के साथ अपने आवास-प्रतिष्ठान के कर्मचारियों व सेवकों को भी त्योहारी दी जाए। बच्चों को उपहार दिया जाए जिससे उनके मन में महेश नवमी के लिए आकर्षण जागृत हो, उनमें माहेश्वरी भाव का बीजारोपण हो।

## अपनी सेवा भावना का भी करें प्रदर्शन

किसी रिश्तेदार को सहयोग की आवश्यकता हो तो इस दिन उसका सहयोग करें, किसी कारण से तत्काल सहयोग संभव न हो तो उसका सहयोग करने का संकल्प करें। यह अवश्य ध्यान रखना चाहिए कि जिनका सहयोग किया जा रहा है उनका स्वाभिमान आहत न हो। समाज के किसी प्रकल्प अथवा सेवा निधि को आर्थिक सहयोग भेंट करें। भेंट राशि की संख्या से अधिक महत्व इस भाव का है कि हमने सेवा राशि अर्पित की। महेश नवमी के उपलक्ष्य में इस दिन अथवा महेश नवमी के पूर्व किसी सुविधाजनक दिन सामूहिक रूप से कारसेवा की जाए। सिख समाज की इस अनुपम परंपरा को निभाते हुए अपने समाज द्वारा स्थापित भवन / धर्मशाला / अतिथिगृह, समाज के किसी प्रकल्प, किसी मंदिर अथवा किसी सार्वजनिक स्थल का कारसेवा हेतु चयन किया जा सकता है। अपने परिवार के पुरखों का श्रद्धा स्मरण करते हुए परिवार के प्रति उनके योगदान को याद किया जाए। स्थानीय संगठन के माध्यम से अपने क्षेत्र के श्रद्धा-पुरुष, प्रादेशिक व राष्ट्रीय संगठन के माध्यम से प्रादेशिक व राष्ट्रीय स्तर पर श्रद्धा पुरुषों का स्मरण किया जाए। समाज के प्रति इनके समर्पण, योगदान से वर्तमान पीढ़ी को अवगत कराया जाए। व्यक्तिगत स्तर पर अथवा संगठनों के माध्यम से पौधोरापण भी किया जाए। वर्तमान में जब सम्पूर्ण राष्ट्र कोरोना महामारी से जूझ रहा है, ऐसे में अनिवार्य है कि हम मानवता की सेवा में अपना योगदान देकर अपने आपके माहेश्वरी होने का परिचय भी दें।

**महेश नवमी पर्व वास्तव में माहेश्वरी समाज का उत्पत्ति पर्व है, जिस दिन भगवान महेश की कृपा से हमारे पूर्वजों को नवजीवन मिला था। लेकिन यह पर्व यहीं तक सीमित नहीं है, यह वास्तव में भगवान महेश की उपासना का भी पर्व है। यदि हम इसे शास्त्रोक्त ढंग से मनाते हैं, तो इस दिन भगवान की विशेष कृपा प्राप्त होती है। तो आईये देखें क्या करें और क्या न करें हम, इस दिन।**



# कैसे मनाऐं शास्त्रोक्त ढंग से

# महेश नवमी

## ऐसे करें भगवान महेश की पूजा

महेश नवमी के दिन शिवलिंग तथा भगवान शिव-परिवार का पूजन-अभिषेक किया जाता है। भगवान शिव को पुष्प, गंगा जल और बेल पत्र आदि चढ़ाकर पूजन किया जाता है। डमरु बजाकर भगवान शिव की आराधना की जाती है। मां पार्वती का पूजन एवं स्मरण करके विशेष आराधना की जाती है। महेश नवमी के दिन भगवान शिव की पूजा का खास महत्त्व है। वैसे तो इस दिन व्रत रखने का विधान है। यदि किसी कारणवश उपवास नहीं कर सकते तो पूजन और उपाय करके भगवान शिव को प्रसन्न किया जा सकता है। सुबह स्नानादि कार्यों से निवृत्त होकर शिवालय में जाकर अथवा घर में शिवलिंग पर जल अर्पित करें। इससे मनुष्य का स्वभाव शान्त और स्नेहमय होता है।

## इन मंत्रों का करें जाप

महेशनवमी के दिन पूर्व या उत्तर दिशा की ओर मुख करके मंत्रों का जाप करना चाहिए। जप के पूर्व शिव जी को बिल्वपत्र अर्पित करना चाहिए। उनके ऊपर जलधारा अर्पित करना चाहिए। निम्नानुसार मंत्र जाप कर आप शिव को प्रसन्न कर सकते हैं -

**नमो नीलकण्ठाय, प्रौं ह्रीं ठः, उर्ध्व भू फट्, ऊँ नमः शिवाय, ऊँ पार्वतये नमः, ह्री ह्रौं नमः शिवाय, नमो भगवते दक्षिणामूर्त्तये मह्यं मेधा प्रयच्छ स्वाहा, इं क्षं मं औं अं आदि।**

## मनोकामना पूर्ति के लिये विशेष उपाय



▶▶ महेश नवमी पर शिवजी की कृपा के लिये भगवान शिव को 21 बिल्वपत्र लाल चन्दन से लिखकर अर्पित करें।

▶▶ शिवपुराण के अनुसार, शिवजी को धतूरा चढ़ाने से विशेष लाभ और धन की प्राप्ति होती है।

▶▶ भगवान शिव को भांग बहुत प्रिय है। भांग चढ़ाने से भी शिवजी की कृपा मिल सकती है।

▶▶ महेश नवमी पर शिवलिंग का अभिषेक पानी से किया जाए तो रोगों से मुक्ति मिल सकती है।

▶▶ शिवलिंग पर पंचामृत चढ़ाने से हर मनोकामना पूरी हो सकती है। घर के पूजा स्थान पर रुद्र यंत्र की स्थापना करें और रोज उसकी विधि-विधान से पूजा करें।

▶▶ धन लाभ के लिए शिवजी को चावल चढ़ाएं। ये उपाय शिवपुराण में बताया गया है।

▶▶ शिवपुराण के अनुसार शारीरिक कमजोरी दूर करने के लिए शिवलिंग का अभिषेक गाय के शुद्ध घी से करना चाहिए।

▶▶ अगर आप किसी बीमारी से परेशान हैं तो इस दिन महामृत्युंजय का जाप करें-

*ॐ त्र्यम्बकं यजामहे सुगन्धिं पुष्टिवर्धनम्।*

*उर्वारुकमिव बन्धनान्मृत्योर्मुक्षीय माऽमृतात्॥*

▶▶ भोलेनाथ का शक्कर से अभिषेक करें। इससे सुख और समृद्धि में वृद्धि होती है। इसके साथ ही मनुष्य के जीवन से दरिद्रता सदा के लिए चली जाती है।

▶▶ शिवलिंग पर केसर अर्पित करें। ऐसा करने से व्यक्ति को सौम्यता मिलती है।

▶▶ शिवलिंग पर इत्र लगाने से व्यक्ति के विचार पवित्र और शुद्ध होते हैं।

▶▶ शिवलिंग पर दूध अर्पित करने से स्वास्थ्य सदैव अच्छा रहता है और बीमारियां दूर होती हैं।

▶▶ भगवान शिव को दही अर्पित करने से स्वभाव गंभीर होता है और जीवन में आने वाली परेशानियों से मुक्ति मिलती है।

▶▶ भोलेनाथ पर घी अर्पित करने से व्यक्ति की शक्ति में वृद्धि होती है।

▶▶ भगवान शिव को चंदन प्रिय है। भोलेनाथ को चंदन अर्पित करने से व्यक्तित्व आकर्षक होता है।

▶▶ शिवलिंग को शहद चढ़ाने से व्यक्ति की वाणी में मिठास आती है।

▶▶ भगवान शिव को भांग अर्पित करें। ऐसा करने से बुराईयों का नाश होता है।

▶▶ भारतीय शास्त्रों में बिल्वपत्र को भगवान शंकर की तीसरी आंख बताया गया है। उन्हें यह बहुत प्रिय है, अगर पूजा करने में बिल्वपत्र का प्रयोग किया जाए तो भक्तों की सभी मनोकामनाएं पूरी होती हैं।

## क्या करें-क्या न करें?

▶▶ महेश नवमी के दिन भगवान शिव को यदि प्रसन्न करना चाहते हैं तो इस दिन काले रंग के कपड़े ना पहनें। इस दिन काले रंग के कपड़े पहनना अशुभ माना जाता है।

▶▶ ऐसी मान्यता है कि भक्तजनों को शिवलिंग पर चढ़ाए जाने वाले प्रसाद को ग्रहण नहीं करना चाहिए। क्योंकि इससे दुर्भाग्य आता है ऐसा करने से धन हानि और बीमारियां भी हो सकती हैं।

▶▶ शिवलिंग पर कभी भी तुलसी की पत्ती नहीं चढाएं। शिवलिंग पर दूध चढ़ाने से पहले यह ध्यान रखें कि पाश्चुरीकृत या पैकेट का दूध इस्तेमाल ना करें और शिवलिंग पर ठंडा दूध ही चढाएं। अभिषेक हमेशा ऐसे पात्र से करना चाहिए जो सोना, चांदी, कांसे का बना हो। अभिषेक के लिए कभी भी स्टील, प्लास्टिक के बर्तनों का प्रयोग ना करें।

▶▶ भगवान शिव को भूलकर भी केतकी और चंपा फूल नहीं चढाएं। ऐसा कहा जाता है कि इन फूलों को भगवान शिव ने शापित किया था। केतकी का फूल सफेद होने के बावजूद भोलेनाथ की पूजा में नहीं चढ़ाना चाहिए।

▶▶ महेश नवमी के दिन मांस या मदिरा का सेवन करने से बचना चाहिए। इस दिन सात्विक भोजन करना सही होता है।

▶▶ भगवान शिव की पूजा में भूलकर भी टूटे हुए चावल नहीं चढ़ाया जाना चाहिए। अक्षत का मतलब होता है अटूट चावल, यह पूर्णता का प्रतीक है। इसलिए शिवजी को अक्षत चढ़ाते समय यह देख लें कि चावल टूटे हुए तो नहीं है।

▶▶ शिवलिंग पर सबसे पहले पंचामृत चढ़ाना चाहिए। पंचामृत यानी दूध, गंगाजल, केसर, शहद और जल से बना हुआ मिश्रण। जो लोग चार प्रहर की पूजा करते हैं उन्हें पहले प्रहर का अभिषेक जल, दूसरे प्रहर का अभिषेक दही, तीसरे प्रहर का अभिषेक घी और चौथे प्रहर का अभिषेक शहद से करना चाहिए।

▶▶ भगवान शिव को दूध, गुलाब जल, चंदन, दही, शहद, घी, चीनी और जल का प्रयोग करते हुए तिलक लगाएं।

▶▶ ऐसी मान्यता है कि शिवलिंग या भगवान शिव की मूर्ति पर केवल सफेद रंग के ही फूल चढ़ाने चाहिए क्योंकि भोलेनाथ को सफेद रंग के ही फूल प्रिय हैं। महेश नवमी पर भोलेनाथ को प्रसन्न करने के लिए चंदन का टीका लगा सकते हैं। शिवलिंग पर कभी भी कुमकुम का तिलक ना लगाएं। हालांकि भक्तजन माँ पार्वती और भगवान गणेश की मूर्ति पर कुमकुम का टीका लगा सकते हैं।

▶▶ इस दिन सुबह देर तक नहीं सोना चाहिए। जल्दी उठ जाएं और बिना स्नान किए कुछ भी ना खाएं। व्रत नहीं है तो भी बिना स्नान किए भोजन ग्रहण नहीं करें।


**Chandra Group of Hotels**


*Celebrate your unforgettable moments with us in an extravagant way!*

**Ring Ceremony | Wedding Ceremony | Reception**
**Anniversary | Kitty Party | Birthday party**

**Chandra Inn** | **Chandra Imperial** | **Chandra Grand**

For Bookings
Contact: 9950921999, 9928021333, 982902199, 9829023666

**माहेश्वरी समाजजन किस तरह ईमानदारी, दृढ़ संकल्प व सजगता से व्यवसाय करके सफलता का शिखर छूते हैं, इसी की मिसाल हैं, आर.ए. क्राफ्ट पेपर्स प्रा.लि. के संचालक रमेश गाँधी, जो वर्तमान में देश भर में क्राफ्ट पेपर तथा बोर्ड सप्लाय में शीर्ष स्थान पर हैं। गत दिनों सिंगापुर में आयोजित ''लोकमत ग्लोबल इकोनॉमिक कन्वेंशन'' में श्री गाँधी को उनके इस योगदान के लिये ''लोकमत मरूधर पुरस्कार'' से सम्मानित किया गया।**



# देश के शीर्ष क्राफ्ट पेपर व बोर्ड सप्लायर
# रमेश गाँधी

आर्थिक क्षेत्र में हो रहे विकास की समीक्षा कर देश के विकास की दिशा तय करने के उद्देश्य से सिंगापुर के पांच सितारा विश्व प्रसिद्ध होटल शांगरी-ला में 'लोकमत ग्लोबल इकानोमिकल कंवेंशन' का भव्य आयोजन किया गया। इस समारोह में अंतरराष्ट्रीय स्तर पर अपने-अपने क्षेत्र में नाम रोशन करने वालों को सम्मानित किया गया। इंट्रिया ज्वेल्स, न्याति ग्रुप और जी 2 स्नैक्स के सहयोग से संपन्न हुए इस समारोह में अपने कर्तृत्व से अपनी विशिष्टता साबित करने वाले विभिन्न क्षेत्रों के गणमान्य व्यक्तियों ने भाग लिया था। इस अवसर पर राजस्थान के रेगिस्तान से निकलकर राज्य और देश के बाहर महत्वपूर्ण योगदान देने वाले व्यक्तियों को 'लोकमत मरुधर' पुरस्कार से सम्मानित किया गया। इसी के अंतर्गत आर.ए. क्राफ्ट पेपर्स प्रा.लि. के संचालक रमेश गाँधी व रोहित गाँधी को लोकमत मरूधर पुरस्कार की श्रृंखला में ''एक्सीलेंस इन कंट्रीवाइड क्राफ्ट पेपर एवं बोर्ड सप्लायर'' के सम्मान से सम्मानित किया गया। रमेश गांधी कहते हैं, सिंगापुर में हुए लोकमत ग्लोबल इकोनॉमिक कन्वेंशन' के मंच पर सच्ची प्रतिभाओं से मिलने का मौका मिला। उन्हें वैसे तो कई बार अवार्ड मिले हैं, लेकिन सिंगापुर में ऐसे लोगों से मिलकर उन्हें नई ऊर्जा प्राप्त हुई है। लोकमत की टीम द्वारा सवा सौ लोगों का सर्वे कर उनमें से उनका चयन किया जाना उनके लिए बहुत बड़ा सम्मान है।

## संघर्ष से व्यावसायिक जीवन की शुरुआत

श्री गाँधी का जन्म सन् 1951 में एक छोटे से कस्बे मलकापुर (अकोला) में हुआ। वहीं रहते हुए एम.कॉम तक शिक्षा ग्रहण की, जिसमें एक एवरेज विद्यार्थी ही रहे। वे सात भाई व तीन बहन थे, ऐसे में परिवार की आर्थिक स्थिति ठीक नही थी। परिवार का कोई सशक्त व्यावसायिक बेकग्राउंड नहीं था, इसलिये शुरुआत में किराना की दुकान लगाई. गोली, बिस्कुट, सब्जी भी बेची। उन्होंने स्टेट बैंक ऑफ इंडिया में नौकरी के लिये आवेदन किया तथा साक्षात्कार के लिये मुम्बई गये लेकिन फेल हो गये। फिर वहाँ जाकर एक प्रायवेट फर्म में नौकरी प्रारम्भ कर दी और मुम्बई शिफ्ट हो गये। सन् 1975 से 78 तक मुम्बई में रहे। इस दौरान मुम्बई की लाईफ स्टाईल व वहाँ के लोगों का संघर्ष देखा जो प्रेरक था। मुंबई ने उन्हें खूब सिखाया और परिपक्व बनाया। मुंबई अपने आप में सबसे बड़ा टीचर है, जिसने संघर्ष सिखाया। इसी दौरान 17 जून 1978 को उनका विवाह हो गया। बॉस की समझाइश के बावजूद मुम्बई छोड़ना पड़ा क्योंकि मात्र 700 रुपये की सेलरी में मुम्बई में परिवार सहित रहना सम्भव नहीं था। ससुरजी नागपुर के अत्यंत सम्पन्न व्यक्तियों में से एक थे। अतः ऐसी स्थिति में उनसे चर्चा की। उनके परामर्श के अनुसार जनवरी 1979 में नागपुर में आर.एस. इन्टरप्राइजेस के नाम से दुकान प्रारम्भ की और फिर परिवार सहित नागपुर आ गये।

## अत्यंत चुनौती भरा दौर

जो सफलता प्राप्त करने की जिद्द रखते है, वे चुनौतियों की परवाह नही करते। यह वाक्य श्री गांधी पर खरा उतरता है। श्री गांधी के जीवन में कई उतार-चढ़ाव आए. कुछ हादसों ने तो उन्हें अर्श से फर्श पर ला दिया, लेकिन विकट हालात भी उनके संघर्ष और मेहनत के जज्बे को कम नहीं कर सके। भगवान श्री गणेश पर सदा से रहे अटूट विश्वास ने उन्हें और ताकत दी। श्री गांधी ने संघर्ष को सफलता का मूलमंत्र बनाया। आज वे



श्री संजय घोडावत (स्टार एअरलाईन्स के मैनेजिंग डायरेक्टर) के साथ





सैकड़ों युवाओं के लिए प्रेरणादायी हैं। श्री गाँधी बताते हैं मैंने एक-एक प्रेस जाकर कागज की रिम बेचना प्रारम्भ कर दिया। अलग-अलग शहरों में कॉपियाँ भी बनाई और टीएलओ भी बेचा। इस दौरान मुम्बई आने-जाने का मौका भी मिलता था। अब हमने आर.ए. इन्टरप्राइजेस नाम से नागपुर में भी फर्म प्रारम्भ कर दी, जिसके लिये नागपुर पेपर मिल की एजेंसी ले ली। फिर मैंने अपने परिवार को भी नागपुर से मुम्बई स्थानांतरित कर लिया। दुर्भाग्य से 14 सितम्बर 1986 में मेरा बहुत बड़ा एक्सीडेंट हो गया और मुझे डेढ़ माह तक अस्पताल में भर्ती रहना पड़ा। इसमें मेरी समस्त जमा पूंजी समाप्त हो गई। उस कठिन दौर में मेरा कोई सहयोगी नहीं बचा। मेरी पार्टनरशिप टूट गई और मेरी एजेंसी भी जाने के कगार पर थी। बिक्री भी लगभग खत्म ही हो गई थी। मेरा मुम्बई ऑफिस पूरा बर्बाद हो गया था। यहा तक कि फिर नौकरी करने की नौबत तक आ गई।

## परिवार बना संबल

श्री गाँधी इस स्थिति में परिवार के सहयोग का जिक्र करते हुए कहते हैं, इस कठिन दौर में धर्मपत्नी व ससुरजी का ही नैतिक सहयोग था। इन स्थितियों में ससुरजी ने मुझे पुनः नागपुर लौट जाने की सलाह दी। छोटा भाई राजेश जो अभी मुम्बई आफिस देख रहा है, वह इस दौर में मेरे साथ आ गया। भाई प्रशांत भी सहयोगी बना और हमने पुनः नागपुर से व्यवसाय की शुरुआत कर दी। धीरे-धीरे व्यवसाय फिर चलने लगा। हमने औरंगाबाद में भी अपना ऑफिस प्रारम्भ कर दिया। वहाँ का कार्यालय चचेरे भाई को सौंपा और आसपास का मार्केट भी कवर कर लिया। उनका कहना है कि हमने हमेशा से अपने परिवार को ही प्राथमिकता दी है। आज भी 125 से 130 सदस्यों वाले परिवार पर उनका गजब का नियंत्रण है। यह नियंत्रण परिवार में एक-दूसरे के लिए न केवल सम्मानभाव का प्रतीक है बल्कि इस परिवार की सफलता की सुंदर तस्वीर भी है। श्री गांधी कहते हैं, उनकी सफलता में उनकी पत्नी शोभा, भाई, भतीजे, पुत्र, जवाई की भूमिका सबसे अहम रही है। जिन्होंने न केवल परिवार को संभाला बल्कि उनके कठिन हालात में भी उनके साथ खड़े रहे।

## वर्तमान में पूरे देश में कार्यालय

फिर धीरे-धीरे एजेंसियों का विस्तार करते गये। धीरे-धीरे परिवार के सदस्यों को काम मिलता रहा और 7 में से 2 दिन नागपुर और 5 दिन अन्य शहरों में होते हुए पुणे व कोल्हापुर तक जाते थे। इस तरह परिवार के सदस्यों का सहयोग मिला और व्यवसाय का विस्तार करते चले गये। वर्तमान में नागपुर, औरंगाबाद, नासिक, कोल्हापुर, पुणे, हैदराबाद, इन्दौर व वापी आदि में कंपनी के कार्यालय हैं तथा 150 से अधिक कागज मिलों की एजेंसी उनकी कम्पनी के पास है। उनका व्यवसाय "आर.ए. क्राफ्ट पेपर प्रा.लि." के नाम से देश भर में अपनी सफलता की पताका फहरा रहा है। वर्तमान में देशभर में 10 से 12 ऑफिस का संचालन हो रहा है और इनके द्वारा 150 से अधिक कागज मिलों के प्रतिनिधि के रूप में सेवा दी जाती है। 10 लाख के टर्न ओवर से प्रारम्भ व्यवसाय वर्तमान में 1 हजार करोड़ रूपये पर जा पहुँच है। इस सफलता के शिखर पर पहुँचने के बाद भी वे इसका श्रेय अपनों को देते हैं। श्री गाँधी कहते हैं मेरे विकट दौर में मुझे धर्मपत्नी तथा ससुरजी का जो सहयोग मिला, उसके बिना यह सफलता सम्भव नहीं थी। ससुरजी ने तो सदैव ही एक मार्गदर्शक की भूमिका निभाई। मैं मित्र श्री अगरवाल का भी आभारी हूँ। वर्तमान में श्री गाँधी व्यावसायिक कारणों से यूएसए, यूरोप, खाड़ी देश, इंडोनेशिया, मलेशिया, सिंगापुर, श्रीलंका आदि स्थानों का भ्रमण कर चुके हैं।

## उन्हीं की राह पर परिवार

बेटे राहुल ने बी.कॉम कर फिर एफएमडी किया और स्वयं भी इस पारिवारिक व्यवसाय में उतर गये और बॉम्बे शिफ्ट हो गये। एक मित्र विशाल धवन कनाडा शिफ्ट हो गये थे। उन्होंने कनाडा से पेपर इम्पोर्ट करने का ऑफर दिया। उन्होंने इस व्यवसाय को भी प्रारंभ कर दिया। कनाडा और अमेरिका गये तो वहाँ का व्यवसाय देखकर बहुत प्रसन्नता हुई। राहुल ने वहाँ बड़ी मेहनत व लगन से व्यवसाय का अच्छा विस्तार कर लिया था। वे जिस मिल का काम करते थे, उसी को इम्पोटेंट पेपर भी देते हैं। अब यूएसए, यूरोप तथा खाड़ी देशों में भी कागज इम्पोर्ट करते हैं। दूसरे पुत्र रोहित इंजीनियरिंग कर वर्तमान में पूर्ण मार्केट सम्भाल रहे हैं। श्री गाँधी की बहू व रोहित की धर्मपत्नी प्रियंका भी उनका कंधे से कंधा मिलाकर सहयोग दे रही हैं। श्री गांधी स्वयं 75 वर्ष की आयुसीमा छूने वाले हैं, लेकिन आज भी वे दो घंटे नियमित व्यायाम करते हैं। एक घंटा पठन (बुक रीडिंग) करते हैं। एक घंटा पूजा करते हैं। अपनी इस सफलता का आनंद पूरे परिवार के साथ मनाते हैं। आज उनकी तीन पीढ़ियां इसी व्यवसाय में जुड़ी हैं, और प्रगति की नई ऊंचाइयों को छू रही हैं।



श्री विजय दर्डा जी ( लोकमत के मैनेजींग डायरेक्टर ) के साथ

**अजमेर जिले के ताबिजी गाँव में स्थित सरकारी बालिका उच्च माध्यमिक विद्यालय का पुनर्निर्माण और उद्घाटन जोधराज लड्ढा परिवार के योगदान से 9 मार्च, 2024 को किया गया। इसके साथ ही 350 छात्राओं की शिक्षा में एक नये अध्याय का शुभारंभ हुआ। इस अवसर पर राम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट अयोध्या के कोषाध्यक्ष और प्रसिद्ध राष्ट्रीय संत, श्री गोविन्द देव गिरि महाराज की उपस्थिति खास रही। यह विद्यालय 1950 में स्थापित हुआ था और ताबिजी गाँव और उसके आस-पास के गाँवों में एकमात्र बालिका विद्यालय है।**

## जोधराज लड्ढा परिवार ने पैतृक ग्राम में करवाया स्कूल भवन का पुनर्निर्माण

# एक करोड़ की लागत से हुआ निर्माण

## २ हजार से अधिक अतिथि रहे कार्यक्रम में शामिल



विद्यालय में कुल 11 कमरे हैं, प्रत्येक कमरे में 35 छात्रायें बैठ सकते हैं। छात्राओं को प्रबंधित करने के लिए 14 शिक्षक हैं। यहाँ नर्सरी से कक्षा 12 तक की पढ़ाई होती है। अखिल भारतवर्षीय माहेश्वरी महासभा के पूर्व सभापति जोधराज लड्ढा इसी ताबिजी ग्राम में जन्मे थे और वर्तमान में कोलकाता में निवास करते हैं। उन्होंने इस अवसर पर गुरुजी की उपस्थिति के लिए अपनी गहरी कृतज्ञता व्यक्त की। श्री लड्ढा पिछले 60 वर्षों से, समाज के हर वर्ग के लिए सेवा कर रहे है, अपने गांव में सभी का सहयोग करते रहे हैं। अपने भाषण में, श्री गोविन्द देव गिरि ने महिलाओं और बच्चों के लिए शिक्षा के प्रति समर्पण की आवश्यकता पर बल दिया और अपने जन्मस्थान को कभी न भूलने और गाँव में वापस जाने के महत्व पर प्रकाश डाला।

### सभी ने की सराहना

विद्यालय को 1 करोड़ रुपये की लागत से पुनर्निर्मित स्कूल भवन को कई सुविधाओं से सम्पन्न किया गया। सभी कक्षाएँ पुनर्निर्मित की गईं। खुले मैदान को स्थायी टिन छाया से ढंक दिया गया है। विद्यालय में छात्राओं की सुविधा का विशेष ख्याल रखा गया है। जोधराज लड्ढा और उनके परिवार को इस पहल के लिए विशेष रूप से सम्मानित किया गया। इस अवसर पर विद्यालय की बालिकाओं ने श्रीमद भगवद गीता के बारहवें अध्याय को ऑनलाइन सीखकर सात दिनों में उपस्थित लोगों को प्रभावित किया। यह आयोजन गीता परिवार की टीम के सहयोग से हुआ। विद्यालय की छात्राओं ने भगवान राम पर एक संगीतात्मक नाटक का मंचन किया। ताबिजी के निवासियों की ओर से सतीश सोमानी ने जोधराज लड्ढा और उनके परिवार के योगदान की प्रशंसा करते हुए आभार व्यक्त किया। इस उद्घाटन अवसर पर शामिल मेहमानों को गुरु गोविन्द देव गिरिजी द्वारा लिखी गई पुस्तक 'राम कथा' वितरित की गई। छात्राओं को प्रोत्साहित करने के लिए स्कूल बैग वितरित किए गए।

### कई हस्तियाँ कार्यक्रम में शामिल

कार्यक्रम में लगभग 2000 मेहमान शामिल हुए, जिनमें रवि तोषनीवाल, मनोज शार्दा, श्रीकांत बाल्दी, जयपुर से अरुण अग्रवाल और इंदौर से राम अवतार जाजू आदि प्रमुख थे। कोलकाता से लड्ढा परिवार के महत्वपूर्ण व्यक्तियों में जोधराज लड्ढा और सूरज देवी लड्ढा, अरुण लड्ढा और अनीता लड्ढा, अविनाश लड्ढा और वर्णिका लड्ढा, आभा बजोरिया और ध्रुव बजोरिया, अनिरुद्ध लड्ढा, संजय कुमार लड्ढा और निशा लड्ढा, कुमारी नूपुर लड्ढा, कुमारी अकांशा लड्ढा, अजय लड्ढा और मृदुला लड्ढा, कुमार देवांग लड्ढा, कुमारी अंजली लड्ढा, मनोज लड्ढा और मीनाक्षी लड्ढा, कुमार कुशाग्र लड्ढा और कुमार जयत्र लड्ढा आदि शामिल थे। संगीता बजोरिया, नरेश गुप्ता और कविता गुप्ता, सतीश काबरा और रानी काबरा, ललित तोषनीवाल और कुसुम तोषनीवाल, रमेश चंडक और सुमन चंडक, राज झंवर, प्रवीण गग्गड़ और परिवार, दिल्ली से गिरधर जैथलिया और आशा जैथलिया, अजमेर से सीता जैथलिया, मोहन और चंदा बूब, त्रिलोकचंद राजकंवर मुंदरा और परिवार, प्रशांत और रीना अग्रवाल, राजेंद्रप्रसाद और मूंदड़ा परिवार, सीता मूंदड़ा और परिवार, घनश्याम काबरा और परिवार, अविनाश लड्ढा और परिवार, चेतन मड्ढलू और परिवार, सुधीर मुंदरा और परिवार, ताबिजी/अजमेर से सोमानी परिवार, इंदौर से बी. के. राठी और कल्पना राठी, जयपुर से अरुण काबरा और गरिमा काबरा, गीता झंवर, अशोक फलोर और परिवार, हैदराबाद से लक्ष्मी देवी लड्ढा, प्रकाश चंद्र गिल्डा और विमला गिल्डा तथा उद्दव नारायण गिल्डा, मकराना से महेश झंवर और शारदा झंवर, किशनगढ़ से सरस्वती मूंधड़ा और परिवार शामिल थे। स्थानीय निवासियों में गाँव के प्रमुख श्री गेना, सुनील जैन, कमल लद्दा, महेंद्र सोमानी, सत्यनारायण मुंधड़ा और ललित तोषनीवाल ने विद्यालय के निर्माण में महत्वपूर्ण योगदान किया। प्रधानाध्यापिका शोभा देवी और पूरे विद्यालय के कर्मचारियों ने उत्साहपूर्वक इस कार्यक्रम में भाग लिया।

MDH

Real Masala You Can Trust

*With Best Compliments*

- Suresh Rathi
- Sharad Rathi

**Mahashian Di Hatti Pvt. Ltd.**

Tausar Road, Nagaur - 341 001 (Rajasthan)
Phone : 01582-242040, 242343 Resi : 240454
Mob.: +91-9414118181 Fax : 01582-243343

Unit II : RIICO Industrial Area, Bikaner Road, Nagaur (Raj.)
Tel. : 01582-244532 Fax : 01582-243736
e-mail : nagaur@mdhspices.in

राह जिंदगी की...



प्रो. कल्पना गगडानी मुंबई

# प्रगति दर प्रगति का करें विचार

सुधी पाठकों को महेश नवमी की शुभकामनाएँ!

जिंदगी की राह तलाशते हुए इस उत्पत्ति दिवस पर विचार करें प्रगति दर प्रगति का। प्रगति की नई राह जो अब वैश्विक जगत में प्रगति के पथ पर दौड़ाती है।

उत्पत्ति दिवस का उत्सव मना रहे हैं तो आईये उत्पत्ति से ही शुरू करें राह जिंदगी की। संतति का आगमन - दाम्पत्य में अब यूं ही नहीं होता। पालकत्व की सही राह के लिये प्रेम, ज्ञान, जवाबदारी जितनी जरूरी है, उतना ही जरुरी है बालक का चरित्र निर्माण। तब आपको पालकत्व का कठोर दायित्व भी निभाना होगा। लाड प्यार का अर्थ अच्छा खिलाना, पिलाना, पहनाना तक सीमित रख उसे कहीं-कहीं रोकना-टोकना, व्यवहारिकता से वाकिफ कराना भी बहुत जरूरी है.!

चार पांच साल में जब स्कूल, शिक्षा शुरू हो तो अनेकों मापदंडो को निर्धारित करेंगे तो राह जिंदगी की आपकी भी और उनकी भी। स्कूल को मात्र उसकी फीस से न तोलें। उसमें दिये जाने वाले ज्ञान के तौर तरीकों पर बारीकी से गौर करें। किशोरोवस्था तक पहुंचते हुए उसके स्वभाव, खर्च और शारीरिक मानसिक क्षमता के अनुरूप उसका सर्वांगीण विकास करने की कोशिश करें। भेड़ चाल से बचें। यौवन की दहलीज पर लालन-पालन की दिशा में जागरुकता हो परंतु दकियानूसी सोच को बदलना होगा। समय के अनुरूप वैश्विक सभ्यता को समझते हुए, सोश्यल मीडिया क्रांति को परखते हुए चौकन्ना होकर मित्रवत दम्पत्ति को पालक धर्म निभाना होगा।

हायर एजुकेशन का समय अब जब आया है तो अपनी- आर्थिक, शैक्षणिक और शारिरिक मानसिक क्षमता के आधार पर बच्चे को उसके भविष्य की राह निर्धारित करने में उसकी मदद करें। अपने पूर्वाग्रह उस पर कभी भी न लादें। विश्व में चलने वाली नई-नई पढ़ाई और उनसे जुड़े व्यवसाय के अवसर सफलता की संभावना को आप खूब अच्छी तरह से समझ उसमें अपने अनुभव का तड़का लगा कर उस बच्चे के सामने रखें।

अपनी जिस राह को बच्चे ने चुना है अब उसकी अधिकतम सीमा तक देश-विदेश से सारा ज्ञान उस दिशा का उसे दिलाने की पूरी कोशिश करें। अब ज्ञान प्राप्ति के लिये उस पर थोड़ा आर्थिक बोझ भी डालें जिससे वह पैसे की कीमत भी समझ सके। उत्पत्ति प्रारंभ हैं, उत्पत्ति के बाद विकास की प्रक्रिया अनवरत चलनी चाहिये। महेश नवमी और अधिक गर्व का अहसास आने वाली पीढ़ियों को कराती रहे इसलिये संकल्प लेना होगा कि हम समाज की संतति को उचित परवरिश दे कर राह जिंदगी को और यशस्वी बनाएं। हमारे पूर्वजों ने जो सफल विरासत हमें दी है उसे सफलतम बना आगे बढ़ाये।

॥ जय महेश ॥



श्री महेश नवमी पर सभी माहेश्वरी बन्धुओं को
हार्दिक शुभकामनाएं



सेवा त्याग सदाचार

डॉ. फूलकौर मूंदड़ा
जोधपुर, राजस्थान

महेश नवमी के पावन पर्व पर
सभी माहेश्वरी बन्धुओं को हमारी हार्दिक शुभकामनाएं
समाज के सर्वांगीण विकास की भगवान महेश से कामना



श्रीकांत भूतड़ा
मो.94141-52776

# रामकुमार भूतड़ा

अध्यक्ष - श्री अखिल भारतीय माहेश्वरी सेवा सदन, पुष्कर
पूर्व प्रदेश कोषाध्यक्ष - भारतीय जनता पार्टी राजस्थान
पूर्व महामंत्री - अखिल भारतीय माहेश्वरी महासभा
मो. 9414153043, 98285-53

अमित भूतड़ा
मो.94144-15579

# कमला ग्रेनाईट इण्डस्ट्रीज

जी-101, रिक्को इण्डस्ट्रीयल एरिया तृतीय चरण, जालौर (राजस्थान)
फोन-02973-223956, 224043 फैक्स- 02973-225376

## सहयोगी प्रतिष्ठान

**श्रीकान्त ग्रेनाईट्स**
जी-100, रिक्को इण्ड.एरिया
तृतीया चरण,जालौर
फोन -02973-224043,
मो.9414152776

**आर.के. ग्रेनाईट्स**
जयपुर बाईपास रोड,
मदनगंज-किशनगढ़
फोन -01463-250530
मो.9829180971

**आर.के. ग्रेनाईट्स**
जी-98-99, रिक्को इण्ड. एरिया,
तृतीया चरण, जालौर
फोन-02973-225376, 225377
मो. 9414415579

**दिग्विजय ग्रेनाईट्स**
जी-221, रिक्को इण्ड. एरिया,
तृतीया चरण,जालौर
फोन-02973-225088,
224198

सेवा त्याग सदाचार

**योग मुद्रा वह आसान प्रक्रिया है, जिसे किसी भी उम्र में किया जा सकता है। इस बार प्रस्तुत है, सोहम् मुद्रा जो नई ऊर्जा का संचार करती है।**

## तन-मन में नई ऊर्जा लाती है

# सोहम् मुद्रा





शिवनारायण मूंधड़ा
'वास्तु मित्र'
94252-02721

हमारे शरीर में 70% जल ही है। रक्त का 80 से 90% भाग जल ही है। हमारे रक्त का 25% भाग केवल मस्तिष्क को ही चाहिये। रक्त में जल की थोड़ी सी भी कमी होने पर हमारा मस्तिष्क ठीक से काम नहीं करेगा। तब उदासी, अवसाद आरम्भ हो जाता है। इस मुद्रा में जब अंगूठे को जल तत्व वाली उंगली की जड़ में लगाते हैं, तो जल तत्व की पूर्ति होती है। इसका मस्तिष्क पर सीधा सकारात्मक प्रभाव पड़ता है। साथ ही जब श्वास भरते हुए ओम् की लम्बी ध्वनि करते हैं तो इस ध्वनि की तरंगें मस्तिष्क को बल देती हैं। मानसिक रोगों को दूर करने के लिये यह अद्भुत मुद्रा है।

**कैसे करें :**

अपने दोनों हाथों को जंघाओं पर रखें। अंगूठे को कनिष्ठा छोटी उंगली जो जल तत्व की द्योतक है, उसकी जड़ में लगाकर धीरे-धीरे श्वास भरते हुए अपनी चारों उंगलियों से अंगूठे को घेर लें और ओम् की लम्बी ध्वनि सात बार करें तथा ध्वनि की गूंज को दाएं कान से सुनें। धीरे-धीरे श्वास बाहर करते हुए पेट की मांसपेशियों को संकुचित करें उड्डियान बन्ध लगाएं। अब अपने हाथ खोलें और कल्पना करें कि आपकी सारी चिन्ताएं, सारी वेदनाएं, सारे भय, सारे दुख दूर हो रहे हैं। इस क्रिया को कम से कम सात बार करें।

**लाभ :**

- यह मुद्रा अवसाद यानि डिप्रेशन तथा तनाव को दूर करती है।
- उदासी को दूर करती है।
- दुर्भाग्य से बचाती है।
- हमारे भीतर एक नई ऊर्जा, एक नया उत्साह पैदा करती है।
- हमारे मस्तिष्क को बल प्रदान करते हुए मानसिक शक्तियों को बढ़ाती है। आत्म विश्वास बढ़ता है।

**विशेषः** इस मुद्रा को करने के बाद हाथ-पैरों को तानें तो लाभ बढ़ जायेगा। हम सभी जानते हैं कि सुस्ती को भगाने के लिये शरीर को ताना जाता है। मानसिक कार्य करने वालों को प्रत्येक घंटे बाद एक गिलास पानी पीना चाहिए।

With Best Compliments From

**Sacchindanand L. Malani**

**Kelkar Wadi**
**Murtizapur - 444107**
**Phone : 07256-243513**
**Mobile : 9422162213 / 8600047213**
**email : office.slmalani@gmail.com**

**SPECIALITY IN ASPHALTING OF ROADS & EARTHEN DAMS**

*With Best Compliments from...*



Sri Arun Laddha
Director

JRL GROUP
Creating Wealth
Preserving Values



Sri Jodh Raj Laddha
Chairman

# J. R. Laddha Financial Services Pvt. Ltd.

**The Trusted Corporate Financial Advisor For Last Four Decades**

- Wealth Management
- Corporate Finance
- Investment Banking

Our focus has always been on twin aspects of preserving Values in business and creating wealth for our customers.

**Corporate Office**

5th Floor, Nehru Center, Worli, Dr. Annie Basant Road, Mumbai - 400 018
Ph.:(022) 4025 9000 Fax: +91 22 4025 9001

**Registered Office**

"Everest House", 8th Floor, 46C, Jawaharlal Nehru Road, Kolkata 700 071 Ph.:(033) 2288 2990/91/93 Fax: +91 33 2288 2994

**BRANCH OFFICE : NEW DELHI**

info@jrladdha.in • www.jrladdha.in

**माहेश्वरी समाज हमेशा से ही सुसंगठित समाज रहा है। समाज का एक सर्वमान्य संगठन रहा है। इन सबके बावजूद वर्तमान में इस एक ही संगठन के अंतर्गत विभिन्न खापों द्वारा भी अपने-अपने संगठन बनाने की प्रतिस्पर्धा सी प्रारंभ हो गई है। इसे लेकर समाज के कई बुद्धिजीवियों का मत है कि वैसे ही माहेश्वरी समाज अपनी अल्प जनसंख्या के कारण अल्पसंख्यक समाज है, ऐसे में यदि यह समाज भी विभिन्न खापों में विभक्त हो गया तो फिर समाज का अस्तित्व क्या रहेगा? वहीं इन संगठनों का अपना मत है कि इनसे उंगलियों की तरह मुट्ठी बनकर समाज मजबूत हो रहा है। ऐसी स्थिति में यह विचारणीय हो गया है कि क्या वास्तव में खांप संगठन बनाना समाज हित में है अथवा विघटन का कारण? अर्थात यह उचित है अथवा अनुचित? आइये जानें इस स्तम्भ की प्रभारी सुमिता मूंदड़ा से उनके तथा समाज के प्रबुद्धजनों के विचार।**

# समाज में हर खाप के अलग-अलग संगठन बनना एवं सम्मेलन आयोजित करना कितना उचित-अनुचित?



## बंद मुट्ठी लाख की खुल जाए तो खाक की

77 खापों से गठित हमारा माहेश्वरी समाज अपनी विशिष्ट पहचान बनाए हुए है। लेकिन माहेश्वरियों की जनसंख्या निरंतर घटती जा रही है इसलिए उन्हें संगठित रहना अनिवार्य हो गया है। ऐसे में माहेश्वरी की खापों का अपना अलग - थलग संगठन बनाकर कार्य करना अथवा कार्यक्रम करना समाज के लिए हानिकारक है। पूरे माहेश्वरी समाज को संगठित होकर कार्य और कार्यक्रम करने चाहिए। 'बंद मुट्ठी लाख की खुल जाए तो खाक की' कहावत का मूलभाव समझकर पूरे समाज को एकता के सूत्र में बंधे रखना अतिआवश्यक है। जैसे किसी परिवार का गेट-टुगेदर करने का उद्देश्य परिवार को एकसूत्र में जोड़ना होता है वैसे ही किसी खांप का गेट-टु-गेदर उस खांप के बंधुओं को तो आपस में जोड़ देगा पर अपने ही माहेश्वरी समाज में वह खांप एक समानांतर संगठन के रूप में उभरने लगेगी। यूं तो एक-एक करके एक ही माहेश्वरी समाज अपनी मूल खांपो के कारण अनेकानेक भागों में विभक्त हो जायेगा जो संगठित माहेश्वरी समाज के लिए उचित नहीं है। सामाजिक कार्यकर्ताओं को इस मुद्दे को जवलंत समस्या बनने से पहले ही अपनी दूरदर्शिता और समझदारी से सुलझा लेना चाहिए। समाजबंधुओं के ठोस निर्णय और कदम सभी खापों को मान्य होंगे और खापों के अलग-थलग कार्य और कार्यक्रम अलग-अलग छत के नीचे ना होकर माहेश्वरी समाज की एक छत के तले होंगे।

❑ **सुमिता मूंधड़ा**, मालेगांव



## अलग खांप संगठन बनाना अनुचित

इस बार का यह मुद्दा समसामयिक व एक ज्वलंत मुद्दा है। इस प्रकार के आयोजनों को उचित बताना ही मुझे तो पूर्णतः अनुचित लगता है। संख्या के लिहाज से हम कम होते हुए भी उद्योगशीलता, सम्पन्नता, धार्मिकता, चातुर्य दानशीलता व परहित सोचने वाली प्रकृति एवम् ऐसे अनेकानेक गुणों की बदौलत सर्वसमाजों में छाये हुए हैं। सबकी नजर में प्रत्येक माहेश्वरीजन 'कोहीनूर हीरा है', जो अपना एक अलग सम्मानजनक स्थान रखता है। परहित अलग-अलग माहेश्वरी जाति, गोत्र, देव, खाप द्वारा आयोजित सम्मेलन समाज को क्या स्वस्थ संदेश देते है? इनकी आवश्यकता पर ही प्रश्न चिन्ह खड़ा है। जब हमारा समाज मिलजुलकर समक्ष खड़ी चुनौतियों का सामना करने में पूर्णतः सक्षम है, तो इस ईकाई को और छोटे-छोटे भागों में बांटने का औचित्य समझ से परे है। अफसोसजनक है कि ऐसे सम्मेलनों में हमारे समाज के उच्च पदों पर विराजित हमारे समाज नेता भी अपनी उपाधि जोरशोर से दर्शाते हैं, तो उनकी उपस्थिति समाज के अन्य घटकों को समाज के विघटन की ओर प्रवृत्त करती है। सोचने वाली बात है कि ऐसे आयोजन समाज/खाप की भलाई करते हैं या हमारी सांस्कृतिक विरासत का विघटन यह तथ्य बहस से परे है। यह विचारधारा समाज की कतई भलाई नही कर सकती।

❑ **सुरेन्द्र बजाज**, अध्यक्ष जयपुर जिला माहेश्वरी सभा



## समाज हित में नहीं ऐसे संगठन

आज के दौर में जहाँ समाज पहले ही काफ़ी दिक्कतों से गुजर रहा है और उसमें भी हमारी जनसंख्या इतनी कम हो चुकी है ऐसे समय में एकता और भाईचारे के साथ अपनी पहचान बनाये रखना ही हम सबका प्रथम कर्तव्य है। इस तरह अलग-अलग संघठन बनाने से इसका समाज के ही दूसरे वर्ग में गलत मैसेज जाता है और गलतफहमी बढ़ती है। वैसे भी अलग -अलग सम्मेलन या संगठन बनाने से कुछ भी हांसिल नहीं होगा, उल्टा हम आपस में ही एक दूसरे से स्पर्धा और ईर्ष्या करेंगे। इसलिए जरुरी है कि समाज एक साथ दिखाई दे और बाकी किसी समाज को हम पर ऊँगली उठाने का चांस ही ना मिले। आज समाज को सर्व प्रथम फलने फूलने और समाज के आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग को ऊपर उठाकर सम्मान से जिंदगी जीने का हक़ प्रदान करें यँही हम सबका प्रयास होना चाहिए, फिर भले ही खाप कोई भी हो परिवार माहेश्वरी है, बस इतना हमारे लिए काफ़ी है। हमारे पूर्वजों के आदर्श और संस्कार हमें सिखाते हैं जहाँ भी जाओ, जहाँ भी बसों दूध में शक्कर की तरह रहो। यानि जिस भी प्रान्त या प्रदेश में जाओ उनके अनुसार अपने आपको ढाल लो न कि अपना कोई अलग रंग-रूप बताओ ना ही बटों, जिससे और कोई आपको तोड़ने की जुर्रत न करें इसलिए समाज के हर खाप को अपनी अलग पहचान बताने के अलावा सिर्फ 'हम माहेश्वरी - हम सब एक है' इसी बात पर आगे बढ़ना होगा तभी समाज बचेगा। हम जो आपस में बंटे रहते हैं वह एक साथ दिखाई देंगे और हमारी साख और हमारा अस्तित्व टिका रहेगा।

❑ **सपना श्यामसुंदर सारडा**, सुरेंद्रनगर (गुज.)



## इससे समाज का अहित

समाज के किसी संगठन से जुड़ना अर्थात् आपका उस संगठन के विचारों से सहमत होना, हर कोई अपना वर्चस्व उभारने में लगे हैं। हमारे समाज में भी ऐसा ही कुछ हो रहा है, समाज में अलग-अलग खाप के संगठन बनाने से समाज का हित कम और अहित अधिक हो रहा है। इससे समाज की एकता खण्डित हो रही है। संगठन अगर मिल-जुलकर कार्य करे तो समाज के हित में होगा, लेकिन विचारों की असमानता के चलते ऐसा होता नही और सभी संगठन अपने आपको आगे रखना चाहते हैं। एक-दूसरे की आलोचना करने से भी नही चूकते। एकता में शक्ति होती है, अगर संगठन मिल-जुलकर कार्य करे और सुदृढ़ नेतृत्व में कार्य करे तो समाज की समस्याओं का निराकरण किया जा सकता है। अलग-अलग संगठनों द्वारा जो सम्मेलन करवाए जाते हैं, वे सफल नहीं हो पाते क्योंकि उनको समाज का सम्पूर्ण सहयोग नही मिल पाता। सभी संगठनों के अपने नियम होते हैं। ये सब अपने हिसाब से कार्य करते हैं और अपने संगठन को आगे रखने का प्रयास करते हैं। इसी के चलते समाज में प्रतिस्पर्धा का दौर शुरु हो गया जबकि इन संग़ठनो का दायित्व समाज का हित होना चाहिए। अतः अलग-अलग खाप का संगठन समाज को तोड़ता है।

❒ **संगीता अजय दरक माहेश्वरी,** मनासा जिला नीमच (मध्यप्रदेश)



## खांप सम्मेलन पारिवारिक सम्मेलन की तरह

समाज की हर खाँप का सम्मलेन करना किसी दूसरी खाँप की अवहेलना की मंशा से प्रारम्भ नहीं किया गया था। जिस तरह परिवार मिलन की परम्परा का प्रारम्भ हो रहा है जिससे अगली पीढ़ी का परिचय आपस में हो सके और उन्हें पारिवारिक लोगों से जुड़ाव एवं आत्मियता हो सके, सभी आपस में जुड़े रहें, पीढ़ियों को समझें, खाँप परिचय भी उसी की बड़ी कड़ी है। परिचय और पहचान ही इन सम्मलनों को आयोजित करने का उद्देश्य है और होना चाहिए। किसी दूसरी खाँप से अलगांव या उसे कमतर समझने का कोई कारण इसमें निहित नहीं है। अतः अपने उदगम एवं वंश परम्परा को समझने के लिये एवं आगामी पीढ़ी को जडों से जोड़े रखने के लिये ही इसका प्रारम्भ किया गया है। बस प्रार्थना यही है, इसके मूल उद्देश्य को ही बनाये रखा जाये। ये सम्मेलन राजनीतिकरण और शक्ति प्रदर्शन का जरिया कभी न बनें। इन खाँपों में सभी खाँपों से ब्याह कर आई महिलाएँ भी सम्मलित होती हैं। अतः सभी को उस महिला के पीहर पक्ष की जानकारी मिलती है, साथ ही बेटियाँ किसी और खाँप में ब्याही गईं है। अतः उनका भी परिचय प्राप्त होता है। इससे आखिर क्या खतरा है? कुछ भी तो नहीं।

❒ **पूजा नबीरा,** काटोल



## इससे तुलनात्मक स्पर्धा को बढ़ावा

संगठन में शक्ति होती है ये बात तो सर्वदा सत्य साबित हुई है, एक से शुरुआत होकर जब उससे अनेक जुड़ते है तो एक कारवा बनता है, फिर उस सफर की हर मंज़िल आसानी से हासिल होती है। आवाज जब एक की होती है तो सुनाई कम देती है कही खो सी जाती है और जब एक साथ अनेक आवाजे आती है फिर उस आवाज़ की गूंज दूर तक सुनाई देती है। अलग खापो के अलग संगठन और अपने अलग कार्यक्रम मुझे सही नही लगते, ये कहीं न कहीं तुलनात्मक स्पर्धा को बढ़ावा देते हैं। जहाँ स्पर्धा आती है, वहां मनमुटाव होने ही लगते है। अपने को श्रेष्ठ साबित करने के लिए, और फिर अपनी संस्कृति में राजनीति का आगमन हो जाता है। अपना माहेश्वरी समाज अन्य समाज की तुलना मे अति लघु रूप मे है, पहले माहेश्वरी होने की एक पहचान पूरे देश मे बनाने की जरूरत है, हम उस मुकाम को हासिल कर लें, तत्पश्चात कोई खाप को जानेगा।

❒ **श्वेता धूत,** हावड़ा, पश्चिम बंगाल



## समाजहित में नहीं खांप संगठन बनाना

व्यक्ति परिवार से और परिवार समाज से जाना जाता है। समाज का संगठित होकर रहना समाज हित मे है। संगठन की शक्ति को हम सभी जानते है। एक आंकलन के अनुसार हमारी जनसँख्या दिन प्रतिदिन घट रही है। ऐसे में हर खांप का अपना अलग संगठन बनाना उचित नही है। इससे तो समाज का बिखराव हो जायेगा, समाज में दरारे आ जायेगी। वैसे भी पहले ही संयुक्त परिवार बिखर रहे है,व्यक्ति एकल पसंद कर रहा है। ऐसे में खाप संगठन समाज को क्या देना चाहते है? अरे खांप से ऊपर हम सब माहेश्वरी है। इसी पताका के तले हमें संगठित होना है। खांप संगठनों में संगठित होना हमारी संकीर्ण मानसिकता का परिचायक है। अपने सिमटते हुए समाज में हमें खांप संगठनों को नकारना होगा क्योंकि समाज के चहुंमुखी विकास में यह बाधक है। समाज सेवा करने वाले विशिष्ट प्रबुद्धजन यदि अपनी ही खांप में सेवा देंगे तो समाज में जरूरतमंदजनो का क्या होगा? समाज सेवा में जुड़कर अपने सालो के अनुभव में यही पाया है कि जो आत्मिक सूकून समाज संगठन से जुड़कर मिलता है, वह खांप संगठन में कदापि नही। अतः खांप संगठन बनाना समाज हित में पूर्ण रूपेण अनुचित है।

❒ **अयोध्या चौधरी,** अलीराजपुर (म.प्र.)



## एकता ही प्रगति का आधार

समाज के हर गोत्र का अलग से संगठन नहीं बनाकर एक ही संगठन बनाकर एक ही बैनर तले काम करना होगा, तभी हमारा समाज प्रगति के पथ पर अग्रसर रहेगा। मेरे विचार से समाज की हर खाप का अलग-अलग संगठन बनाना और उनका अलग सम्मेलन करना उचित नहीं है जिस प्रकार हिंदू समाज एक है, यदि उसको अलग-अलग जातियों में विभक्त कर देंगे जैसे- राजपूत अलग, जाट समाज अलग, अग्रवाल अलग माहेश्वरी अलग, ब्राह्मण समाज अलग, मेघवाल अलग तो हर समाज अपना अलग-अलग संगठन बनायेगा तो राष्ट्र कमजोर हो जाएगा। भारत हमारी माता है, हम सभी इनकी संतान हम सब हिंदू हैं, तो हिंदू ही बन कर रहें। इससे समाज में एकरूपता बनी रहेगी, राष्ट्र का शासन भी सुचारू रूप से चलता रहेगा। यदि अलग-अलग जाति में तथा खापों में अलग संगठन बनाएंगे तो समाज अलग-अलग ग्रुप में बँट जायेगा, और समाज कमजोर हो जाएगा। इसका सीधा असर हमारे देश पर पड़ता है क्योंकि व्यक्ति से ही समाज बनता है और समाज से देश।

❒ **तनसुख राठी,** गुवाहाटी (असम)



## समाज की खाँपों में विभक्त करना अनुचित

एक ही समाज का अलग-अलग खांपों में विभक्त होना व अलग सम्मेलन आयोजित करना वह भी तब जब समाज अल्पसंख्यक की श्रेणी में आ रहा है तो निश्चित ही उचित नहीं है। हमारे समाज की जनसंख्या वृद्धि दर तो उत्तरोत्तर कम हो रही है और उसमें भी अगर समाज अलग-अलग खाँपों में बँट गया तो यह हमारी एकता व विकास के दिए सही नहीं है। हमारे समाज में कुछ-कुछ जातियों की संख्या तो इतनी कम है कि उससे एक संगठन का निर्माण ही नहीं हो सकता। उस पर खाँपों के अलग संगठन बनाना निश्चित ही उस जाति के मन में समाज की संकुचित सोच का भाव लाता है। जब हम सब एक ही प्रभु की देन है तो उसमें उसको विभक्त करना कहाँ तक न्याय संगत है? हमारे समाज का ध्येय वाक्य ही सबको साथ लेकर सबका विकास करना रहा है। अगर इस तरह खापों में विभक्त हो गए तो एक अलग ही समाज का निर्माण हो जाएगा जिनकी संख्या ज्यादा है वह समाज उच्च व विकसित हो जायेगा बाकी कम रह जायेंगे जो कि प्रतिस्पर्धा की भावना उत्पन्न कर देगा और प्रतिस्पर्धा की यह भावना एक स्वस्थ समाज के लिए सही नहीं होती। शरीर के अलग-अलग अंग जुड़कर ही शरीर का निर्माण करते हैं, अगर शरीर का एक अंग भी विभक्त हो जाता है या भंग हो जाता है तो शरीर का महत्व कम हो जाता है। उसी प्रकार समाज में भी यही नियम लागू होता है, सभी खाँपे मिलकर ही माहेश्वरी समाज का निर्माण करती हैं। हमारे पूर्वज कहते थे, बंद मुट्ठी लाख की होती है और खुलने पर खाक हो जाती है। उसी प्रकार संगठित होना हमारी एकता है और हमारे विकास का परिचय।

❒ **विनीता काबरा,** जयपुर



## उचित हैं खांप संगठन

समाज में हर खांप के अलग-अलग संगठन बनाना हमेशा ही उचित है और रहेगा। आपसी आत्मीयता, प्रेम, स्नेह, वात्सल्य और एक-दूसरे के सहयोग की भावना से ही समाज उन्नति कर सकता है। समाज में प्रत्येक खांप में अपने अलग-अलग संगठन बन चुके हैं और वह तेजी से उन्नति भी कर रहे हैं। आज समाज में भले ही कई ग्रुप है किंतु सभी का लक्ष्य एक ही है। जब दो या दो से अधिक व्यक्ति मिलकर किसी एक उद्देश्य की प्राप्ति के लिए कार्यशील होते हैं तो संगठन की आवश्यकता पड़ती है, जो कि सभी की ताकत है। इस लक्ष्य को ऊंचाई तक पहुंचाने के लिए कई मोटिवेशनल कार्यक्रम होते हैं। एकता से न केवल संगठन मजबूत होता है, बल्कि भाईचारे की भावना से जब दो या दो से अधिक व्यक्ति मिलकर किसी एक उद्देश्य की प्राप्ति के लिए कार्यशील होते हैं तो संगठन की आवश्यकता पड़ती है। बड़ा से बड़ा कार्य किया जा सकता है, सुझाव भी रहते हैं। संगठन में देश बदलने की शक्ति होती है, क्योंकि सभी में एकता है, लक्ष्य एक ही है। बंद हो मुट्ठी तो लाख की, खुल गई तो फिर खाक की है। यह तो सच में एकता की शक्ति का सार है, एक और एक दो नहीं होते, हो जाते हैं ग्यारह। संगठन के फायदे हैं बेशुमार। उसे आजमा लो हो जाएगी, हर समाज की जय जयकार और अपना देश हो जाएगा निहाल। अगर हम मिलकर रहेंगे तो हमें कोई नहीं गिरा सकेगा कोई हमारा अपमान नहीं कर सकेगा। सही संगठन की शक्ति है। संगठन सामंजस्य, प्रयास, उत्कृष्टता की त्रिवेणी का संगम है। तभी सभी जगह से तारीफों के फूल बरसेंगे और साथ ही हर समाज के व्यक्तित्व में आएगा निखार। एकता के साथ नामुमकिन कार्य मुमकिन हो जाता है और सभी संगठन का लक्ष्य एक ही है इसलिए हर समाज की तरक्की निश्चित है।

❒ **पूजा काकाणी,** इंदौर (मध्यप्रदेश)



## संगठन से ही प्रगति

यह सत्य है कि एकता में ही अनुठा पल है। समाज सुसंगठित होकर ही प्रगति की ओर आगे बढ़ता है। हमारा माहेश्वरी समाज, सारे समाजो में मिसाल है, जिसकी अपनी अलग पहचान है। हमारा समाज वर्तमान समय में अल्पसंख्यक समाज होने के कारण खापों में विघटन की ओर प्रेरित हो रहा है, जो कि अनुचित है। विघटन से कुछ लम्हों की खुशी मिलती है, जो कि भविष्य में काफी समस्याओ का कारण बनती है। हम शिव के वंशज हैं। हम हर परिस्थिति में अडिग रहते हैं। शादी विवाह की समस्याऐं खाप विघटन का मुख्य कारण बनी हुई है। परिचय सम्मेलन में खापों की एकता ही समाज में समस्याओं के निवारण का आधार है। शादी-ब्याह संयोग से होंगे, खाप विघटन से नहीं। परिचय सम्मेलन करवाना उचित है, एक हद तक। जिससे शादी-ब्याह की समस्याओं का निवारण हो सके। हमें अपनी सोच और नजरिए में बदलाव लाना होगा। जिससे हमारे समाज पर विघटित समाज का ठप्पा ना लगे। हमारा समाज देश में एक प्रेरणास्त्रोत है, जिसकी शान ही हमारे समाज का गौरव है। जो कि एकतापूर्ण, निर्णायक शालीनतापूर्ण व्यवहार से ही मुमकिन है।

❒ **किरण कलंत्री** रेनुकूट (उ.प्र.)



## एकता में ही शक्ति

मनुष्य सामाजिक प्राणी हैं, क्योंकि वो समाज में रहता है। समाज एक नाव के समान है। जब नाव खंड खंड हो जाती है, तो किसी काम की नहीं रहती लेकिन फिर भी उसे नाव ही कहते है। वह पानी के ऊपर तैर तो सकती है लेकिन किसी को सुरक्षित किनारे तक नहीं पहुंचा सकती। इसी तरह हमारा समाज है। जो समाज खापों में, अलग-अलग संगठन में विभाजित होता है, वह समाज तो कहलाता है, लेकिन उसका कोई भविष्य नहीं होता। वो समाज अंदर ही अंदर खोखला होता है। झूठी आन-बान-शान में, दिखावे में, खापों में बांटना अनुचित है। बिखरे हुए फूल सुन्दर हो सकते हैं लेकिन उसके सौन्दर्य का निखार तो माला में ही है। उसी प्रकार समाज को खापों में ना बांटकर सभी लोग समाज रूपी माला में रहें क्योंकि बिखरे समाज को हर कोई तोड़ने का प्रयास करता है। इसलिए कहा जाता है कि हमें संगठित होकर ही एक ही माला रूपी समाज में रहना चाहिए।

❒ **अनिता ईश्वरदयाल मंत्री,** अमरावती

## आप भी दे सकते है मत-सम्मत के लिये विषय

**''मत-सम्मत''** सामाजिक समस्याओं पर चिंतन का **''श्री माहेश्वरी टाईम्स''** का एक महत्वपूर्ण स्तम्भ है। इसके द्वारा न केवल सम्बंधित विषय पर प्रबुद्ध पाठकों के विचार व सुझाव ही प्राप्त होते हैं, अपितु यह पाठकों को विचार-विमर्श का **''एक मंच''** भी प्रदान करता है। अतः पाठकों से निवेदन है कि यदि मत-सम्मत में विचारों का पक्ष-विपक्ष रखने योग्य आपके पास कोई सामाजिक विषय हो तो हमें अवश्य प्रेषित करें। इस विषय पर भी विचार आमंत्रित होंगे। विषय का अंतिम चयन सम्पादक मंडल का होगा, जो सर्वमान्य होगा।

सम्पादक

# Delhi Rajasthan Transport Co. Ltd.

DRTC
(An ISO 9001 : 2015 Certified Company)

Regd.Office : DRTC House, Behind Olympic Complex, Jodhpur-342001
Phone : 0291-2633673, 2633674
E-mail : jodhpur@drtcindia.com • Website : www.drtcindia.com

**JODHPUR** (Booking & Delivery Office) : F-670, Transport Nagar, Basni 2nd Phase
Phone : 0291-2633672, 2633675
Mobile : 98291-12119, 99295-82119

## REGIONAL OFFICES

### ✦ AHMEDABAD
No.2/A Raipur Co.op.Hsg. Ltd.
Opp. Diwan Ballubhai School
Kankaria Road
Tel.: 079-25467622 Mobile: 99099-46326
E-mail : ahmedabad@drtcindia.com

### ✦ AMRITSAR
164-165, O/s Ghee Mandi
Bali Singh Bhagwan Singh Road
Tel.: 0183-2702071, 3257294
Mobile : 98146-67119
E-mail : amritsar@drtcindia.com

### ✦ BANGALORE
No. C/341, 3rd Floor, 1st Main
6th Cross, 1st Stage
Peeniya Industrial Area
Mobile : 9742844119, 9343044739
E-mail : bangalore@drtcindia.com

### ✦ ERODE
Door No. 210, Park Road
Karungalpalayam Post
Tel. : 0424-2211836, 2224250
Mobile : 94430-39119
E-mail : erode@drtcindia.com

### ✦ JAIPUR
42, Madhobihari Mandir,
Sansar Chandra Road
Tel. : 0141-2370784, 2363828
Mobile : 98292-50119
E-Mail : jaipur@drtcindia.com

### ✦ KARNAL
Corner of Sector-3,
Namestay Chowk, G.T. Road
Tel.: 0184-2220098
Mobile : 98963-57119
E-mail : karnal@drtcindia.com

### ✦ LUDHIANA
2903/1, Near Telephone Exchange
Transport Nagar
Tel.: 0161-5086183, 4626183
Mobile : 98147-13119
E-mail : ludhiana@drtcindia.com

### ✦ MUMBAI
1206, 12th Floor, Ambience Court
Sector - 19/D, Vashi, Navi Mumbai
Tel.: 022-41291800, 41291808
Mobile : 9819857119, 9819887119
Email : mumbai@drtcindia.com

### ✦ SECUNDERABAD
101, 1st Floor
Suryakiran Complex, S.D. Road
Tel. : 040-69993119, 65152119
Mobile : 98852-82119
E-mail : Secunderabad@drtcindia.com

### ✦ SURAT
1587, Near Vitthal Dyeing
Umerwadi, Tekara
Tel. : 0261-2355036, 2323484
Mobile : 93770-66023
E-mail : surat@drtcindia.com

***Regular parcel service from & to for all the destinations of***

**RAJASTHAN, GUJARAT, HARYANA, MAHARASTRA, JAMMU & KASHMIR, PUNJAB, TAMIL NADU HIMACHAL PRADESH, ANDHRA PRADESH & TELANGANA, KARNATAKA, UTTAR PRADESH**

# आपणी बोली



- स्वाति जैसलमेरिया, जोधपुर

## मन मिर्ज़ा तन साहिबा

खम्मा घणी सा हुकम आज युवा वर्ग अब काम रे चक्कर में इता व्यस्त हूँ ग्या है कि वाणें कनें प्रेम री भावनाओं रे वास्ते टेम नहीं है। आज इन्हीं विषय पर बात करां..

हुकुम युवाओं री जिंदगी में काम रो दबदबों इत्तो बढ़ ग्यो है कि प्रेम री भावनाओं ने मानों भूल ही ग्या है। अब 'मैं' री जगह 'मीटिंग' और 'तुम' री जगह 'टारगेट' हूं ग्यों है। नौकरी रा बढ़ता प्रेशर में, अब 'I love you' नहीं बल्कि 'I'm busy' ही 'I love you' में बदल ग्यों है।

हुकुम केहवें कि... प्यार रे वास्ते दो गज जमीन काफी है पर आजकल रा युवा तो काम रे समुद्र में एड़ा डूब ग्या है कि अब वे बस आपरे 'डिवाइस' रे बारे में ही सोचे। 'प्रेम' शब्द रो प्रयोग अब बस मोबाइल री बैटरी ज्यों हूँ ग्यो... जण चाहवें चार्ज कर लेवें, वरना निकाळ लेवें। युवा अबे **'हृदय'** रो पाठ नहीं पढ़े बल्कि जॉब री **'हेडलाइन'** पढ़ण में व्यस्त रेहवें ।

हुक्म, सच कहूं तो युवा अबे प्यार रे बदले में 'प्रोफेशनलिज्म' ने आपरी प्रेमिका बणाली है। रोमांटिक डेट री बजाय 'ऑफिस टूर' पर चालनों, और दिल री बजाय 'डेडलाइन' रो मतलब समझण लाग ग्या हैं। अब प्रेमी प्रेमिका री यादों में खोया हुआ नहीं मिळे टारगेट्स में खोयोड़ा मिळे। अब सिर्फ 'तुम्हारे लिए' री बजाय सिर्फ 'ऑफिस रे' लिए केवता दिखें ।

हुकुम आज री युवा पीढ़ी ने काम रे चक्कर में प्रेम री भावनाओं रो अपहरण करण री बजाय, समय रो उपयोग सावधानी, सन्तुलन सूं करणों चहिजे। प्रेम और करियर दोनों ने संतुलित रूप सूं निभावण वास्ते समय रो प्रबंधन करणों महत्वपूर्ण है।

युवाओं ने समय सार्वजनिक और निजी जीवन रे बीच संतुलन करण री जरूरत है। घणी आत्मरक्षा और संतुष्टि रे लिए, वे आपरे कार्य में निवेश रे साथे ही प्रेम ने भी महत्व देवण रो प्रयास करें। समय रो सफल उपयोग करण सूं न केवल करियर में सफलता मिळे, बल्कि व्यक्तिगत जीवन में भी खुशियों रो संगम हुवें।

हुकम, सोचो कठैई ऐड़ो नी हुवै कि वे मोटी पगार रे चक्कर में स्वास्थ्य खो बैठे। आजकल युवाओं में 'नपुंसकता' तेजी सूं बढ़ी है, इनो कारण शारीरिक सूं ज्यादा 'मानसिक' है हुकम। पारिवारिक परिवेदनाओं रे निवारण में एड़ा खूब प्रकरण मिल रिया है। ऐड़ा कई दम्पति है जो प्रेम भूल ही ग्या है, छेड़ छाड़, हंसी मजाक, मस्ती, और प्रेम रो इजहार करण रा जीका नया नया तरीका काम लेवता,उणसुं जीवन साथी रीझ ने पाछा धोबा भर उण्डेलता.. पर हमें सुजियोड़ा मुंडा लेने कमरा में घुसे, और मुंडो दूजी साइड कर सो जावे। हुकुम लागे मर्द टाबर पैदा करने वे कोई तीर मार लियो है।

हुकम प्रेम एक सतत, नैसर्गिक क्रिया है, जीवन रो आधार है, इणरो नवीनीकरण भी जरूरी है। प्रेम शारीरिक सूं ज्यादा दिमागी व्हे, ओ हृदय रो भाव है, इणरे बिना अन्य सारा सुख बेकार है। प्रेम दो नहीं तो हुकम गृहस्थी री नाव डगमग हो सके। ध्यान आपने इज़ राखणो पड़ी, आखिर जीवन आपरो है नहीं तो उमर चढ्या ओ अपराध बोध रे सके कि दुविधा में दोउ गया माया मिली न राम। प्रेम री कुंजी तन मन दोई है हुक्म। एक कहावत भी है **मन मिर्जा तन साहिबा।** दोनों ने समुचित भोजण देवणो जरूरी है कारण दोनों एक दूजे सूं है हुकम।



# मुलाहिजा फ़रमाइये




ज्योत्सना कोठारी
मेरठ

- महफ़ूज़ रह न सकेगा, ज़माने में अब कोई भी,
  साज़िश हवाओं में है, दस्तरस में है कोई भी।
- किरदार ने मासुमियत अब ख़ुद ही नीलाम की है,
  आवारगी है चलन में, बहक सकता है कोई भी।
- जहरीले मंसूबे परोस रखे है पैकर में चाशनी के,
  दोष नही किसी का, निगल सकता है कोई भी।
- जगमग सी भले दिखती हो ये रहगुज़र मुकाम की,
  कालिख छिपी है मौके में, लपक सकता है कोई भी।
- दलदल है ख्वाहिशों की, हर अहलेकदम के नीचे,
  उड़ने की कोशिशों में, रपट सकता है कोई भी।
- बुलंदी की जिद में मशीनों के जंगल बसा लिए,
  चैन ओ सुकूँ की खातिर, भटक सकता है कोई भी।
- दिखावा है मुस्कुराहट, चोटिल है हसरतों के पर,
  जीस्त के समझौतों से, सिसक सकता है कोई भी।

## कार्टून कौतुक





**मानवता की सेवा में अपने योगदानों के कारण भामाशाह की उपाधि से सम्मानित समाज रत्न श्री नेमीचंद तोषनीवाल नहीं रहे। आपके स्वर्गवास से समाज की ही नहीं अपितु देश की भी अपूरणीय क्षति हुई है। आपके द्वारा देश हित में किए गए कार्य सेवा की अनूठी मिसाल है। आप श्री माहेश्वरी टाईम्स के संरक्षक भी थे।**

# नहीं रहे समाज के ''भामाशाह''
# श्री नेमीचंद तोषनीवाल


जूट बैलर्स एसोसिएशन के पूर्व सभापति तथा जूट व्यवसाय से लम्बे समय से संलग्न रहे, पूर्व कोलकाता माहेश्वरी सभा के सभापति तथा अनेकानेक संस्थाओं से जुड़े समाजसेवी श्री नेमीचन्द तोषनीवाल का 90 वर्ष की आयु में कोलकाता में स्वर्गवास हो गया। राजस्थान सरकार से 24 बार भामाशाह सम्मान प्राप्त नेमीचंद तोषनीवाल ने बिहार के किशनगंज मेडिकल कॉलेज में अपने भतीजे और संस्थान के सचिव जुगलकिशोर तोषनीवाल के आग्रह पर प्रसूति गृह का निर्माण भी कराया था। दूसरों की सेवा को जीवन का लक्ष्य बना कर चलने वाले श्री नेमीचन्द तोषनीवाल ने पूरे भारतवर्ष में पांच सौ से अधिक विद्यालयों में कक्ष बनवाए तथा 40 से अधिक विद्यालय भवन का निर्माण कराया। इसके अलावा 200 से ज्यादा विद्यालयों में पानी की टंकी बनवाई तथा बच्चों के लिए स्कूलों में हजारों कम्प्यूटर्स लगवाऐ।

### सदैव निःस्वार्थ सेवा के पक्षधर

अहंकार मुक्त नेमीचंदजी कभी भी विशेष मान-सम्मान के लिए लालायित नहीं रहे। गौशालाओं और अस्पतालों के लिए करोड़ों की राशि दान देने वाले नेमीचंदजी ने जहां कहीं भी पीड़ा देखी खज़ाना खोल दिया। बंगाल के कासीम बाजार व अन्य क्षेत्रों में अनेकों विद्यालयों व मंदिरों में योगदान देने वाले श्री तोषणीवाल कोरोना तथा गायों में लम्पी की बीमारी के समय भी सेवा में बराबर संलग्न रहे। वे सबको सदैव यही समझाया करते सेवा करो सेवा यही जीवन का सार है। शनिवार को नीमतल्ला शमशान घाट में उनके पुत्र विष्णु गोपाल तोषनीवाल ने उन्हें मुखाग्नि दी। समाजसेवी महावीर प्रसाद रावत सहित समाज और जूट व्यवसाय से जुड़े अनेकों प्रतिष्ठित जनों ने उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की।

---

## श्री लक्ष्मीनारायण परवाल




**धार।** माहेश्वरी समाज जिला धार के पूर्व अध्यक्ष, वैश्य महासम्मेलन के प्रदेश महामंत्री, केट के प्रदेश उपाध्यक्ष एवं वरिष्ठ कर सलाहकार महेशचन्द्र माहेश्वरी के पिता श्री लक्ष्मीनारायण माहेश्वरी धार सलकनपुर वालो का 87 वर्ष की उम्र में गत 05 मई को स्वर्गवास हो गया। आपकी शिक्षा जगत के क्षेत्र में पहचान एक श्रेष्ठ शिक्षक के रूप में थी, साथ ही आप एक कुशल खिलाड़ी भी थे। आप अपने पीछे पुत्र जगदीश, दिनेश, महेश, राधामोहन तथा पौत्र व प्रपौत्र सहित भरा पूरा परिवार छोड़कर गए।

## श्रीमती मन्नीबाई डांगरा



**धार।** समाज सदस्य बाबूलाल बद्रीलाल डांगरा की माता एरां सुनील डांगर (शाखा प्रबंधक जिला सहकारी बैंक- रतलाम एवं पूर्व अध्यक्ष रतलाम जिला माहेश्वरी सभा) अनिल, मुकेश एवं दीपक की दादीजी श्रीमती मन्नीबाई डांगरा का 107 वर्ष काछी बड़ौदा जिला धार का देहावसान गत 09 मई को हो गया है। आप अपने पीछे प्रपौत्र-प्रपौत्री आदि का भरापूरा परिवार छोड़ गई हैं।

*दिल समुद्र जैसा रखना,*
*नदियाँ खुद ही मिलने आयेंगी।*



**'हंस की तरह' राजनीति में भी अपनी अत्यंत स्वच्छ और सम्मानजनक छवि रखने वाले भाजपा के वरिष्ठ नेता तथा प्रदेश भाजपा प्रवक्ता इंदौर निवासी श्री गोविन्द मालू का गत 8 मई को असामयिक दुःखद निधन हो गया। भाजपा की राजनीति में जिन नेताओं को सुलझा हुआ, परिपक्व और तार्किक माना जाता है श्री गोविंद मालू उनमें से एक थे। आप मीडिया और भाजपा के बीच सेतु का काम करते थे और पार्टी के पक्ष में ऐसे टिप्पणीकार थे, जिसकी काट मिलना आसान नहीं है।**

## सदैव स्मृति में रहेंगे राजनीति के "हंस"

# गोविन्द मालू

म.प्र. खनिज विकास निगम के उपाध्यक्ष तथा भाजपा मीडिया प्रभारी के रूप में अपनी सफल भूमिका निभा चुके इंदौर निवासी श्री गोविन्द मालू वर्तमान में भाजपा को प्रदेश प्रवक्ता के रूप में अपनी सेवा दे रहे थे। इस चुनावी दौर में श्री मालू जैसे सुलझे हुए व्यक्तित्व की सेवाओं को भाजपा ने भी सराहा था। इसके साथ ही श्री मालू धार संसदीय क्षेत्र के लोकसभा चुनाव प्रभारी पद की जिम्मेदारी भी वहन कर रहे थे। वे जैसे ही 8 मई को अपने घर पहुँचे, विश्राम के दौरान ही दिल का दौरा पडने से उनका निधन हो गया। स्वच्छ छवि के धनी श्री मालू के देहावसान ने सम्पूर्ण राजनीतिक व सामाजिक क्षेत्र में शोक की लहर फैला दी।

### समाज से राष्ट्रसेवा का पथ

श्री मालू को राजनीति में सेवापथ का पथिक बनाने का श्रेय माहेश्वरी समाज संगठनों को दिया जा सकता है। श्री मालू ने माहेश्वरी समाज संगठनों में जो सेवा दी उन्होंने राजनीति के पथ पर भी उन्हें सम्बल दिया। श्री मालू का जन्म स्व. श्री घनश्यामदास व विद्यादेवी मालू के ज्येष्ठ पुत्र के रूप में इंदौर में हुआ था तथा यहीं पर स्कूली शिक्षा के साथ साथ एम.काम. तथा एल.एल.बी व साहित्यरत्न तक शिक्षा प्राप्त की। माता श्रीमती विद्यादेवी मालू बागली के सुप्रसिद्ध एडवोकेट स्व. श्री रामगोपाल जी ईनानी की सुपुत्री है। अतः पारिवारिक रूप से ही संस्कारों के रूप में सेवा भाव मिला। सामाजिक जीवन का सफ़र माहेश्वरी युवा संगठन, माहेश्वरी समाज इंदौर, माहेश्वरी सहकारी पेढ़ी से गुजरता हुआ पश्चिमांचल माहेश्वरी युवा संगठन के महामंत्री तक अपने दायित्व का बखूबी अंजाम देते हुए पंहुचा। श्री मालू ने अपनी लेखन प्रतिभा को समय के साथ-साथ 'स्वदेश' से लेकर 'दैनिक भास्कर' समाचार पत्र में खेल प्रतिनिधि के रूप में निखारा। आपके लेख नवभारत टाइम्स, दिनमान व अन्य राष्ट्रीय पत्रिकाओं में प्रकाशित होते रहे। अपने व्यक्तित्व के रचनात्मक पहलु को ''आनन्द गोष्ठी'' संस्था के माध्यम से शहर में पहचान दिलाई। आप इंदौर खेल पत्रकार संघ के दस वर्षो तक कोषाध्यक्ष रहे।

### सहकारी संस्थाओं के भी विशेषज्ञ

आकाशवाणी पर भी आपकी परिचर्चा व वार्ता प्रसारित होती रही थी। आप नेहरु स्टेडियम संचालन समिति के साथ-साथ इंदौर डिविजन क्रिकेट एसोसिएशन के वित्त समिति के दो बार अध्यक्ष व सहकारी संस्थाओ के भी विशेषज्ञ रहे। म.प्र. की कई सहकारी संस्थाओ में मार्गदर्शक के रूप में योगदान भी दिया। आपने कई कार्यकर्ताओं को सहकारी संस्थाओ से जोड़ा। इंदौर क्लाथ मार्केट को-आपरेटिव बैंक में 25 वर्षो तक अपनी सेवाए दी। शुभलक्ष्मी महिला को ऑपरेटिव बैंक का संचालन आपके मार्गदर्शन में हो रहा था। आप वर्तमान में राष्ट्रीय स्तर के अनेक सेवा प्रकल्पों से जुड़े हुए थे। स्वामी विवेकानंद योग अनुसंधान संस्था बैंगलोर (योग विश्वविद्यालय) की म.प्र. इकाई के संरक्षक भी थे। आपकी बहुमुखी प्रतिभा का सम्मान करते हुए प्रदेश के तत्कालीन मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने आपको राज्यमंत्री का दर्जा देते हुए मप्र खनिज विकास निगम का उपाध्यक्ष मनोनीत किया। वर्तमान में आप भारतीय जनता पार्टी मध्यप्रदेश के प्रदेश प्रवक्ता थे।


### उन्हीं के पदचिन्हों पर परिवार

आपने कई भागवत कथा व धार्मिक आयोजन शहर में करवाये। वैश्य महासभा में विशिष्ट जनप्रकोष्ठ के प्रदेश संयोजक भी आप थे। श्री मालू इंदौर के प्रतिष्ठित चिकित्सालय परमानंद हास्पिटल के ट्रस्टी थे व स्वामी परमानंद जी के विभिन्न प्रकल्पों के माध्यम से सक्रिय योगदान के साथ धार्मिक क्षेत्र के अनेक आयोजन सफलतापूर्वक संपन्न करवाने में महत्वपूर्ण व सक्रिय भूमिका का निर्वहन किया। छोटे भाई हरि व वासुदेव मालू तथा बहन रतलाम निवासी श्रीमती संतोष काकाणी धर्मपत्नी सीए माधव काकाणी भी सेवा क्षेत्र में सक्रिय रूप से अपना योगदान दे रहे हैं। आपकी धर्म पत्नी ऊष्मा मालू प्रदेश की पहली व संभवतः एकमात्र महिला को-आपरेटिव बैंक शुभलक्ष्मी को-आपरेटिव बैंक की दूसरी बार अध्यक्ष होने के साथ-साथ लेखिका भी हैं। आपके दो पुत्र लव-कुश व एक पुत्री सुरभी हैं। उनका भाई भतीजों का भरा पूरा परिवार आज भी एक तरह से संयुक्त परिवार ही है।


SONI
OFFICE MATE ®
Innovation is our tradition
GLUE STICK
For Neat & Clean Adhesion
Available in
8 g, 15 g,
25g, 35 g
GLUE STICK
Strong Adhesion
Non Toxic PVP
CORRECTION PENS
For Neat & Quick Correction
Available in
7ml, 9ml
CORRECTION TAPE
For Instant Correction
5mm x 6m
WHITEBOARD MARKER
WHITE BOARD
Non Stick, easy wipe
PERMANENT MARKER
PERMANENT
Permanent
HIGHLIGHTER
Available in 5 colours
HIGHLIGHTER
PAPER • COPY • FAX
CD / DVD MARKER
For permanent marking on Glass, Plastic, Wood, Metal & Any Plain Surface.
PAINT MARKER
Permanent Marking
for any surface
PAINT MARKER
Available in Colours
▪ Regular Tip
▪ Fine Tip
▪ Chisel Tip
WINDOW MARKER
(FLUORESCENT)
Can be used on
• Glass
• Acrylic Sheets
• Mica Boards
• LED Boards
• Any non-porous surface
DRY WIPE
FLUORESCENT Window
Available in eight colours
NOTE GRIP
For Counting Currency Notes without slipping
NOTE GRIP
Available in 10 g, 30 g, 53 g
STAMP PAD
STAMP PAD
Available in 3 sizes in all colours
ELECTION / INDELIBLE
INK MARKER PEN
INDELIBLE
INK
FOR ENQUIRIES DEALERSHIP, DISTRIBUTORSHIP & CNF PLEASE CONTACT-
SONI POLYMERS PVT. LTD.
ISO-9001-2008 CERTIFIED COMPANY
'Utkarsha-Vishakha, 42, Bajaj Nagar, Nagpur - 440 010 (INDIA)
Ph : 91-712-2236463, 2232002, 2221746 Fax : 91-712-2249598
E-mail : domestic@sonofficemate.com, export@sonofficemate.com
Website : www.sonofficemate.com

## खुश रहें - खुश रखें

# पूर्ण शांति कहीं नहीं मिल सकती, हम जहां हैं, जैसे हैं, उसी में संतुष्ट रहना चाहिए



पं. विजयशंकर मेहता
(जीवन प्रबन्धन गुरु)

**कहानी-** पंचतंत्र में मनुष्य और पशु-पक्षियों से संबंधित कई कहानियां बताई गई हैं। इन कहानियों में पशु-पक्षियों के माध्यम से बड़ी-बड़ी शिक्षाएं भी दी गई हैं। ऐसे ही एक हिरण को अपनी कमजोरियों पर बड़ा दुख हो रहा था। हिरण ने तप करके भगवान को प्रसन्न किया।

भगवान हिरण के सामने प्रकट हुए और बोले- 'तुम क्या चाहते हो?'

हिरण ने कहा- 'मैं ताकतवर बनना चाहता हूं।'

भगवान ने कहा- 'किसकी तरह?'

हिरण बोला- 'भेड़िये की तरह बना दो।'

भगवान हिरण को लेकर भेड़िये के पास पहुंचे तो भेड़िये ने कहा- 'कभी-कभी तो हाथी मुझसे ज्यादा ताकतवर हो जाता है।' इसके बाद हिरण हाथी के पास पहुंचा और पूरी बात बताते हुए कहा- 'अगर मैं तुम्हारी तरह ताकतवर बन जाऊं तो कैसा रहेगा?'

हाथी ने कहा- 'शेर मुझ पर आक्रमण कर देता है। वह सबसे अधिक ताकतवर है, जंगल का राजा है।' इसके बाद हिरण शेर के पास पहुंच गया। डरते-डरते हिरण ने शेर से कहा- 'क्या मैं आपके जैसा ताकतवर बन जाऊं? भगवान मेरे साथ हैं और पूछ रहे हैं कि मुझे किसके जैसा शक्तिशाली बनना है।'

हिरण की बात का शेर ने कोई उत्तर नहीं दिया। हिरण ने भगवान से पूछा- 'शेर ने कोई जवाब क्यों नहीं दिया?'

तब भगवान हिरण को लेकर इंसानों की दुनिया में आ गए। वहां हिरण को सर्कस में दिखाया कि शेर-हाथी पिंजरे में बंद हैं और खेल दिखा रहे हैं। हिरण को ये देखकर समझ आया कि सबसे बड़ा बलवान तो इंसान है। उसने भगवान से कहा- 'मुझे तो आप इंसानों की तरह बना दीजिए।' ये बात सुनकर भगवान हिरण को लेकर एक पागल खाने पहुंच गए। यहां भी इंसान ही हैं, इन्हें अपने इंसान होने का मतलब ही नहीं मालूम है। ये उदास हैं, अशांत हैं और विक्षिप्त हैं। इस संसार में पूर्ण शांति किसी को भी नहीं मिलती है। अपने से ऊपर देखोगे तो बेचैन हो जाओगे। अपने से नीचे देखोगे तो समझ जाओगे कि जो जहां है, वह वहीं श्रेष्ठ होता है, इसलिए नकल करना बंद करो।'

**सीख -** जानवर, इंसान और भगवान की ये कहानी हमें सीख दे रही है कि श्रेष्ठता हमारे अंदर ही है। हम उस श्रेष्ठता का उपयोग अपनी इच्छा के अनुसार कर सकते हैं।




## मखाना मोती



**सामग्रीः** 15-20 बड़े मखाने, दो चम्मच चॉकलेट पाउडर, चुटकी भर पीला रंग, एक कप खोया, एक चम्मच पीसी चीनी, एक चम्मच मलाई, एक छोटा चम्मच घी, सूखा मेवा मनपसंद ।

**विधिः** घी गर्म करके मखाने तल लें। खोया में मलाई, शक्कर मिलकर अच्छे से मिक्स करें। फिर इसके दो भाग बनाकर एक में पीला रंग और दूसरे में चॉकलेट पाउडर मिक्स करें। फिर एक-एक मखाना बीच में रखकर इसके ऊपर यह मिश्रण लगाकर गोल-गोल गोली बनाकर चॉकलेटी और पीले रंग के मखाने के मोती बनाएं।

## कार्तिक पुरी



**सामग्रीः** मैदा 1 कप, स्मैश किया हुआ पका केला आधा कप , कद्दूकस किया हुआ सेब 1/4 कप, शहद 2 बड़े चम्मच, नमक स्वाद अनुसार, सोडा एक चुटकी, दही दो चम्मच, तेल तलने के लिए।

**विधिः** सभी सामग्री मिलाकर पुरी के आटे की तरह गूंथ ले। आधा घंटा ढक कर रख दे। छोटी-छोटी लोई बनाकर उसकी पूरी बना ले। फिर इसे किसी भी आकर में कट कर करके गगरम घी या तेल में सुनहरा होने तक तल ले। और गरमा गरम पुरी सर्व करें।



शेफ पूनम राठी, नागपुर
विविधा कुकिंग क्लासेस
9970057423

**जल देवता**

वेद-पुराण-कुरान-बायबिल सहित सभी धर्मग्रन्थों ने भी कहा है- 'जल है तो कल है'।
इन्हीं सन्दर्भों से सन्दर्भित
**डॉ. विवेक चौरसिया**
के जल पर केन्द्रित लेखों का संग्रह 'जल देवता'.



जिनमें आप पायेंगे न सिर्फ भारतीय संस्कृति बल्कि सम्पूर्ण विश्व ने स्वीकारी है जल की महत्ता.

**Rs. 150/-**
डाक खर्च सहित

**खूबसूरती से जीएँ 55 के बाद**

55 के बाद की जिन्दगी सपनों का अन्त नहीं बल्कि उन्हें साकार करने का स्वर्णिम समय है. बस इसके लिए जरूरी है खूबसूरती से जीना कैसे जीएँ... इसी के सूत्र बताती है



**डॉ. एच.एल. माहेश्वरी**
की पुस्तक "खूबसूरती से जीएँ 55 के बाद".

**Rs. 120/-**
डाक खर्च सहित

**आपसे कहा जाता है -**
- संकट निवारण हेतु पानी में नारियल बहा दें।
- सांप दिखे तो काम टालें।
- नल को पानी टपकता न छोड़ें।

... और भी बहुत कुछ **तो फिर...**

**ऐसा क्यों?**
aisa kyon
जिसमें छुपा है आपके हर क्यों का जवाब



प्रश्न उठना स्वाभाविक है - "**ऐसा क्यों?**" लेकिन इसका उत्तर देगा कौन?
**इसका उत्तर देगी गहन अध्ययन से संजोई पुस्तक**

**Rs. 100/-**
डाक खर्च सहित

**ऋषिमुनि प्रकाशन**

90, विद्यानगर, साँवेर रोड, उज्जैन (म.प्र.) फोन - 0734-2526561, 2526761, मो. 094250-91161

LAL KITAB

# राशिफल संकेत सितारों के




पं. विनोद रावल
( ज्योतिर्विद )
फोन : 0734-2515326


## मेष

मेष राशि के जातकों के लिए यह महीना उतार-चढ़ाव वाला रहेगा। विदेश से संबंधित कार्यों में सफलता मिलेगी। बैंक बैलेंस में बढ़ोतरी होगी। प्रेम संबंधों एवं आत्मियता से भरा हुआ महीना रहेगा। परिवार में शुभ मांगलिक कार्य होंगे। आकस्मिक खर्च आ सकते हैं, दांपत्य जीवन में कुछ तनाव उत्पन्न हो सकता है। बिजनेस करने वाले जातकों को लाभ होगा। स्वास्थ्य पर ध्यान देना आवश्यक है। विद्यार्थियों की एकाग्रता में वृद्धि होगी। स्थाई संपत्ति में वृद्धि के योग प्रबल रहेंगे। आय के साधनों में वृद्धि के योग प्रबल रहेंगे।



## वृषभ

वृषभ राशि के जातकों के लिए यह महीना अत्यंत महत्वपूर्ण साबित होने वाला है। घर में शुभ मांगलिक कार्य होंगे। विद्यार्थी, व्यापारी या नौकरी पैसा जातक तीनों को लाभ होगा। व्यापारियों का कार्य क्षेत्र में विस्तार होगा। नौकरी पैसा जातकों के प्रमोशन के योग बनेंगे। पारिवारिक जीवन सुखद रहेगा। विदेश से संबंधित व्यापार व्यवसाय करने वाले जातकों को विशेष लाभ होगा। जो जातक विदेश यात्रा की लंबे समय से प्लानिंग कर रहे हैं, उनकी प्लानिंग पूरी होने का समय आ चुका है। स्वास्थ्य मध्यम रहेगा।



## मिथुन

मिथुन राशि के जातकों के लिए यह महीना उतार-चढ़ाव वाला रहेगा। नौकरी पैसा जातकों के सामने नई चुनौतियां खड़ी होगी। फिर भी अपनी युक्त के बल पर उन समस्याओं से उभर पाएंगे। व्यापार करने वाले जातकों को उनके प्रतिबंधित कड़ी टक्कर देंगे। लाभ की दृष्टि से यह महीना नो प्रॉफिट नो लॉस के सिद्धांत पर चलेगा। इस महीने आपको पाचन से संबंधित समस्याएं विशेष कर बड़ी आंत से संबंधी समस्याएं दिक्कत दे सकती हैं।



## कर्क

यह महीना अपनी मनोकामनाओं को पूरी करने वाला रहेगा। यदि बहुत लंबे समय से आपकी कोई योजना पेंडिंग है या कोई नया कार्य व्यवसाय करना चाहते हैं तो यह समय आपके लिए अत्यंत अनुकूल है। नौकरी पैसा जातक बहुत अच्छा प्रदर्शन करेंगे। व्यापारियों के समक्ष कुछ चुनौतियां रहेगी। महीने के पहले पखवाड़े में आप अच्छा लाभ अर्जित कर पाएंगे एवं उत्तरार्द्ध में व्यय भी। अत्यधिक यात्राएं संभावित हैं जिसके कारण आप अपने स्वास्थ्य एवं परिवार के ऊपर ध्यान नहीं दे पाएंगे।



## सिंह

सिंह राशि के जातकों के लिए यह महीना अपनी योजनाओं को फिर से एक बार पुनः अवलोकन की मांग करता है। आप जो भी कर रहे हैं उसके बारे में पुनः विचार करके आगे बढ़े। व्यापारियों के समक्ष नई चुनौतियां खड़ी होगी, जो जातक नौकरी पेशा हैं उनके ट्रांसफर के योग बन सकते हैं जो जातक अपने कॅरियर में कंपनी इत्यादि बदलना चाहते हैं उन्हें भी सफलता मिलेगी। कुल मिलाकर कार्य क्षेत्र की दृष्टि से यह महीना अनुकूल रहेगा। स्वास्थ्य नरम गरम रहेगा। पारिवारिक माहौल सुखद रहेगा। दांपत्य जीवन उत्तम रहेगा।



## कन्या

कन्या राशि के जातकों के लिए पारिवारिक एवं दाम्पत्य जीवन के हिसाब से यह महीना उत्तम नहीं है। ससुराल वालों से कहा सुनी हो सकती है। पति-पत्नी के बीच में दूरी बढ़ सकती है एवं गलतफहमियां बढ़ेगी। महीने के मध्य भाग में अनावश्यक यात्राओं से बचें। हर किसी के वाहन पर ना बैठे एवं वाहन सावधानी पूर्वक चलाएं। अपने स्वास्थ्य की चिंता करें एवं अपने मानसिक स्वास्थ्य का ध्यान रखें। आपको अज्ञात भय बना रहेगा। तीर्थ यात्रा एवं विदेश यात्रा योग भी बनेंगे जिस पर धन व्यय होगा।



## तुला

तुला राशि के जातकों के लिए यह महीना विशेष लाभप्रद नहीं है। आपके जीवन के हर क्षेत्र में सजग रहना होगा। शारीरिक मानसिक स्वास्थ्य, कार्य क्षेत्र, रिलेशनशिप इन सब मामलों में आपको विशेष सतर्कता सावधानी रखनी पड़ेगी। परिवार में माहौल सुखद रहेगा किंतु ससुराल में कोई शुभ मांगलिक कार्य हो सकता है। विद्यार्थियों के लिए अनुकूल समय रहेगा। संतान की ओर से चिंता बनी रहेगी। आय में पर्याप्त वृद्धि के योग बनेंगे। नवीन कार्य व्यवसाय प्रारंभ कर सकते हैं।



## वृश्चिक

वृश्चिक राशि के जातकों के लिए यह महीना सुखद परिणाम लेकर आ रहा है। लंबी दूरी की यात्राओं के योग हैं। व्यापार व्यवसाय करने में सुगमता रहेगी। कार्यक्षेत्र बढ़ेगा। नौकरी पैसा जातक के ट्रांसफर के योग बनेंगे। जो जातक बड़े-बड़े व्यापार कर रहे हैं, उनके पार्टनर उनके लिए चुनौती खड़ी कर सकते हैं। उनकी हर चाल पर नजर रखना जरूरी है। स्वास्थ्य की दृष्टि से समय उत्तम रहेगा। आर्थिक दृष्टि से महीना उत्तम रहेगा। दांपत्य जीवन सामान्य रहेगा। किसी भी विषय का निर्णय लेने में काफी समय लगेगा। अचानक धन प्राप्ति के योग बनते हैं।



## धनु

धनु राशि के जातकों के लिए इस महीने की शुरुआती दो हफ़्ते थोड़ी सजकता रखने के रहेंगे। यह महीना आर्थिक दृष्टि से भी आपके लिए ठीक नहीं है, अनावश्यक रूप से निवेश करने एवं जोखिम उठाने से बचें। परिवार में शांति का माहौल रहेगा। बिना बात के लड़ाई झगड़ा संभावित है। कृपया अपनी वाणी पर संयम रखें। खर्च बढ़ा हुआ रहेगा। यात्राएं संभावित है। चिंता एवं तनाव के कारण आपका पाचन बुरी तरह से प्रभावित हो सकता है, कृपया इसके प्रति सजग रहें।



## मकर

मकर राशि के जातकों के लिए यह महीना कई सौगातें लेकर आ रहा है। जो जातक व्यापार कर रहे हैं उनके व्यापार में वृद्धि होगी। नौकरी पेशा जातकों के कार्य क्षेत्र में अनुकूलता आवेगी एवं इच्छित स्थान पर जाने के योग बनेंगे। आर्थिक दृष्टि से लाभ होगा। यदि कोई पुराना मुकदमा इत्यादि चल रहा है, विशेष कर प्रॉपर्टी संबंधी तो उसमें सफलता मिलेगी। नए मकान, वाहन, भूमि इत्यादि खरीदने के योग बनेंगे। इस महीने समय आपके अनुकूल है। कृपया इस समय का भरपूर उपयोग करें।



## कुम्भ

यह महीना मिश्रित परिणाम लेकर आने वाला है। यदि आप व्यापार व्यवसाय कर रहे हैं तो व्यापार में वृद्धि भी होगी किंतु आपके प्रतिद्वंदी आपके लिए बड़ी चुनौतियां भी खड़ी करेंगे। जो जातक नौकरी पेशा हैं वह अपने कार्य क्षेत्र में कार्य पर ही ध्यान लगाए। एक दूसरे की बातचीत करने या शिकायत इत्यादि में रुझान ना बताएं। इस महीने आपको जमीन, मकान, वाहन इत्यादि खरीदी के योग बन सकते हैं। पुराना मकान इत्यादि बेचने की आपकी प्लानिंग हो तो उसमें लाभ हो सकता है। स्वास्थ्य उत्तम रहेगा चिंताएं बनी रहेगी।



## मीन

मीन राशि के जातकों के लिए यह महीना उत्तम रहेगा। इच्छित कार्यों में सफलता मिलेगी। साहस एवं पराक्रम का भाव बढ़ा हुआ रहेगा। बहुत समय से जिन कार्यों को कर पाने की हिम्मत नहीं कर पा रहे थे, उन कार्यों को करने की क्षमता आवेगी। बस आपको एक सजगता रखनी है कि साहस और दुःस्साहस के अंतर को भली भांति समझ लें। अचानक लाभ प्रदान करने वाले कार्यों से लाभ हानि दोनों संभावित है। सावधानी रखें नवीन कार्य व्यवसाय प्रारंभ करने से पहले एक बार पुनः विचार जरूर करें।



|| जय श्री गणेश ||

*With Best Compliments*



**Rahul Gandhi**
Director



**Ramesh Gandhi**
Managing Director



**Rohit Gandhi**
Director

# R.A. Kraft Paper Pvt. Ltd.

**PAPER & BOARD INDENTER & IMPORTOR**

## The Global Leader of

- Kraft Paper
- Waste Paper
- Duplex Paper
- News Print
- Imported Waste Paper

R.S. Kraft Paper Ltd.

**FIBRE IMPEX** Pvt. Ltd.

**HEAD OFFICE : 504, Suryakrian Complex, Opp. VNIT-1, Bajaj Nagar, Nagpur-10 (India)**
**Ph. : 0712-2220626, 2242412, 2249685, Fax : 0712-2243248 e-mail : info@rakraftpaper.com**

**MUMBAI : B-230, Sanjay Building No. 5B, Mittal Estate,**
**Andheri Kurla Road, Andheri (E) Mumbai-400059**
**Ph. : 022-42235000 Fax : 022-66915284**
**E-mail : mumbai@rakraftpaper.com**
**Website : rakraftpaper.com**

**BRANCHES : AURANGABAD, HYDERABAD, INDORE, KOLHAPUR, NASIK, PUNE, VAPI**




## Aditya Birla Group: Making a life changing difference

We work in 7,000 villages. Reach out to 9 million people. A glimpse:

**HEALTHCARE**

Over 100 million Polio vaccinations

5,000 Medical camps / 22 Hospitals: 1 million patients treated

Over 75 deaf and mute children moved from the world of silence to the sound of music through the cochlear implant.

Reach out to over 4,000 children. Extending financial support for the chemotherapy sessions. Encouraging them in a holistic manner to get back quickly on the road to recovery.

Engaged in prevention of cervical cancer through the administration of the HR-HPV vaccine in Maharashtra. Over 4,000 girls have been vaccinated.

More than 6,600 persons had their vision restored through the Vision Foundation of India

100,000 persons tested on 32 health parameters through HealthCubed

**EDUCATION**

Our 56 schools accord quality education to 46,500 students

Mid-day meals provided to 74,000 children

Solar lamps given to 4.5 lakh children in the hinterland

Foster the cause of the girl child through 40 Kasturba Gandhi Balika Vidyalayas

**SUSTAINABLE LIVELIHOODS**

100,000 people trained in skill sets

45,000 women empowered through 4,500 SHGs

200,000 farmers on board our agro-based training projects

And much more is being done through the Aditya Birla Centre for Community Initiatives and Rural Development, spearheaded by Mrs. Rajashree Birla. Because we care.

**NUMBERS MEAN A LOT**
**BUT A SMILE MEANS EVERYTHING!**

ADITYA BIRLA GROUP
Engage. Uplift. Empower






RNI-MPHIN/2005/14721
Po.-Malwa Division/244/2023-2025
**Despatch Date - 02 June, 2024**



If Undelivered Please Return To
**SRI MAHESHWARI TIMES**
90, Vidya Nagar (Behind Tedi Khajur Dargah)
Sanwer Road, UJJAIN (M.P.) - 456010
Ph. : 0734-2526561, 2526761 , Mo. : 94250-91161
E-mail : smt4news@gmail.com


https://www.facebook.com/smtmagazine/
https://srimaheshwaritimes.com